सूर्योदय 6:44 सूर्यास्त 5:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8 न्यू | 20 अधि |
| धर्मशाला | 14 न्यू | 23 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,216 |
| निफ्टी | 25,492 |

सोना 1,20,231 चांदी 1,48,010

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 10 नवंबर 2025 | 26 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 313, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702





# खेल अवसंरचना को मजबूत करने में जुटी सुक्खू सरकार

## प्रदेश के युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक दिशा में मोड़ने के प्रयास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक गतिविधियों की ओर संचारित करने के लिए खेल संस्कृति को मजबूत बनाने पर विशेष बल दे रही है। सरकार की यह पहल न केवल युवाओं को खेलों से जोड़ रही है, बल्कि उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में भी प्रभावी साबित हो रही है।

जानकारी के अनुसार, सुक्खू सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की है। ओलंपिक, शीतकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक में स्वर्ण पदक विजेताओं की राशि 3 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए कर दी गई है। रजत पदक विजेताओं को अब 3 करोड़ रुपए और कांस्य पदक विजेताओं को 2 करोड़ रुपए मिलेंगे। इसी तरह एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक पर 4 करोड़ रुपए, रजत पर 2.50 करोड़ और कांस्य पर 1.50 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।



**अंतरराष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की बढ़ाई पुरस्कार राशि**

राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण विजेताओं को 3 करोड़ रुपए, रजत विजेताओं को 2 करोड़ रुपए और कांस्य विजेताओं को 1 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जा रही है। खेल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए सरकार ने वर्ष 2023-24 और 2024-25 में लगभग 38 करोड़ रुपए व्यय किए हैं।

यह राशि कुल 74 खेल परियोजनाओं पर खर्च की गई। शिमला जिले के रामपुर बुशहर के दत्तनगर में 9.45 करोड़ रुपए की लागत से 50 खिलाड़ियों के ठहरने की क्षमता वाला खेल छात्रावास बनाया गया है। सिरमौर जिले के माजरा में 7.28 करोड़ रुपए की लागत से हॉकी एस्ट्रोटर्फ विकसित किया गया है। सरकार ने यह भी तय किया है कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को उस अवधि में विशेष अवकाश प्रदान किया जाएगा।

### खिलाड़ियों के लिए नई योजनाएं शुरू

**राज्य** सरकार ने खिलाड़ियों को संतुलित आहार उपलब्ध कराने के लिए भत्ता बढ़ाया है। प्रदेश से बाहर प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अब 200 किलोमीटर तक की दूरी के लिए एसी थ्री-टियर रेल किराया और लंबी दूरी के लिए इकोनॉमी क्लास हवाई किराया दिया जाएगा। साथ ही, उत्कृष्ट खिलाड़ियों को रोजगार देने के लिए तीन प्रतिशत खेल कोटा निर्धारित किया गया है।

# अहमदाबाद में दबोचे 3 आईएस आतंकी

## देशभर में कई जगह हमले करने की कर रहे थे प्लानिंग

**एजेंसी, अहमदाबाद**

गुजरात एटीएस ने आतंकी गतिविधियों में शामिल तीन लोगों को अहमदाबाद के अडालज से गिरफ्तार किया है। एटीएस टीम पिछले कुछ दिनों से इन पर नजर रख रही थी। पुख्ता जानकारी मिलने के बाद एटीएस ने रविवार सुबह तीनों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला है कि तीनों आईएसआईएस के लिए काम कर रहे थे। एटीएस को जानकारी मिली है कि आतंकी हथियार जमा करने के लिए गुजरात आ रहे थे और इनकी योजना देश में कई जगहों पर हमले करने की थी। तीनों आतंकी दो अलग-अलग मॉड्यूल का हिस्सा हैं।

ये आतंकी देश में किन जगहों पर हमला करने वाले थे, इसकी जांच शुरू कर दी गई है। गुजरात एटीएस दोपहर करीब 1:30 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आगे की जानकारी देगी। गुजरात एटीएस और केंद्रीय एजेंसियां अब इनके नेटवर्क, फंडिंग, ट्रेनिंग और विदेशी संपर्कों की कड़ियां जोड़ने में जुटी हैं। इनसे पूछताछ के बाद और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। (अनंत ज्ञान)



### दो यूपी से और एक हैदराबाद का निवासी

**गुजरात** एटीएस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए दो आरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, जबकि तीसरा आतंकी हैदराबाद का निवासी है। तीनों यूपी से गुजरात के अडालज पहुंचे थे। इनके पास से तीन पिस्तौल, 30 कारतूस और भारी मात्रा में केमिकल बरामद किया गया है।

### सीमा के पार बैठे आतंकियों से संपर्क

**एटीएस** के मुताबिक, आरोपियों की उम्र 20 से 25 साल के बीच है और ये भारत में आतंकी हमलों की साजिश रच रहे थे। इन आतंकियों को कुछ खास और संवेदनशील ठिकानों को निशाना बनाने के निर्देश दिए गए थे। ये तीनों आतंकी सोशल मीडिया ऐप्स के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हुए थे। जांच में यह भी सामने आया है कि इनका संपर्क सीमा पार बैठे आतंकियों से भी था।

### गुजरात एटीएस ने 4 महीने पहले भी पकड़े थे 4 आतंकी

**इससे** पहले गुजरात एटीएस ने अगस्त महीने में चार आतंकियों को गिरफ्तार किया था। इनमें से दो को गुजरात, एक दिल्ली और एक नोएडा से अरेस्ट किया गया था। चारों नकली नोटों के रैकेट और आतंकी संगठन से लोगों को जोड़ने का काम कर रहे थे। ये ऐसे एप्स का उपयोग कर रहे थे, जिसमें कंटेंट अपने आप डिलीट हो जाता है। चारों अल कायदा से जुड़े अल कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट के लिए काम कर रहे थे। ये सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और कुछ संदिग्ध ऐप्स के जरिए लोगों से संपर्क कर रहे थे।

## न्यूज शॉर्ट्स

### जापान में आया 6.7 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी, टोक्यो।** जापान में रविवार को इवाते प्रांत के तट के पास 6.7 तीव्रता का तेज भूकंप आया है। दोपहर 1:33 बजे आए झटके के बाद मौसम विभाग ने इवाते प्रांत के लिए सुनामी एडवाइजरी जारी की। इसके बाद इवाते के ओफुनातो शहर में तटीय इलाकों से 6,138 लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने का निर्देश दिया गया। मौसम एजेंसी के मुताबिक, ओफुनातो पोर्ट में 10 सेंटीमीटर ऊंची सुनामी की लहर दर्ज की गई। (अनंत ज्ञान)

### रूसी हेलिकॉप्टर क्रैश पांच लोगों की मौत

**एजेंसी, मॉस्को।** रूस के दागेस्तान राज्य में एक रूसी केए-226 हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। हेलिकॉप्टर नियंत्रण से बाहर होने के कारण जमीन से टकरा गया। मरने वालों में एक ही इलेक्ट्रो मैकेनिकल प्लांट के 4 कर्मचारी शामिल हैं। कंपनी ने 9 नवंबर को यह जानकारी दी। हादसे का कारण अभी पता नहीं चला है। हेलिकॉप्टर दागेस्तान के अची-सू गांव के पास कैस्पियन सागर क्षेत्र में गिरा। रूसी सरकारी मीडिया ने पहले बताया था कि यह हेलिकॉप्टर पर्यटकों को ले जा रहा था। केईएमजेडएक रक्षा कंपनी है, जो हवाई उपकरण बनाती है। मरने वालों में प्लांट के डिप्टी जनरल डायरेक्टर भी शामिल हैं। हेलिकॉप्टर का फ्लाइट मैकेनिक भी मारा गया। वहीं, दो लोग घायल हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### ममदानी के बाद सैकत सांसद बनने की रेस में

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** पिछले हफ्ते भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क मेयर चुनाव जीतकर इतिहास रचा। अब भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेट सैकत चक्रवर्ती का नाम चर्चा में है। नैंसी पेलोसी के रिटायरमेंट की घोषणा के बाद सैन फ्रांसिस्को की संसद सीट खाली हो गई है। अब 39 साल के सैकत को डेमोक्रेटिक नॉमिनेशन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। ममदानी की तरह सैकत भी अमेरिका में उभर रही प्रोग्रेसिव लीडर्स की नई पीढ़ी का हिस्सा हैं। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- महिला का शव एनएच पर रखकर किया चक्का जाम पेज 2
- शिमला में 25 से 31 दिसंबर तक होगा विंटर कार्निवाल -पेज 3
- परमजी-पप्र-परमयोग से जीवन में आएगी सुख-शांति : पुष्पिंद्रा -पेज 6
- पाड़छू में खाई में गिरी कार, महिला चालक की मौत, बहन गंभीर -पेज 9
- ड्राई स्पेल से सोलन अस्पताल में बढ़े सर्दी, खांसी, बुखार के मामले -पेज 12

# बुद्ध के उपदेश भारत-भूटान के बीच पवित्र सेतु : पीएम मोदी

## कहा- भूटान भेजे भगवान बुद्ध के अवशेष शांति और सौहार्द का संदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भूटान के नेतृत्व और उन लोगों की सराहना की, जिन्होंने भारत से लाए गए भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों का जबरदस्त श्रद्धा के साथ स्वागत किया। पीएम ने कहा कि बुद्ध के उपदेश दोनों देशों के बीच एक पवित्र कड़ी की तरह हैं।



बता दें कि भारत से भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों का एक हिस्सा शनिवार को भूटान की राजधानी थिम्फू स्थित प्रमुख मठ ताशिछो-डजोंग में स्थापित किया गया। इसे भूटान के सर्वोच्च आध्यात्मिक और राजनीतिक संस्थानों का केंद्र माना जाता है। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे, मंत्रियों और केंद्रीय धार्मिक निकाय के वरिष्ठ लोफेंस ने भारत के सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्री वीरेंद्र कुमार के साथ इस स्थापना समारोह में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 'भारत से लाए गए भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों का आदरपूर्वक स्वागत करने के लिए भूटान के लोगों और नेतृत्व को हार्दिक धन्यवाद।' उन्होंने यह भी कहा कि ये अवशेष शांति, करुणा और सौहार्द का शाश्वत संदेश देते हैं। मोदी ने कहा कि भगवान बुद्ध के उपदेश भारत और भूटान की साझा आध्यात्मिक धरोहर के बीच एक पवित्र कड़ी की तरह हैं। थिम्फूस्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, भगवान बुद्ध के इन पवित्र अवशेषों को ताशिछो-डजोंग के ग्रैंड कुएनरे हॉल में पारंपरिक चिपड्रेल जुलूस, प्रार्थनाओं, धार्मिक अनुष्ठानों और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्थापित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### उत्तराखंड का परिचय 'आध्यात्मिक शक्ति'

**देहरादून।** उत्तराखंड की रजत जयंती पर 9 नवंबर को प्रधानमंत्री पीएम मोदी देहरादून पहुंचे। फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट में 29 मिनट के भाषण की शुरुआत उन्होंने गढ़वाली बोली में की। इसके बाद उन्होंने सभी उत्तराखंडियों को राज्य गठन के 25 साल पूरे होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि तीर्थाटन और बरामासी पर्यटन उत्तराखंड को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, राज्य का असली परिचय उसकी आध्यात्मिक शक्ति है। ये दुनिया की स्पिरिचुअल कैपिटल के रूप में स्थापित हो सकता है। पीएम ने मंच से बटन दबाकर 8140 करोड़ रुपए की योजनाएं भी शुरू कीं।

# राहुल बोले-मोदी व शाह ने लोकतंत्र का किया नुकसान

**एजेंसी, भोपाल।** मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर वोट चोरी का मुद्दा उठाया। राहुल ने कहा कि हरियाणा में 25 लाख वोटों की चोरी हुई। हर आठ में से एक वोट चोरी किया गया। ये बीजेपी और इलेक्शन कमीशन का सिस्टम है। मध्य प्रदेश में भी ऐसा हुआ है। हमारे पास सबूत हैं, जो हम आहिस्ते आहिस्ते दिखाएंगे। राहुल ने कहा कि मेन मुद्दा वोट चोरी है, जिसे अब विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से कवर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह मिलकर लोकतंत्र का नुकसान कर रहे हैं। इससे पहले रविवार सुबह राहुल गांधी ने पचमढ़ी में जंगल सफारी की। वे सुबह 6:14 बजे रविशंकर भवन से काफिले के साथ निकले। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के पनारपानी गेट तक 10 किलोमीटर अपनी गाड़ी में सफर किया। फिर खुली जीप में पनारपानी और बारासेल तक घूमे। 8:56 बजे रविशंकर भवन लौटे। रविशंकर भवन में पार्टी पदाधिकारियों से बात करने के बाद राहुल, गांधी चौक पहुंचे। जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां मौजूद बच्चों से भी मिले। इससे पहले शनिवार को राहुल गांधी ने पचमढ़ी के होटल हाईलैंड में जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित किया था। (अनंत ज्ञान)



**वोट चोरी के सच को एसआईआर से कवर कर रहे**

# शिमला की महिला एसडीएम की एआई जनरेटेड तस्वीरें वायरल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला की एक महिला प्रशासनिक अधिकारी (एसडीएम) के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर कई फर्जी अकाउंट बनाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने फर्जी प्रोफाइल बनाकर उस पर एआई से तैयार आपत्तिजनक तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसको लेकर रविवार को अधिकारी ने न्यू शिमला महिला पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 78, 79 और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 67 (ए) के तहत पंजीकृत किया गया है। उन्होंने शिकायत में बताया कि हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर इसी तरह के अकाउंट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से उनकी बनाई गई आपत्तिजनक फोटोग्राफ देखी हैं। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करवाई। उल्लेखनीय है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग करके लोगों के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बनाने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसको देखते हुए साइबर एक्सपर्ट ने लोगों को विशेष एहतियात बरतने की अपील की है।

**आरोपी ने फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाकर पोस्ट कीं, एफआईआर दर्ज**

### एआई का किया जा रहा गलत इस्तेमाल

**डीपफेक** और फेस मॉर्फिंग तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व मशीन लर्निंग का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति के चेहरे, आवाज या हावभाव को बदलकर ऐसा फर्जी वीडियो या फोटो तैयार किए जाते हैं। यह देखने में पूरी तरह असली लगते हैं। इनका उपयोग लोगों की प्रतिष्ठा को धूमिल करने, अफवाह फैलाने या वित्तीय लाभ के लिए ब्लैकमेलिंग में किया जाता है। कई बार ऐसे वीडियो राजनीतिक, सामाजिक या व्यक्तिगत स्तर पर गलत सूचनाएं फैलाने के लिए भी इस्तेमाल किए जाते हैं। इससे समाज में भ्रम और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। किसी भी फोटो पर विश्वास करने से पहले उसके स्रोत और प्रमाणिकता की जांच करें और बिना पुष्टि किए किसी भी भ्रामक या संदिग्ध सामग्री को सोशल मीडिया पर शेयर या फॉरवर्ड न करें।

# बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का प्रचार थमा

**एजेंसी, पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 122 सीटों पर रविवार शाम 5 बजते ही चुनाव प्रचार खत्म हुआ। इन सीटों पर वोटिंग 11 नंवबर को होनी है। 14 नवंबर को रिजल्ट आएगा। दूसरे चरण के मतदान से पहले भारत-नेपाल सीमा पर निगरानी बढ़ाई गई है। बॉर्डर को 11 नवंबर की रात तक सील की गई। इस दौरान सीमा पर लोगों के आने-जाने पर रोक है। प्रचार के आखिरी दिन सीएम नीतीश कुमार कैमूर के चैनपुर में जमा खान के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे। लालू का बिना नाम लिए उन्होंने कहा कि खुद हटे तो पत्नी को सीएम बना दिया। वे केवल परिवार का सोचते हैं। वहीं, लालू के छोटे बेटे और आरजेडी के सीएम प्रत्याशी तेजस्वी यादव ने रविवार को बिहार में कुल 16 जनसभाओं को संबोधित किया। राहुल गांधी ने किशनगंज और पूर्णिया में जनसभा की। उधर, यूपी के मुख्यमंत्री योगी ने भी 4 रैलियां कीं। (अनंत ज्ञान)

**122 सीटों पर वोटिंग कल, नतीजे 14 को**

### नीतीश बोले-आरजेडी ने बिहार के लिए कुछ नहीं किया

**बिहार** के औरंगाबाद के नबीनगर में चुनावी रैली में नीतीश कुमार ने कहा कि आरजेडी सरकार ने बिहार के लिए कुछ नहीं किया। लोग रात में बाहर भी नहीं निकल सकते थे। हमारी सरकार बने 20 साल हो गए हैं और तब से हमने बहुत काम किया है। हमने शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में कई सुधार किए हैं। वहीं, आरजेडी सांसद और लालू यादव की बेटी मीसा भारती ने कहा कि महागठबंधन के शपथ में प्रधानमंत्री मोदी को भी बुलाएंगे। वे हमारे भी प्रधानमंत्री हैं। अपने भाई तेजप्रताप की सिक्योरिटी बढ़ने पर कहा कि यह सरकार का मामला है, वही जाने क्यों बढ़ाई गई है सुरक्षा।



# हिमाचल के पूर्व मुख्य सचिव की पुनर्नियुक्ति कानूनी विवादों में

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला पूर्व मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना को हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड के अध्यक्ष के रूप में पुनर्नियुक्त करने के फैसले ने एक राजनीतिक और कानूनी विवाद को जन्म दे दिया है। हिमाचल सरकार के सचिव, एमपीपी और ऊर्जा को लिखे एक सख्त पत्र में कई कथित उल्लंघनों का हवाला देते हुए अधिसूचना को तुरंत वापस लेने की मांग की गई है। कैप्टन अतुल शर्मा द्वारा लिखे गए इस पत्र में दावा किया गया है कि यह पुनर्नियुक्ति उच्च न्यायालय के मामले CWPIL संख्या 201/2017, दिनांक 19 दिसंबर, 2017 के आदेश का सीधा उल्लंघन है। विवाद को बढ़ाते हुए पत्र भेजने वाले ने कहा है कि उनके पास यह मानने का कारण है कि सक्सेना की पुनर्नियुक्ति के लिए सतर्कता मंजूरी/अखंडता प्रमाण पत्र को हिमाचल सरकार ने स्वयं अस्वीकार कर दिया था। पत्र में आरोप लगाया गया है कि यह पुनर्नियुक्ति को अवैध बनाता है और यह कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की दिनांक 09/10/2024 की संशोधित दिशानिर्देशों का उल्लंघन है। इसके अलावा, शिकायतकर्ता का दावा है कि यह कदम उच्च न्यायालय द्वारा अनिवार्य कार्मिक मामलों की हैंडबुक के अध्याय- 22 की भावना के भी विरुद्ध है।

**वेलकम** शिमला आते ही मां हाटेश्वरी के किए दर्शन, लोगों ने ली सेल्फी

# विश्व विजेता क्रिकेटर रेणुका का जोरदार स्वागत

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** भारतीय महिला विश्व कप विजेता तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर रविवार को अपने गृह नगर लौट आई है। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रोहड़ू से संबंध रखने वाली रेणुका महिला क्रिकेट विश्व कप-2025 का खिताब जीतने के बाद पहली बार घर लौटीं, तो उनका जोरदार स्वागत हुआ।

रेणुका के परिजनों, क्षेत्रवासियों और स्थानीय प्रशासन ने फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। रेणुका ठाकुर जैसे ही शिमला पहुंची, उन्होंने सबसे पहले मां हाटेश्वरी माता के दर्शन किए। रेणुका ने अपनी कुलिष्ट देवी के चरणों में शीश नवाया और विशेष पूजा अर्चना की। वहां मौजूद लोगों ने खूब सेल्फी भी ली।

मां हाटेश्वरी के दर्शन के बाद उपमंडल प्रशासन समेत स्थानीय विधायक मोहनलाल ब्राक्टा ने भी उनका स्वागत किया। महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 में रेणुका सिंह ठाकुर का शानदार प्रदर्शन रहा है। रेणुका ने पूरे वर्ल्ड कप में भारत के लिए 7 मैच में से 5 मैच खेले हैं, जिनमें उन्हें तीन बहुमूल्य विकेट मिले हैं। रेणुका को भले ही विकेट कम मिले हों, लेकिन उन्होंने अपनी किफायती गेंदबाजी से हर मुकाबले में विपक्षी टीम पर बड़ा दबाव बनाए रखा था। बता दें कि बीते दिनों महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद जब भारतीय क्रिकेट टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिली। इस दौरान पीएम मोदी रेणुका सिंह ठाकुर से बातचीत करते हुए भावुक को गए। पीएम मोदी ने कहा कि रेणुका आपकी मां को तो मैं विशेष प्रणाम करना चाहूंगा कि उन्होंने सिंगल पेरेंट्स होने के बावजूद आपके लिए इतनी मेहनत की, घर जाकर आप उन्हें मेरा प्रणाम जरूर कहना।



### अब महिला प्रीमियर लीग में ऊंची बोली लगने की उम्मीद

**शिमला।** जिला शिमला के रोहड़ू उपमंडल के पारसा गांव की बेटी व भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्विंग गेंदबाज रेणुका ठाकुर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में महिला विश्व कप जीतने के बाद अब रेणुका के क्रिकेट करियर में एक नया मोड़ आया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने उन्हें आगामी महिला प्रीमियर लीग सत्र के लिए टीम से मुक्त कर दिया है। हालांकि, यह किसी झटके से अधिक एक नया अवसर माना जा रहा है, क्योंकि नीलामी में रेणुका पर ऊंची बोली लगने की पूरी संभावना है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम के प्रयासों से बदल रही नादौन की तस्वीर

**अनंत ज्ञान, नादौन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के अथक प्रयासों से नादौन शहर की तस्वीर तेजी से बदल रही है। नगर परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बताया कि खरीड़ी मैदान में 120 करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश का पहला अंतरराष्ट्रीय इंडोर स्टेडियम बनाया जा रहा है, जिसमें 17 तरह के खेलों और एयर शूटिंग की सुविधा होगी। साथ ही हॉकी और फुटबाल के लिए भी आधुनिक व्यवस्था की जा रही है। ब्यास नदी पर जलक्रीड़ा खेल को बढ़ावा देने के लिए 70 करोड़ की लागत से टूरिस्ट स्पॉट और 120 करोड़ से वेलनेस सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। नादौन में हेलीपैड का निर्माण पूरा हो चुका है और हमीरपुर में भी हेलीपैड बन रहा है। सभी वार्डों में हेल्थ वेलनेस सेंटर खोले जा रहे हैं, जबकि 35 करोड़ की लागत से पांच सितारा टूरिज्म होटल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सोनी ने इन विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

### नाल्टी की टीम ने जीता भोरंज वॉलीबाल टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** कला एवं खेल मंच भोरंज के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट का समापन जोश और उत्साह के साथ हुआ। प्रतियोगिता में क्षेत्र की 10 टीमों ने भाग लिया और खेल भावना तथा एकता का परिचय दिया। समापन अवसर पर हिमाचल यूथ कांग्रेस डॉक्टर सेल के राज्य चेयरमैन डॉ. आशीष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। फाइनल मुकाबले में नाल्टी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ढोह को पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता टीम को 7100 रुपये नकद राशि और स्मृति चिन्ह, जबकि उपविजेता ढोह को 5100 रुपये पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की गई। डॉ. आशीष ने खिलाड़ियों को खेलों में अनुशासन और टीम भावना अपनाने की प्रेरणा दी। संस्था के उपाध्यक्ष कैप्टन राकेश ने बताया कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।

### आज के बच्चे ही कल का भविष्य: रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर विधायक कैप्टप रणजीत सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौरी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे। विधायक का विद्यालय में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने मां सरस्वती को नमन कर व दीप प्रज्वलित कर की। बच्चों द्वारा बनाई गई कला कृतियों का अवलोकन करने के बाद प्रधानाचार्या ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं और उनके सुरक्षित व उज्जवल भविष्य की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारण और मेहनत का संदेश दिया। विधायक ने ₹11,000 की प्रोत्साहन राशि देकर मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम में अभिभावक, स्टाफ और कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सुनील गोल्डी को मिली उपाध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल प्रदेश में आम आदमी पार्टी ने जिला कार्यकारिणी की नई टीम का ऐलान किया है। प्रदेश प्रभारी एवं दिल्ली की किराड़ी विधानसभा सीट से पूर्व विधायक ऋतुराज झा ने इस नई टीम में जिला स्तर पर नियुक्तियों की घोषणा की। जिला हमीरपुर की नादौन विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले तेजतर्रार नेता सुनील कुमार गोल्डी को जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर पत्रकारों से बातचीत में गोल्डी ने कहा कि वे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संदीप पाठक, पूर्व मंत्री गोपाल राय और प्रदेश प्रभारी ऋतुराज झा का तहेदिल से धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि वे मेहनत, लगन और ईमानदारी से पार्टी को मजबूती देने और लोगों के हकों की आवाज बुलंद करने का काम करेंगे। गोल्डी ने आगामी पंचायती राज चुनाव के लिए जिला हमीरपुर में पार्टी की सक्रिय भूमिका निभाने का भरोसा भी दिया।

### शौर्य ठाकुर के इलाज के लिए दी सहायता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजपूत महासभा हमीरपुर ने इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, शिमला में इलाजरत 14 वर्षीय शौर्य ठाकुर के उपचार के लिए समाज के सदस्यों की मदद से मात्र दो दिनों में आर्थिक कमी पूरी कर दी। शौर्य की टांग कट जाने के बाद उसका परिवार इलाज में आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहा था। सभा के महासचिव को न्यूज चैनल के माध्यम से जानकारी मिलने के बाद, परिवार के लिए गूगल पे और बैंक अकाउंट नंबर मीडिया ग्रुप में साझा किए गए। दो दिनों में दर्जनों सदस्यों ने मदद प्रदान की, जिससे शौर्य के माता-पिता को इलाज में कोई समस्या नहीं आई। महासभा ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी शौर्य के इलाज के लिए हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी और समाज के अन्य संगठनों से भी जरूरतमंदों की मदद का आह्वान किया।

### कांगड़ा बना बास्केटबाल टूर्नामेंट का विजेता

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टौणी देवी में आयोजित अंडर-19 जय माता टौणी देवी राज्य स्तरीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में डीएवी कांगड़ा ने स्पोर्ट्स हॉस्टल पपरोला को 66-48 से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 21 हजार रुपये और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता पपरोला को 15 हजार रुपये और ट्रॉफी दी गई। दोनों टीमों ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई थी। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि राजकुमार बहल और सब-इंस्पेक्टर टीटू राम ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। बास्केटबॉल कमेटी के अध्यक्ष विजय कुमार मलकानियां और महासचिव राजेश कुमार बहल ने प्रतियोगिता की सफलता में टीम भावना और स्थानीय सहयोग की अहमियत बताई।

### राष्ट्रीय परिसंवाद में प्रस्तुत हुए 68 शोध-पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** नेरी स्थित ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी, सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी, इग्नू शिमला क्षेत्रीय केंद्र व नालन्दा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद %हिमाचल प्रदेश की सामाजिक संरचनाः निरंतरता और परिवर्तन% का समापन सत्र रविवार को संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि दिल्ली के उद्योगपति प्रेम राणा रहे। संस्थान निदेशक डॉ. चेतराम गर्ग ने प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। आचार्य डॉ. शांति देव सिसोदिया ने लोक संस्कृति और परंपराओं पर अपने विचार साझा किए। प्रकाश चंद शर्मा ने संस्थान की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। परिसंवाद में 175 आचार्य, शोधार्थी और विद्यार्थी शामिल हुए, और 7 तकनीकी सत्रों में कुल 68 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। उपाध्यक्ष सुरेंद्रनाथ शर्मा ने अतिथियों एवं उपस्थित गणमान्यों का धन्यवाद किया।

# महिला का शव एनएच पर रखकर किया चक्का जाम

## सासन गांव की महिला की मौत पर परिजनों का आक्रोश, पुलिस व प्रशासन की कार्रवाई में लगाए लापरवाही का आरोप

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**



झनियारी में महिला के शव को लेकर आक्रोशित भीड़ ने ढाई घंटे रोके रखा नेशनल हाईवे, पुलिस प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी।

**झनियारी।** सासन गांव में बीते दिनों हुई एक सनसनीखेज वारदात में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पीजीआई चंडीगढ़ में दम तोड़ने वाली महिला के परिजनों और अन्य रिश्तेदारों ने रविवार सुबह करीब 11:00 बजे नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। वे अर्थी लेकर सड़क पर पहुंचे और जिस वाहन में उन्होंने अर्थी रखी हुई थी, उसे सड़क पर खड़ा कर दिया। फिर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते रहे। उनका कहना था कि पुलिस ने कमजोर धाराएं लगाकर इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। जिस कारण वे नेशनल हाईवे पर धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर हो गए हैं।

उनका कहना था कि जिस तरीके से यह घटना हुई है, अब उनके परिवार में अपाहिज बेटे को कौन देखेगा। उसकी परवरिश कौन करेगा। यह पुलिस प्रशासन इसका कोई जिम्मा लेगी? बेटे की मां तो चली गई है। हालांकि बाद में जिला प्रशासन के वहां पहुंचने पर जब परिजन किसी भी हालत में लगाए गए जाम को हटाने से मना करने लगे, तो फिर डीसी अमरजीत सिंह और एसपी भगत सिंह ठाकुर मौके पर पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से परिजनों की मोबाइल फोन पर बातचीत कार्रवाई। उन्हें भरोसा दिलवाया कि सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उसके बाद तकरीबन 1:30 बजे आक्रोशित भीड़ ने नेशनल हाईवे को खाली किया और वह उक्त महिला की अंतिम यात्रा के लिए रवाना हो गए।

बता दें कि नाबालिग बच्चे ने घास काटने गई इस मृतक महिला के ऊपर हमला किया था। इस कारण उसका कान कट गया था, उसके गले में भी गहरा जख्म हो गया था। उपचार के लिए उसे गंभीर अवस्था में चंडीगढ़ रेफर किया गया था, लेकिन तीसरे रोज घायल महिला ने वहां दम तोड़ दिया। उसका शव बीते रोज लाया गया था व आज उसका अंतिम संस्कार होना था। गांव के लोगों ने सुबह जब शव यात्रा पर निकलना था, तो उसके बाद वे एनएच पर पहुंच गए व गुस्से में उन्होंने पुलिस की कार्रवाई पर कई सवाल उठाए। बताया जा रहा है कि नाबालिग युवक चिट्टे का सेवन करता है।

### एनएच पर लगी वाहनों की लंबी-लंबी कतारें

**नेशनल** हाईवे के जाम होने की वजह से न तो हमीरपुर से नादौन की तरफ और न ही नादौन से हमीरपुर की तरफ वाहनों की आवाजाही हो सकी। दोनों तरफ लंबी-लंबी कतारें वाहनों की लग गई। जिससे यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### एनएच रोकने वालों के खिलाफ होगा केस: एएसपी

**एएसपी** राजेश कुमार जो खुद मौके पर पहुंचे हुए थे, उनका कहना था कि जिन्होंने नेशनल हाईवे रोका है उनके खिलाफ मामला भी दर्ज होगा, क्योंकि नेशनल हाईवे को किसी भी सूरत में रोक नहीं जा सकता और वह भी काफी देर तक रोका गया।

# चुनाव में जीत या हार मायने नहीं रखती, सेवा भाव से दिल जीतते हैं लोग: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सराहकड़ पंचायत के भरेटा गांव में सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा आयोजित महिला सम्मान समारोह में मौजूदा सुक्खू सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने हमीरपुर जिला में अपनी सरकार के कार्यों को गिनाया और कहा कि चुनाव जीतना या हारना उनका मकसद नहीं है, बल्कि समाज सेवा उनके लिए सर्वोपरि है। उन्होंने सुजानपुर के पूर्व विधायक और ट्रस्ट संस्थापक राजेंद्र राणा की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि राणा समाज सेवा के 25 साल से निरंतर जुड़े हैं और उनके प्रयासों की खुशबू पूरे प्रदेश में फैली है।

ठाकुर ने वर्तमान सरकार पर आरोप लगाया कि 'व्यवस्था परिवर्तन' की बात तो की जाती रही, लेकिन असल में कई संस्थान बंद कर दिए गए। उन्होंने हमीरपुर मेडिकल कॉलेज, मिनी सचिवालय जैसी परियोजनाओं का श्रेय अपनी सरकार को दिया और कहा कि वर्तमान सरकार इन कार्यों को भी उचित रूप से नहीं चला पाई। साथ ही उन्होंने प्रतिशोध की राजनीति और अपने विधायकों पर केस दर्ज करवाए जाने की निंदा की।



### सीएम झूठ बोलने में पहले स्थान पर: राजेंद्र राणा

**ट्रस्ट** के संस्थापक राजेंद्र राणा ने सरकार पर सीधे तंज कसते हुए कहा कि सीएम सुक्खू झूठ बोलने के मामले में देश के इतिहास में पहले स्थान पर रहेंगे और कांग्रेस को उनके लिए मेडल देना चाहिए। उन्होंने कई घोटालों का खुलासा किया और कहा कि सरकार अढ़ाई साल में ही 40,000 करोड़ से अधिक कर्ज चढ़ा चुकी है।

### ट्रस्ट दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा रखेगा जारी: अभिषेक

ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक राणा ने कहा कि पूर्व जयराम ठाकुर सरकार की हिम केयर योजना बंद होने से गरीबों के लिए उपचार कठिन हो गया। ट्रस्ट ने स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए दूरस्थ क्षेत्रों में मुफ्त मेडिकल कैंप आयोजित किए और विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध करवाई। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से वैक्सीनेशन प्रोजेक्ट भी अंतिम चरण में है। ट्रस्ट का समाज सेवा का कार्य इसी तरह निरंतर जारी रहेगा।

# राजेंद्र राणा के कार्यक्रम में जुटी भीड़ और तिकड़ी की मौजूदगी से हमीरपुर की राजनीति में गरमाई सियासी हवा

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

- जयराम ठाकुर के हमीरपुर दौरे ने राजनीतिक माहौल में नई हलचल मचाई
- पूर्व विधायक और अन्य नेताओं की एकजुटता ने दिखाया सियासी दम

**हमीरपुर।** बैनर चाहे सर्व कल्याणकारी संस्था का रहा हो, लेकिन पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के नेतृत्व वाली इस संस्था के कार्यक्रम में जुटी भीड़ और तिकड़ी की मौजूदगी हमीरपुर जिला की राजनीति में फिर सियासी माहौल को गरमाने का काम कर गई है। पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर की मौजूदगी वाले इस कार्यक्रम में शब्द बन खास रहे माहौल इसलिए अलग था क्योंकि इस तरह के कार्यक्रम में न केवल पूर्व मुख्यमंत्री ने हमीरपुर जिला के विकास के उनके कार्यकाल में हुए कामों को गिनवाया बल्कि मुख्यमंत्री के इस गृह जिला में उन पर भी खास हमले करके गए हैं।

यह कार्यक्रम इसलिए भी चर्चा में हो गया है क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और उनके लंबे समय से चली आ रही सियासत को भी नए माहौल में परोसने के लिए इशारा करने का प्रयास किया गया है। कारण यह भी है की पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर भी यहीं से हैं। उनकी इस कार्यक्रम में मौजूदगी नहीं थी। पिछली बार इसी तरह का सभा का सालाना कार्यक्रम सुजानपुर में हुआ था तब भी चर्चा खूब हुई थी।

खास बात क्या है कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की यहां मौजूदगी हुई वह भी ऐसे माहौल में जहां तिकड़ी भी मौजूद थी। यानी बड़सर के विधायक इंद्रद लखनपाल हमीरपुर के आशीष शर्मा और खुद पूर्व विधायक राजेंद्र राणा का तो यह कार्यक्रम था ही। स्वागत भी खूब हुआ, ढोल नगाड़े भी खूब बजे, लेकिन प्रदेश की राजनीति की बात छोड़ भी दें, तो हमीरपुर जिला की सियासी तस्वीर में यह कार्यक्रम खास मायने रखता है। इसमें जिन लोगों की मौजूदगी हुई वे भी बदली परिस्थितियों में अब हालात समझने लगे हैं। इसीलिए सर्दी के शुरू हुए इस मौसम में राजनीतिक गलियारों में कार्यक्रम की गर्माहट निश्चित रूप में कईयों के लिए सियासत के नए रंगों को तैयार करने का काम कर गई है।

दरअसल में हमीरपुर जिला की भाजपा की नई राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर अब नई तिकड़ी के सहारे मजबूत करने के लिए सोच भिड़ाए हुए हैं। मंडी के एक कार्यक्रम में उनकी एक टिप्पणी प्रदेश की सियासत में खूब हलचल मचाए हुए हैं। उसी हलचल के बीच में हमीरपुर का जयराम ठाकुर का दौरा निश्चित रूप में राजनीति की नई करवटें लेगा।

# हमीरपुर महाविद्यालय के बॉक्सर बने उपविजेता, शिवांग ने जीता स्वर्ण पदक



**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उपविजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

इस प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां में किया गया, जिसमें प्रदेशभर के 35 महाविद्यालयों के बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक डॉ. पवन कुमार वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में हमीरपुर कॉलेज के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिवांग ने 60 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, सानिध्य ने 55 किलो भार वर्ग में रजत पदक और सूर्यांश ने 70 किलो भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से हमीरपुर महाविद्यालय ने उपविजेता ट्रॉफी प्राप्त कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया।

इस अवसर पर हमीरपुर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी ने विजेता खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बॉक्सिंग कोच सुरेश, टीम इंचार्ज प्रो. संजय चौहान, शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक डॉ. पवन कुमार वर्मा और डॉ. मंजुला शर्मा को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# हिम अकादमी स्कूल विकासनगर में नवाजे 423 होनहार

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा सबका मन, नगर निगम आयुक्त राकेश ने बच्चों को प्रेरक संदेश दिया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में वार्षिक समारोह के दौरान प्रस्तुति देती छात्राएं।

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में वार्षिक समारोह का तीसरा भव्य आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ, जिसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या इंजीनियर नैना लखनपाल ने मुख्यातिथि सहित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा रूप से उपस्थित रहे। वर्तमान में वे नगर निगम हमीरपुर के आयुक्त के रूप में कार्यरत हैं। कक्षा नोवीं के विद्यार्थी सक्षम राघव ने उनके जीवन और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन प्रो. आरसी लखनपाल, वाइस चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल, निदेशक पंकज लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा, प्रधानाचार्या (डुगनेड़ा) वनिता गुप्ता, मुख्य अध्यापिका कंचन लखनपाल, उपप्रधानाचार्य अश्विनी कुमार, एओ प्राकृत लखनपाल, छात्र कल्याण संघ के अध्यक्ष संजीव ठाकुर एवं उपाध्यक्ष कमल सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

इसके उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह में लगभग 423 विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत देवी दुर्गा पर आधारित भक्ति नृत्य से हुई, जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद कक्षा आठवीं की छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय फ्लेमेंको नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों से खूब सराहना प्राप्त की। गुज्जर गीत और घूमर नृत्य ने हिमाचली लोक-संस्कृति की छटा बिखेरी, जबकि महाराणा प्रताप पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने देशभक्ति की भावना को प्रखर किया। मोबाइल एडिक्शन पर आधारित नाटक ने तकनीकी युग की चुनौतियों पर सार्थक संदेश दिया। योग शो और एआई थीम पर आधारित (गैप फिलर) व यूथवी एक्ट कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम के संचालन में कक्षा ग्यारहवीं के प्रज्ञांश पाठक, आनंदिता, पृषा बंटा एवं शौर्य भारद्वाज ने मुख्य एंकर की भूमिका निभाई। आयोजन के सफल संचालन में समन्वयक मनीषा, इवेंट कोऑर्डिनेटर पूजा, इवेंट मैनेजर सीमा देवी, मोनिका, निशा कुमारी एवं शैली ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

### 156 मेधावियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में वार्षिकोत्सव-5 बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 'अभिव्यक्ति' थीम पर आयोजित इस समारोह में मुख्यातिथि कर्नल जीपी सिंह ने प्रतिभावान छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मंत्रोच्चारण से हुई। 156 मेधावी छात्रों को विभिन्न शैक्षणिक, खेलकूद और सह-पाठ्यक्रम उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में वंदना, जय किसान डांस, धीम ता धीम, जय जवान डांस, योगा शो, मॉडलिंग, पंजाबी और बॉलीवुड डांस शामिल थे। प्राचार्या शशिबाला ने अध्यापकों व आयोजकों को समारोह की सफलता के लिए बधाई दी।

# जागृति एवं जनकल्याण समिति जोल की नई कमेटी गठित, कुलदीप चंद बने प्रधान



**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के तहत गांव जोल स्थित जागृति एवं जनकल्याण समिति की बैठक रविवार को कार्यवाहक अध्यक्ष कुलदीप चन्द की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में समिति की नई कार्यकारिणी सर्वसम्मति से गठित की गई। प्रधान, उपप्रधान और सचिव पदों के लिए केवल एक-एक उम्मीदवार ने ही अपने नामांकन पत्र दिनांक 26 से 28 अक्तूबर 2025 तक कार्यवाहक अध्यक्ष के समक्ष दर्ज करवाए थे। निर्धारित अवधि के भीतर अन्य किसी प्रत्याशी द्वारा नामांकन न करने के कारण, इन पदों के लिए बिना मतदान ही नियुक्तियां की गईं। जिसमें समिति की नई कार्यकारिणी में कुलदीप चंद, पुत्र स्व. धनीराम, निवासी जोल को प्रधान पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपप्रधान के रूप में प्रदीप कुमार, सचिव पद पर प्रेम कमल का चयन किया गया है। बैठक में समिति के अन्य सदस्यों का चयन भी सर्वसम्मति से किया गया, जिनमें मौजीराम, धर्मचन्द, प्रेम चन्द, गोपाल दास, जगत राम, मेहर सिंह (वार्ड पंच), अमर सिंह मेहला, सुरेश कुमार, धर्म चन्द शर्मा, बलबीर सिंह, प्रेम चन्द, किशोर चन्द, बलदेव चन्द, रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर पुलिस विभाग दुनी चन्द भारद्वाज, अशोक कुमार, नरेन्द्र कुमार, धर्म चन्द भारद्वाज,सालीगराम, चमन लाल शर्मा एवं नरेश कुमार शर्मा व रबिश कुमार को चुना गया।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समिति आने वाले समय में गांव जोल और आसपास के क्षेत्रों में सामाजिक उत्थान, शिक्षा, स्वच्छता, जल-संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देगी। प्रधान कुलदीप चंद ने कहा कि समिति गांव के सर्वांगीण विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी और युवाओं को समाजसेवा के लिए प्रेरित करेगी।

**जानकारी** 500 रुपए की बढ़ोतरी, गोशालाओं को प्रति गोवंश मिलेगा 1200 रुपए अनुदान

# गोशाला संचालकों को अब नहीं होगी चारे की कमी

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** गोशाला संचालकों की गऊवंश के पालन पोषण व चारे की समस्या आड़े आ रही थी जिस वजह से गोशाला संचालकों को कई प्रकार की परेशानियों से जूझना पड़ रहा था। इस बारे गो सेवा समिति नादौन के अध्यक्ष बलवीर चौधरी सहित अन्य गोशाला संचालकों ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिले थे तथा अपना दर्द सुनाया था। मुख्यमंत्री ने गौशाला संचालकों की पीड़ा को समझते हुए 500 रुपए प्रतिमाह प्रति गऊवंश देने का न केवल आश्वासन दिया था अपितु संबधित विभाग को शीघ्र 1200 रुपए प्रति गोवंश जारी करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। निर्देश मिलते ही पशुपालन विभाग ने गोशालाओं से शीघ्र औपचारिकताएं पूरी करने को कहा है ताकि उन्हें अक्तूबर महीने से 700 रुपए की बजाए बढ़ी हुई राशि 1200 प्रति गोवंश के हिसाब से राशि जारी की जा सके। अब गोशाला संचालकों को गोशालाएं चलाने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

गो सेवा समिति नादौन के अध्यक्ष बलवीर चौधरी ने गौशालाओं को गऊवंश को दिए जाने वाले अनुदान में रिकॉड़ 500 रुपए एकमुश्त बढ़ोतरी करके वास्तव में पीड़ा को समझा है, जिसके लिए गोशालाओं के संचालक मुख्यमंत्री के धन्यवादी हैं। उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक गोवंश को सालाना 14400 रुपए मिलेंगे। जिससे गोशालाओं के संचालाकों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले केवल 700 रुपए मासिक मिलते थी जिससे गोशालाओं के पालन पोषण के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में मात्र 200 रुपए की प्रतिमाह उस समय बढ़ोतरी की थी जब पशुचारे यानि तूड़ी का रेट 1300 रुपए प्रति क्विंटल था और अब जब तूड़ी का रेट 800 रुपए प्रति किवंटल के करीब है तो मुख्यमंत्री ने राशि बढ़ाकर 1200 रुपए प्रतिमाह प्रति गोवंश कर दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री न केवल हर वर्ग के हित में सोच रहे हैं अपितु बेजुवान गऊवंश की भलाई के लिए भी सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

### नादौन की 9 गोशालाओं में हैं 575 गोवंश



**नादौन** उपमंडल में लक्ष्मी नारायण गोशाला भड़ोली भगौर में 112, गोगा जाहिर वीर गोशाला बसारल में 79, अनुभूति गो सेवा सदन हरमंदिर जलाड़ी में 73, कृष्ण गोपाल गोशाला भदरूं धनेटा में 70, शिव शक्ति गोसदन मालग कांगू में 67, सुंदर गो सेवा सदन सुकड़ियाह में 57,बाबा मेहरदास गोशाला कमलाह में 52, बाबा बालक नाथ गौ सेवा सदन पपलाह गलोड़ में 33, श्री साई ब्यास गो घाम अमरोटा में 32 गोवंश हैं।

### अक्तूबर महीने से प्रति पशु दिए जाएंगे 1200 रुपए: पाटिल

**वरिष्ठ** पशु चिकित्सा अधिकारी उपमंडल नादौन डॉ. संदीप पाटिल का कहना है कि सरकार के आदेश अनुसार गोशालाओं को अक्तूबर से 1200 रुपए प्रति पशु दिए जाएंगे। गोशाला संचालकों से शीघ्र औपचारिकताएं पूरी करने को कहा गया है।

# अंतिम समय पर टीजीटी सिलेबस में बदलाव करने से असमंजस में अभ्यर्थी: सोमदत्त

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

- कहा- सरकार युवाओं को दिशा देने के बजाय कर रही दिशाहीन

टीजीटी मेडिकल और नॉन-मेडिकल कमीशन के पाठ्यक्रम में अंतिम समय पर किए गए बदलाव से प्रदेश के हजारों अभ्यर्थी गहरी असमंजस की स्थिति में हैं।

भाजपा मंडल बड़सर के मीडिया प्रभारी सोमदत्त ने कहा कि यह भर्ती प्रक्रिया छह वर्षों बाद शुरू हुई है, जिसका बीएड व टीईटी उत्तीर्ण युवा लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में आयोगों की अधिसूचनाएं जारी हो चुकी थीं, परंतु 2022 में सरकार बदलने के बाद पेपर लीक विवाद का हवाला देकर चयन आयोग को बंद कर दिया गया था। अब 2025 में नई भर्ती प्रक्रिया शुरू होते ही युवाओं में उम्मीद जगी थी, मगर परीक्षा से ठीक पहले सिलेबस बदल दिया गया, जिससे अभ्यर्थियों की वर्षों की तैयारी पर संकट खड़ा हो गया है।

सोमदत्त ने कहा कि अभ्यर्थी पुराने पाठ्यक्रम के अनुसार तैयारी कर रहे थे और अब परीक्षा नजदीक होने पर सिलेबस बदलना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। नई किताबें और अध्ययन सामग्री जुटाने में ही युवाओं के कई दिन व्यर्थ हो जाएंगे, जिससे उनकी मेहनत पर असर पड़ेगा।

उन्होंने आयोग से प्रश्न किया कि यदि सिलेबस में बदलाव करना ही था तो यह विज्ञापन जारी करते समय क्यों नहीं किया गया? भाजपा मंडल बड़सर ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह युवाओं को दिशा देने के बजाय दिशाहीन करने का कार्य कर रही है। प्रदेश में लंबे समय से न कोई नई भर्ती निकली है और न ही प्रतियोगी परीक्षाएं नियमित रूप से हो रही हैं, जिससे बेरोजगारों का भविष्य अधर में लटका है। सोमदत्त और भाजपा ने राज्य चयन आयोग व सरकार से मांग की है कि टीजीटी मेडिकल और नॉन-मेडिकल के लिए पहले से निर्धारित पाठ्यक्रम ही लागू रखा जाए, ताकि युवाओं को अनावश्यक तनाव और कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

## न्यूज ब्रीफ

### रोहड़ू में सेब कारोबारी के साथ लाखों की ठगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** रोहड़ू की नई सब्जी मंडी से जुड़े सेब व्यापारी लोकेश राज दत्ता ने शिकायत दर्ज कराई है कि महाराष्ट्र के अमरावती निवासी शोएब अहमद ने वर्ष 2024 में उनकी कमीशन एजेंसी से लगभग 55 से 60 लाख रुपए मूल्य के सेब लेकर भुगतान नहीं किया। आरोप है कि बार-बार मांगने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया और कारोबारी को आर्थिक तंगी व मानसिक तनाव का सामना करना पड़ा। घटना उजागर होते ही घायल हुई व्यापारिक प्रतिष्ठा और नकदी के झटके ने स्थानीय कारोबारियों में भारी चिंता पैदा कर दी है। थाना रोहड़ू में शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के अंतर्गत केस दर्ज कर प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब साक्ष्य एकत्र कर आरोपी व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। क्षेत्र के खेती और व्यापार से जुड़ी ऐसी फेहरिस्त घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं, इसलिए व्यापारियों ने सरकारी और पुलिस दोनों से शीघ्र और ठोस कदम उठाने की अपेक्षा जताई है ताकि सेब सीजन के दौरान बाहरी व्यापारियों द्वारा हो रही धोखाधड़ी को रोका जा सके और स्थानीय व्यापार सुरक्षित रहे।

### भूमि की पैमाइश के लिए समिति गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुन्गा तहसील की आठ पंचायतों जुन्गा, भड़ेच, बलोग, पीरन, सतलाई, कोटी, भराड़ी और जनेड़घाट में आबादी देह संबंधी समस्याओं के निराकरण तथा भूमि की पैमाइश के लिए पांच सदस्यीय ग्राम स्तरीय समिति का गठन कर दिया गया है, जिसमें पंचायत प्रधान, नंबरदार, वार्ड सदस्य, एक महिला वार्ड सदस्य और अनुसूचित जाति से संबंधित वार्ड सदस्य शामिल होंगे; समिति पटवारी के सहयोग से क्षेत्रीय सर्वेक्षण तथा सार्वजनिक उपयोग के लिये निर्धारित सामान्य क्षेत्रों की स्वामित्व पहचान का काम सुचारु रूप से कराएगी तथा तहसीलदार जुन्गा नारायण सिंह वर्मा ने समिति और जनता से रचनात्मक सहयोग की अपील की है।

### चिट्टे व अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पुलिस ने ठियोग और रोहड़ू थाना क्षेत्रों में चलाए गए अभियान में दो अलग-अलग मामलों में नशीले पदार्थ बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया। नेशनल हाईवे-5 पर बिजली कार्यालय के पास तलाशी के दौरान लोकेश पुत्र प्रताप सिंह के कब्जे से लगभग 9.690 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ, जबकि रोहड़ू के आईएसबीटी में तलाशी के दौरान सुरेंद्र चौहान पुत्र शिव लाल के पास से 128 ग्राम अफीम प्राप्त हुई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ जारी है। एसपी शिमला संजीव गांधी के अनुसार दोनों मामलों में एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य जुटाकर विधिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी, उन्होंने कहा कि जिले में नशे की तस्करी रोकने के लिए गश्त व सतर्कता जारी रहेगी ताकि स्थानीय जनता व यात्रा करने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### हिमाचल में मेगा इन्वेस्टर मीट की तैयारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सुक्खू सरकार के तीन साल का कार्यकाल पूरा होने पर हिमाचल प्रदेश में मेगा इन्वेस्टर मीट आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर देश और विदेश के नामी उद्योगपतियों को आमंत्रित किया जाएगा। उद्योग विभाग के अधिकारियों ने हाल ही में विभिन्न राज्यों का दौरा कर 500 से अधिक उद्योगपतियों से मुलाकात की, जिनमें से करीब 300 कंपनियों ने हिमाचल में निवेश की इच्छा जताई है। बल्क ड्रग पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क में उद्योग स्थापित करने के लिए इन कंपनियों के साथ एमओयू साइन किए जाएंगे। ऊना के हरोली में बनने वाला बल्क ड्रग पार्क अगले साल से कार्यशील हो जाएगा, जिसमें फार्मा उद्योगों के लिए कच्चा माल तैयार किया जाएगा। राज्य सरकार ने दोनों औद्योगिक परियोजनाओं को लेकर कार्य तेज कर दिया है। बल्क ड्रग पार्क को केंद्र सरकार से पर्यावरणीय मंजूरी मिल चुकी है, जबकि मेडिकल डिवाइस पार्क के निर्माण के लिए भूमि चयन पर कैबिनेट स्तर पर चर्चा जारी है। प्रस्ताव है कि कुछ भूमि बेचकर सरकार स्वयं इस पार्क का निर्माण कार्य आगे बढ़ाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान लगातार प्रोजेक्ट्स की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। इन दोनों पार्कों के पूर्ण संचालन के बाद प्रदेश में 35 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है, जिससे हिमाचल की औद्योगिक तस्वीर बदलने की संभावना बन रही है।

**300 कंपनियां करेंगी निवेश**

### बिजली बोर्ड में 1276 कर्मियों को पदोन्नति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड ने लंबे समय से लंबित प्रमोशन प्रक्रिया को पूरा करते हुए विभिन्न श्रेणियों के 1276 कर्मचारियों को एक साथ पदोन्नति देने का निर्णय लिया है। बोर्ड प्रबंधन ने कहा है कि यह निर्णय कर्मचारियों की वरिष्ठता, योग्यता और विभागीय प्रदर्शन के आधार पर लिया गया है। प्रमोशन सूची जारी होने के बाद प्रदेशभर में कार्यरत कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। कई कर्मचारियों ने इसे सरकार और बोर्ड प्रशासन की सकारात्मक पहल बताया है, जिससे कार्यक्षमता और मनोबल दोनों में वृद्धि होगी। जारी सूची के अनुसार पदोन्नति पाने वालों में तकनीकी, प्रशासनिक, लेखा और संचालन वर्ग के कर्मचारी शामिल हैं। बोर्ड प्रबंधन के मुताबिक यह कदम संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ कार्य संस्कृति में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। विद्युत बोर्ड के चेयरमैन ने कहा कि पदोन्नति से विभागीय कार्यों में तेजी आएगी और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी योग्य कर्मचारियों को समय पर प्रमोशन देकर पारदर्शिता और निष्पक्षता की परंपरा को जारी रखा जाएगा।

# शिमला की वादियों में सर्दियों की मुस्कान के साथ सैलानियों का स्वागत

## लौट आया पर्यटन, होटलों में भारी छूट, धुंधले दिन नहीं, सुनहरी धूप में खिली हिल्स क्वीन

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो



**शिमला।** शिमला में विंटर सीज़न की शुरुआत कुछ ऐसी हुई जैसे पहाड़ों ने अपने पुराने शृंगार फिर से पहन लिए हों। दिन में खिली धूप ने पहाड़ों क्वीन को सोने जैसा कर दिया है और सैलानियों की कदम-आवाजों ने शहर को एक नई सांस दे दी है। हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और दिल्ली-एनसीआर से आने वाले परिवार, जोड़े और अकेले यात्री अब शिमला की संकरी गलियों, कार्ट रोड की लंबी चहलकदमी और ढली बाईपास के खुले नजारों का आनंद उठा रहे हैं। मौसम की साफ-सफाई और स्वच्छ हवा ने इस आगंतुक भीड़ को और पक्का कर दिया है; लोग सुबह के निर्मल सूर्योदय और शाम की सुनहरी रोशनी दोनों का पूरा-पूरा मजा ले रहे हैं।

जानकारी के अनुसार राज्य पर्यटन विकास निगम ने इस बढ़ती आवक को देखते हुए यात्रियों के लिए सेवाभाव और सस्ते ठहरने का तोहफा दिया है। निगम ने अपने 44 होटलों में 1 नवंबर से 20 दिसंबर तक 20 फीसदी से लेकर 40 फीसदी तक की छूट का प्रस्ताव रखा है, परंतु 11 से 15 नवंबर के बीच रामपुर में लगने वाले लवी मेले के दौरान यह छूट लागू नहीं होगी। मनाली लॉग हट, एप्पल ब्लॉसम फागू, पैलेस होटल चायल और न्यू रॉस कॉमन कसौली जैसे चार प्रतिष्ठित ठहरने के स्थानों पर कमरे 40 फीसदी तक सस्ते मिल रहे हैं। इसके अतिरिक्त तीस होटलों में 20 फीसदी, आठ में 30 फीसदी और दो में 25 फीसदी की राहत उपलब्ध है। यह पहल न केवल परिवारों के बजट को सहारा दे रही है बल्कि छोटे-छोटे ट्रैवलरों और एकल यात्रियों को भी यहां की यात्रा अधिक सुलभ बना रहा है। होटल बुकिंग निगम की आधिकारिक वेबसाइट द्वारा की जा सकती है।

सैलानियों की आमद ने शिमला की सड़कों पर जीवन-रंग फिर से भर दिया है। ओल्ड बस स्टैंड से न्यू बस स्टैंड तक बाईपास, कार्ट रोड और ढली बाईपास जैसे मार्गों पर वाहन कतारें बन रही हैं और शहर का सामान्य ट्रैफिक दबाव बढ़ गया है। स्थानीय व्यापारियों के साथ ही टैक्सी-रिक्शा चालक और छोटे कैफे भी इस नई रौनक से प्रफुल्लित हैं, सुबह-शाम चाय की कटोरियों के साथ स्थानीय बातचीत का नूर लौट आया है, किंतु इस भीड़ के साथ प्रबन्धन की चुनौतियां भी दिखाई दे रही हैं, पार्किंग, आवागमन और सड़क सुरक्षा पर त्वरित सतर्कता की जरूरत महसूस की जा रही है।

**स्थानीय व्यापार और पर्यटन का नया जीवन**

वर्षों के बाद लौटे पर्यटक स्थानीय अर्थव्यवस्था को दोबारा संजीवनी दे रहे हैं। दुकानदारों की हंसी, घरेलू हस्तशिल्प के स्टॉलों पर भीड़, छोटे रेस्टोरेंटों में बढ़ी हुई ऑक्युपेंसी, इन सबने ग्रामीण एवं शहरी दोनों स्तरों पर रोजगार में राहत पहुंचाई है। होटलियर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष के अनुसार अग्रिम बुकिंग लगातार हो रही है और आने वाले हफ्तों में भी यही प्रवृत्ति बरकरार रहने की आशा जताई जा रही है। इससे न केवल आर्थिक परम्पराएं मजबूती पा रही हैं, बल्कि संस्कृत के आदान-प्रदान को भी नया आयाम मिल रहा है।

# गुम्मा में 1.14 करोड़ से बनेगा नया पंचायतघर : अनिरुद्ध सिंह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



गुम्मा में पारंपरिक मेले के समापन समारोह में मंत्री अनिरुद्ध सिंह मंच से संबोधित करते हुए।

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने रविवार को विकास खंड मशोबरा की ग्राम पंचायत गुम्मा में दो दिवसीय गुम्मा मेले के समापन समारोह में शिरकत की। उन्होंने इस अवसर पर घोषणा की कि गुम्मा मेला अब खंड स्तरीय मेला घोषित किया जाएगा और दो माह के भीतर इसकी अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। उन्होंने 1 करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से नया पंचायत घर बनाने की घोषणा की, जिसमें पुस्तकालय, कॉमन सर्विस सेंटर, मीटिंग हाल, प्रधान, पंचायत सचिव और तकनीकी सहायक के लिए बैठने की सुविधा होगी।

**बोले-मेला होगा खंड स्तरीय, कई अन्य विकासात्मक घोषणाएं भी कीं**

मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण-4 के तहत बल्देया से मानड़ सड़क 13 करोड़ की लागत से बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि गुम्मा पंचायत के तहत पिछले दो वर्षों में 52 लाख 95 हजार रुपए विभिन्न मदों में खर्च किए जा चुके हैं, जबकि 6 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने पुराने पंचायत घर की मरम्मत के लिए 3 लाख रुपए और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले तीन स्कूलों के विद्यार्थियों को 5-5 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि कुसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में आपदा प्रभावित सड़कों पर 5 करोड़ की लागत से डंगे लगाए जा रहे हैं और गुम्मा पंचायत की सड़कों पर मेटलिंग का कार्य 15 दिनों में शुरू होगा। गुम्मा मेले का आयोजन 100 वर्षों से अधिक समय से होता आ रहा है और यह क्षेत्र की लोक संस्कृति का अहम हिस्सा है।

# पुल पर रील बनाते सतलुज में गिरी युवती

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



तीन प्रवासी बने फरिश्ते, कूदकर बचाई जान

आज के दौर में सोशल मीडिया पर वायरल होने की चाह कितनी खतरनाक हो सकती है, इसका जीता-जागता उदाहरण रामपुर में देखने को मिला। वजीर बावड़ी पुल के पास एक युवती रील बनाने के दौरान अचानक सतलुज नदी में जा गिरी। एक पल को तो ऐसा लगा मानो उसकी सांसें थम जाएंगी, लेकिन तभी तीन प्रवासी युवकों ने बिना कुछ सोचे-समझे नदी में छलांग लगा दी। मौत के मुंह में जाती युवती को इन तीनों ने बाहर निकालकर जिंदगी की डोर फिर थमा दी।

निरमंड क्षेत्र की युवती अपनी सहेली के साथ पुल पर सोशल मीडिया के लिए रील बना रही थी। उसकी सहेली मोबाइल कैमरे से शूट कर रही थी कि तभी अचानक युवती का पैर फिसल गया। देखते ही देखते वह सतलुज की लहरों में समा गई। सहेली के चीखने पर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। उसी समय पास में मौजूद तीन प्रवासी युवक नदी की तेज धारा की परवाह किए बिना कूद पड़े। करीब कुछ मिनट की जद्दोजहद के बाद उन्होंने युवती को बाहर निकाल लिया।

स्थानीय लोगों ने इस साहसिक कार्य का वीडियो भी रिकॉर्ड किया है, जिसमें लोग युवकों को रस्सी फेंकने और बचाने के प्रयास करते दिख रहे हैं। स्थानीय लोगों की मदद से युवती को खनेरी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे पूरी तरह स्वस्थ बताया। जांच अधिकारी नेत्र सिंह ठाकुर ने बताया कि युवती ने बयान में कहा कि वह रील बनाते समय गलती से गिर गई थी और किसी के खिलाफ कोई शिकायत नहीं दी गई। इस कारण पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया और युवती को परिजनों के साथ घर भेज दिया गया।

# मेडिकल कॉलेज पर सुक्खू का सामान्य ज्ञान कमजोर : रणधीर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं भाजपा मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का मेडिकल कॉलेज पर सामान्य ज्ञान बेहद कमजोर है और वे गली-गली झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

**मुख्यमंत्री भाजपा के कार्यों को अपना बताकर कर रहे जनता को गुमराह**

उन्होंने कहा कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज भाजपा की देन है, मगर मुख्यमंत्री उसे कांग्रेस की उपलब्धि बताकर सियासी लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा शासन में हमीरपुर लोकसभा के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों से जोलसप्पड़ में कॉलेज की मंजूरी मिली, जमीन उपलब्ध कराई गई और 6 जून 2018 को तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और अनुराग ठाकुर की उपस्थिति में इसकी आधारशिला रखी गई। मोदी सरकार ने इस परियोजना की 189 करोड़ रुपए की लागत में से अपना पूरा 90 प्रतिशत हिस्सा यानी 170.10 करोड़ रुपए जारी किया और 2018-19 में 120 एमबीबीएस सीटों के साथ यह कॉलेज कार्यात्मक हुआ।

रणधीर शर्मा ने शिमला से जारी बयान में कहा कि कांग्रेस सरकार की आदत भाजपा के विकास कार्यों का श्रेय लेने की है। उन्होंने बताया कि 2015 में केंद्र सरकार से स्वीकृति मिलने के बावजूद तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 2.5 वर्ष तक परियोजना को लटकाए रखा और जमीन तक उपलब्ध नहीं कराई। जबकि भाजपा सरकार ने आते ही कॉलेज निर्माण शुरू करवाया और बाद में इसके सुदृढ़ीकरण व ईडब्ल्यूएस सीटों के लिए 24 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि भी स्वीकृत करवाई।

# कांग्रेस का मतलब मुस्लिम और मुस्लिम का मतलब कांग्रेस : राजीव भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि बिहार में पहले चरण का मतदान एनडीए के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दे चुका है और दूसरे चरण में भी भाजपा गठबंधन दो-तिहाई बहुमत से जीत की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियां जनता को गुमराह कर समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रही हैं, जबकि सच्चाई यह है कि बिहार की जनता केवल विकास और स्थिरता चाहती है। राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार हैं। यदि किसी को शिकायत है तो वह अदालत या आयोग के समक्ष प्रस्तुत करे, झूठ बोलकर भ्रम फैलाना देशहित में नहीं है।

**भाजपा ने कभी नहीं की जात-पात या तुष्टीकरण की राजनीति**



राजीव भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का यह बयान कि कांग्रेस का मतलब मुस्लिम और मुस्लिम का मतलब कांग्रेस बेहद आपत्तिजनक और विभाजनकारी है। कांग्रेस अब वोट बैंक की राजनीति के लिए धर्म और मजहब के नाम पर देश को बांटने का प्रयास कर रही है। जबकि भाजपा की राजनीति सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना पर आधारित है। भाजपा ने कभी जात-पात या तुष्टीकरण की राजनीति नहीं की। भारत की संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम के आदर्श पर टिकी है, जो सबको जोड़ने का संदेश देती है।

# प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास व बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध : रोहित ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर मांदल में जनसभा को संबोधित करते हुए।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज विकास खंड जुब्बल की ग्राम पंचायत मांदल में विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास और बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। हर पंचायत में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार कर लोगों को पारदर्शी और प्रभावी सेवाएं प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने 1 करोड़ 14 लाख की लागत से बनने वाले पंचायत भवन मांदल का शिलान्यास किया और जखोर में नव निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया।

शिक्षा मंत्री ने रोहटान नालू से गांव रोहटान और जखोर नालू से गांव जखोर तक दो उठाऊ पेयजल योजनाओं का भूमि पूजन किया। ये योजनाएं क्रमशः 22 लाख और 24 लाख की लागत से बनेंगी, जिनसे सैकड़ों लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़कों का जाल कांग्रेस कार्यकाल में बिछाया गया था और वर्तमान सरकार के दौरान 147 नई सड़कों को स्वीकृति दी गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र को 112 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं, जिसमें चटनोल-दोगरी सड़क का उन्नयन 6 करोड़ 27 लाख रुपए से किया जाएगा।

**मांदल में किए विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास**

शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है, जिससे हिमाचल की साक्षरता दर अब गोवा के बराबर 99.30 प्रतिशत पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि जुब्बल में 17 करोड़ रुपए से टीचर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का निर्माण कार्य चल रहा है, जबकि सरस्वती नगर में 1 करोड़ की लागत से खेल मैदान तैयार किया गया है। महाविद्यालय में सात पीजी कोर्स शुरू किए गए हैं और ऑडिटोरियम, बीबीए ब्लॉक तथा इनडोर स्टेडियम के निर्माण को स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा, कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है।

**विकास कार्यों से बदल रहा जुब्बल-कोटखाई का चेहरा**

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। हालिया आपदा के बावजूद सड़कों की शीघ्र बहाली सुनिश्चित की गई, ताकि सेब सीजन प्रभावित न हो। इस वर्ष प्रदेश में लगभग 2 करोड़ 78 लाख सेब पेटियां मंडियों तक पहुंचाई गईं और 99 हजार मीट्रिक टन सेब की खरीद एमआईएस योजना के तहत की गई। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा, उप महाधिवक्ता कौशल मूंगटा, प्रधान बलबीर शर्मा, निदेशक हिमुडा भीम सिंह झौहटा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण कार्य शुरू

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** उपमंडलीय जनगणना अधिकारी एवं उपमंडलीय अधिकारी रामपुर, हर्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि भारत सरकार के जनगणना आयुक्त एवं जनगणना निदेशालय, हिमाचल प्रदेश द्वारा जनगणना 2027 की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस अभियान के तहत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण कार्य किया जाएगा, जिसके बाद द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना होगी। तहसील रामपुर के अंतर्गत 10 राजस्व गांव कोशगर, रतनपुर, सनारसा, बसाहरा, करतोट, चदाली, कराई, जड़ीद, शाह और गशो को मकान सूचीकरण के लिए चयनित किया गया है। यह कार्य 10 से 30 नवंबर तक चलेगा। इस अवधि में जनगणना चार्ज अधिकारी द्वारा नियुक्त प्रगणक और पर्यवेक्षक घर-घर जाकर मकानों की जियो-ट्रैकिंग करेंगे तथा परिवारों से जनगणना विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप में 34 प्रश्नों से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे। प्रत्येक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को चार्ज अधिकारी द्वारा नियुक्ति पत्र और पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे। हर्ष अमरेंद्र सिंह ने आम जनता से आग्रह किया है कि वे जनगणना प्रगणकों को पूर्ण सहयोग दें और मांगी गई जानकारी सही एवं सटीक रूप में उपलब्ध कराएं।

**रामपुर उपमंडल में 10 गांव चयनित**

# शिमला में 25 से 31 दिसंबर तक होगा विंटर कार्निवल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में इस साल का विंटर कार्निवल 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक शानदार रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जाएगा। क्रिसमस और नववर्ष के बीच होने वाला यह पर्व हर बार की तरह इस बार भी सैलानियों के लिए खास आकर्षण रहेगा। रिज और मॉल रोड पर पारंपरिक लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां, स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, और हिमाचली लोक वाद्यों की धुनें पर्यटकों को देवभूमि की संस्कृति से रू-ब-रू कराएंगी। नगर निगम और पर्यटन विभाग ने मिलकर इस आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं, ताकि दिसंबर की ठंड में भी शिमला उत्सव की गर्माहट से गुलजार रहे।

**स्टार नाइट में गूंजेंगे सुरों के तराने**

जानकारी के अनुसार इस विंटर कार्निवल की सबसे बड़ी विशेषता इस बार युवा पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए आयोजित फैशन शो और फूड फेस्टिवल होंगे, जिनमें स्थानीय डिजाइनरों के साथ देशभर के प्रतिभागी शामिल होंगे। शिमला की ऐतिहासिक पहाड़ियों के बीच आधुनिक परिधानों और पारंपरिक पोशाकों की झलक पर्यटकों को आकर्षित करेगी। साथ ही, हिमाचली व्यंजनों से सजे स्टॉलों पर सेब, चुरपी, सीडू, और पहाड़ी दालों के स्वाद से सैलानियों की मेजबानी की जाएगी। नगर निगम के अनुसार, इस बार स्टॉलों की संख्या बढ़ाई जाएगी, ताकि स्थानीय कारीगरों और स्वरोजगार से जुड़े लोगों को अधिक अवसर मिल सके।

कार्निवल के अंतिम दिनों में आयोजित होने वाली स्टार नाइट में बॉलीवुड और हिमाचली संगीत जगत के कई प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को जीवंत करेंगे। आयोजक समिति के अनुसार, इस बार कार्यक्रमों की शृंखला में युवा बैंडों को भी मंच मिलेगा ताकि स्थानीय प्रतिभा को राष्ट्रीय पहचान मिल सके। नववर्ष की पूर्व संध्या पर शिमला की ठंडी रातें संगीत, रोशनी और उमंग से भर जाएंगी। होटल व्यवसायियों और व्यापारियों ने भी इस आयोजन से पर्यटन में बड़ी वृद्धि की उम्मीद जताई है।

**चिंता** | **सात रूट दो वर्षों से बंद, चार महीने में भी नहीं हटाया गया मलबा**

# कोटखाई क्षेत्र की सड़कों पर चार महीने बाद भी नहीं चलीं बसें: चेतन बरागटा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



जिला शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में अब भी चार महीने पुरानी बारिश का मलबा पसरा है। सड़कें अब भी टूटी सांसों की तरह बिखरी पड़ी हैं और कोटखाई की घाटियों में पहियों का शोर लंबे समय से सुनाई नहीं दे रहा। ऐसे में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रदेश आईटी एवं सोशल मीडिया प्रभारी चेतन बरागटा ने शिक्षा मंत्री पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जब जनता सड़कें बहाल होने का इंतजार कर रही है, मंत्री केंद्र सरकार की योजनाओं का झूठा श्रेय लेने में व्यस्त हैं।

चेतन बरागटा ने कहा कि शिक्षा मंत्री अगर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का श्रेय लेने की बजाय अपने क्षेत्र की टूटी सड़कों को सुधारने की कोशिश करते, तो आज कोटखाई क्षेत्र के लोगों को इस परेशानी से नहीं गुजरना पड़ता। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लगभग 11 रूटों पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसें लंबे समय से नहीं चल पा रही हैं, जिनमें से कई रूट पिछले दो वर्षों से बंद पड़े हैं। बंद पड़े प्रमुख रूटों में कोटखाई-चैथला, कोटखाई-टेहटोली-देवरीघाट, शिमला-थरोला-टिक्कर, कोटखाई-गुम्मा-रयोघाटी, शिमला-क्यारी, शिमला-कराल-कुईनल और कोटखाई-रामनगर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त भारी बारिश से क्षतिग्रस्त मार्गों के कारण शिमला-हलाईला वाया बखोल, कोटखाई-गडावग, कोटखाई-क्यारी-रयोघाटी और कोटखाई-थरोला-टाऊ रूट भी अब तक ठप पड़े हैं। बरागटा ने कहा कि चार महीने बीत जाने के बावजूद शिक्षा मंत्री सड़कों को बस योग्य नहीं बना पाए हैं। सात रूट तो ऐसे हैं जो दो वर्षों से ठप पड़े हैं। बावजूद इसके मंत्री रोज सड़क निर्माण का झूठा श्रेय लेने के बयान जारी करते हैं। यह उनके विभाग की विफलता और जनसमस्याओं के प्रति असंवेदनशील रवैये को उजागर करता है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत सड़कों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, मगर भारी बारिश के बाद सड़कों पर गिरे मलबे को आज तक साफ नहीं किया गया। यह स्थानीय प्रशासन की लापरवाही और मंत्री की ढुलमुल कार्यशैली को दर्शाता है।

**जनता बेहाल और सरकार बेपरवाह**

**बरागटा** ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को रोजमर्रा के कामकाज के साथ-साथ विद्यार्थियों को स्कूल और कॉलेज पहुंचने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कई गांव अब भी सड़क संपर्क से कटे हुए हैं, परंतु सरकार और संबंधित मंत्री इससे बेपरवाह बने हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि कोटखाई क्षेत्र की सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कर बस सेवाएं बहाल की जाएं, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और क्षेत्र का सामान्य जीवन पुनः पटरी पर लौट सके।

# बाहरी राज्यों में धुंध ने थाम दी हावड़ा की रफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**कालका-शिमला ट्रैक पर तीन ट्रेनें लेट, ठंड बढ़ी**

**वीकेंड पर सभी ट्रेनें फुल 14 तक साफ रहेगा मौसम**

बाहरी राज्यों में छाई हल्की धुंध का असर विश्व धरोहर कालका-शिमला रेल ट्रैक पर दिखने लगा है। शनिवार को हावड़ा ट्रेन देरी से दिल्ली पहुंचने के कारण कालका से शिमला के लिए तीन ट्रेनों को दो घंटे तक विलंब से रवाना किया गया। इस देरी से यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। सुबह 5:45 बजे चलने वाली शिवालिक एक्सप्रेस करीब दो घंटे लेट होकर 7:45 बजे चली, जबकि कालका-शिमला एक्सप्रेस ट्रेनें भी औसतन डेढ़ घंटे तक पीछे रहीं।

शनिवार और रविवार को वीकेंड के चलते कालका-शिमला रूट पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ी। पांचों ट्रेनों में एक भी सीट खाली नहीं रही और कई यात्रियों को टिकट के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ा। कामकाज या पर्यटन के लिए यात्रा करने वाले कई लोगों को ट्रेन की जगह बसों का सहारा लेना पड़ा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह भीड़ अगले सप्ताह तक बनी रह सकती है।

प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और कई स्थानों पर पारा सामान्य से नीचे चला गया है। लाहौल-स्पीति के कुकुमसेरी में -2.9 डिग्री, ताबो में -2.0 डिग्री और कल्पा में 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। शिमला में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा और न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी संभव है। पर्वतीय इलाकों में सुबह के समय पाला पड़ने की संभावना बनी रहेगी।

# कैंथ : हिमालय का बहुमूल्य जंगली फल, सेहत व पर्यावरण का रक्षक



**हिमालयी** क्षेत्रों में पाया जाने वाला कैंथ (Pyrus pashia-पाइरस पैशिया) एक ऐसा जंगली फलदार वृक्ष है, जिसे ग्रामीण जीवन, पारम्परिक चिकित्सा और पारिस्थितिकी संरक्षण में विशेष महत्त्व प्राप्त है। इसे कुछ इलाकों में इसके दूसरे स्थानीय नाम सेगल से भी जाना जाता है। पहाड़ी रास्तों के किनारे, खेतों की मेढ़ों पर और जंगलों में यह सहज ही देखने को मिल जाता है। हालांकि आधुनिक दौर की चमक ने इसे हमारी थाली और जीवन से दूर कर दिया है, फिर भी इसके गुण आज भी किसी खजाने से कम नहीं। आमतौर पर पक्षी, विशेषकर गौरैया, अधपके कैंथ (सेगल) फलों को इकट्ठा करके सूखी घास के ढेरों में रख देती हैं ताकि वे पक जाएं। स्थानीय लोग जब इन सूखी घासों का उपयोग पशुओं के चारे के रूप में करते हैं, तो उनमें से ये स्वादिष्ट, मीठे और पके हुए कैंथ के फल निकालकर बड़े चाव से खाते हैं। इस तरह कैंथ का फल कसैला होते हुए भी प्राकृतिक मिठास लिए होता है। कच्चे फलों को नमक-मिर्च के साथ खाया जाता है, जबकि पकने पर ये स्वादिष्ट जैली और चटनी बनाने में उपयोग किए जाते हैं। कई जगह में लोग इसके फलों का सिरका और ड्रिंक्स भी तैयार करते हैं, जिसे पाचन के लिए बहुत लाभकारी माना जाता है। इसमें विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स तथा फाइबर प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो इसे इम्यूनिटी बढ़ाने वाला अनोखा सुपरफ्रूट बनाते हैं। यह पौधा प्रायः नाशपाती की उन्नत किस्मों के ग्राफ्टिंग केद लिए मूल-तना (रूटस्टॉक) के रूप में उपयोग किया जाता है।इसे सजावटी पेड़ के रूप में तथा जीवित बाड़ (लाइव फेंस) के रूप में सीमाओं को चिन्हित करने, पशुओं को रोकने और इसके बहुउपयोगी गुणों का लाभ उठाने के लिए भी उगाया जा सकता है।

## पारंपरिक औषधीय महत्व

**आयुर्वेद** और लोक चिकित्सा में कैंथ का वृक्ष संपूर्ण रूप से उपयोगी है। पारंपरिक रूप से इसके फल दस्त और पेट की गड़बड़ी में औषधि की तरह उपयोग किए जाते हैं। इसकी छाल और पत्तियों का चूर्ण (1:2 अनुपात में) एक चुटकी काली मिर्च के साथ मिलाकर रक्त शुद्ध करने, रक्त संचार को सुधारने तथा वात या गठिया जनित दर्द से राहत के लिए उपयोग किया जाता है। इसकी एक छोटी चम्मच मात्रा दिन में दो बार राहत मिलने तक दी जाती है। इसकी कोमल टहनियां टूथब्रश (दातुन) के रूप में दांत और मसूड़ों को मजबूत बनाती है। पत्तियों का उपयोग पशु चिकित्सा घाव व संक्रमण में भी आम है । इसके कुछ अनय औषधीय गुण इस प्रकार हैं।

## पारिस्थितिकी का प्रहरी

**कैंथ** का वृक्ष न केवल मानव बल्कि पक्षियों और वन्य जीवों के लिए भी जीवनदायी है। इसके फलों पर अनेक पक्षियों की निर्भरता रहती है, जिससे जंगलों में जैव विविधता को संरक्षित रखने में सहायता मिलती है। यह पहाड़ी ढलानों पर मिट्टी कटाव रोकने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।





| औषधीय गुण | लाभ |
|---|---|
| पाचन सुधारक | दस्त, अपच, गैस में राहत प्रदान करता |
| | हृदय टॉनिक हृदय को स्वस्थ रखता है, ब्लड प्रेशर नियंत्रण में उपयोगी |
| एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर | रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है |
| रक्त शुद्धिकरण | विषैले तत्वों के निष्कासन में सहायक |
| नेत्र रोगों में उपयोगी | आंखों संबंधित समस्याओं में लाभदायक |
| बालों के लिए टॉनिक | पत्तों का रस बाल झड़ने की समस्या में उपयोगी |
| सूजनरोधी गुण | जोड़ों के दर्द और हल्की सूजन में राहत |
| तंत्रिका तंत्र संतुलनकारी | हिस्टीरिया, मिर्गी व सिरदर्द में लाभकारी |
| मधुमेह-रोधी गुण | फूलों का सेवन मधुमेह में लाभकारी |
| एंटी-कैंसर एवं | फूलों में उपस्थित फिनोलिक यौगिक |
| हृदय रोग निवारक | कैंसर और हृदय रोगों में सहायक |
| रोगाणुरोधी एवं पाचन सुरक्षा | पके फलों का रस दस्त और अन्य पाचन विकारों में उपयोगी |

अनंत ज्ञान



डॉ. तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी



## पोषक तत्व

| पोषक तत्व | मात्रा (प्रति 100 ग्राम) |
|---|---|
| नमी | 60.36% |
| कार्बोहाइड्रेट | 28.38 ग्राम |
| शुगर | 6.79 ग्राम |
| प्रोटीन | 3.29 ग्राम |
| वसा | 1.62 ग्राम |
| फाइबर | 16.18 ग्राम |
| खनिज | 1.10 ग्राम |
| कैल्शियम | 20-25 mg |
| फॉस्फोरस | 15-20 mg |
| आयरन | 0.8-1.2 mg |
| पोटैशियम | 120-150 mg |
| मैग्नीशियम | 8-10 mg |
| जिंक | 0.3-0.5 mg |
| विटामिन सी | 8-12 mg |
| विटामिन ए | 15-20 mg |
| विटामिन बी1 | 0.02-0.05 mg |
| विटामिन बी2 | 0.03-0.04 mg |
| विटामिन बी3 | 0.2-0.3 mg |

## कैंथ का खाद्य उपयोग

| उपयोगी हिस्सा | विवरण |
|---|---|
| कच्चा फल | नमक-मिर्च के साथ खाया जाता है, भूख बढ़ाता है |
| पका फल | प्राकृतिक मिठास, सीधे सेवन योग्य |
| जैली/जैम तैयारी | स्वादिष्ट संरक्षित उत्पाद |
| चटनी व अचार | पाचन को बेहतर बनाने में सहायक |
| सिरका व पेय | इम्यूनिटी बढ़ाने और पाचन सुधार में उपयोगी |
| सूखे फल | परंपरागत रूप में सेवन |
| ताजे फूल | ताजे फूलों को पकाकर 'रायता' बनाया जाता है |
| पशु आहार | ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के लिए पोषक फल |

## संरक्षण और संवर्धन की जरूरत

**यह** पौधा प्रायः प्राकृतिक रूप से बहुतायत में उगता है, परंतु इसके फलों का समुचित उपयोग न होने के कारण वे संसाधन स्तर पर व्यर्थ हो रहे हैं। इन फलों को कृत्रिम रूप से पकाकर स्थानीय बाजारों में बेचा जा सकता है, जिससे न केवल अपव्यय रोका जा सकेगा बल्कि ग्रामीणों की आजीविका को भी बल मिलेगा। इसी प्रकार, इसकी सूखी पत्तियों और छाल का चूर्ण एक हृदय-टॉनिक के रूप में उपयोगी हर्बल चाय के रूप में तैयार किया जा सकता है। यदि महिला स्व-सहायता समूह और स्थानीय विक्रेता इस दिशा में पहल करें, तो यह एक उत्कृष्ट पहल बन सकती है, जो स्वास्थ्य संवर्धन के साथ-साथ आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम भी बनेगी। तेजी से बदलती जीवनशैली, बाहरी फलों पर बढ़ती निर्भरता और पारम्परिक ज्ञान के क्षय के चलते कैंथ जैसे पौधे धीरे-धीरे उपेक्षित हो रहे हैं। समय की मांग है कि हम ऐसे स्वदेशी, पोषक और औषधीय पौधों को फिर से अपनी जीवनशैली में शामिल करें, इनके पौधे लगाएं तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें। हिमालय की धरती पर सहज उपलब्ध यह फल न केवल स्वाद का खजाना है, बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों की सुरक्षा करने वाला एक अद्भुत वरदान भी है। कैंथ को अपने जीवन में वापस लाना, प्रकृति की ओर लौटने का छोटा पर महत्त्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

# बदलते मौसम में अपनी सेहत का रखें खास ख्याल



अनंत ज्ञान

सुबह ठंडी हवा का एहसास, दोपहर में चटक धूप, शाम को हल्की बारिश और रात को ठंडक, यहीं इस मौसम की असली पहचान है। मौसम का यही उतार-चढ़ाव शरीर की सेहत पर भारी पड़ सकता है। जरा-सी लापरवाही सर्दी-जुकाम, बुखार, गले में खराश या पेट दर्द जैसी परेशानियां बढ़ा सकती है। ऐसे में जरूरी है कि हम मौसम के साथ अपनी दिनचर्या और खानपान में भी थोड़ा बदलाव लाएं ताकि बीमारियां पास न फटकें। अक्तूबर और नवंबर के बीच का समय मौसम के संक्रमण काल का होता है। इस दौरान तापमान में अचानक गिरावट आती है और नमी बढ़ जाती है। यही वजह है कि वायरस और बैक्टीरिया तेजी से सक्रिय हो जाते हैं, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) कमजोर होती है, वे इन बीमारियों की चपेट में जल्दी आते हैं।



डॉ. शालिनी शर्मा, स्वास्थ्य विशेषज्ञ बिलासपुर

## लापरवाही न बरतें अपनाएं ये आदतें

**सुबह का एक गिलास पानी** : दिन की शुरुआत गुनगुने पानी से करें। इससे शरीर डिटॉक्स होता है और पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है।

**भरपूर नाश्ता करें** : खाली पेट बाहर निकलने से बचें। पौष्टिक नाश्ता इन्फेक्शन से लड़ने में मदद करता है।

**सिर और कान ढंकें**: ठंडी हवा सीधे सिर या कान में लगने से सर्दी-जुकाम बढ़ता है।

**सूखे मेवे और हरी सब्जियां** : बादाम, अखरोट, पालक, मेथी और गाजर शरीर को अंदर से ताकत देते हैं।

**हल्दी, अदरक और तुलसी** : ये प्राकृतिक एंटीबायोटिक हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं।

## सूरज की रोशनी भी जरूरी

बहुत से लोग घर या ऑफिस में दिनभर बंद रहते हैं, जिससे शरीर में विटामिन डी की कमी हो जाती है। यह हड्डियों को कमजोर बना देती है। रोजाना 15-20 मिनट सुबह की धूप लेना बेहद जरूरी है।

प्रस्तुतिः अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर

## खान-पान में करें मौसम के अनुसार बदलाव

**इस** समय हल्का और गर्म भोजन शरीर के लिए फायदेमंद रहता है। सूप, ग्रीन टी, दलिया, और खिचड़ी जैसी चीजें आसानी से पच जाती हैं। फलों में संतरा, मौसमी और अमरूद जैसे विटामिन सी से भरपूर विकल्प शामिल करें। ये शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को प्राकृतिक रूप से बढ़ाते हैं। गाजर और टमाटर में मौजूद बीटा-कैरोटीन शरीर को टॉक्सिन्स से मुक्त करने में मदद करता है, जबकि ड्राई फ्रूट्स शरीर को जरूरी फैट और एनर्जी देते हैं।

## पूरी नींद लें और खुद को रखें एक्टिव

**पर्याप्त** नींद लेने से शरीर को रिपेयर होने का मौका मिलता है और मन भी तरोताजा रहता है। हल्का योग या वॉक दिनचर्या में शामिल करें। इससे इम्युनिटी बढ़ती है और तनाव कम होता है। मौसम बदलना तो प्रकृति का नियम है, लेकिन अपनी आदतों में छोटे-छोटे बदलाव कर आप इस मौसम को भी स्वस्थ, ऊर्जावान और खुशहाल बना सकते हैं।

# फोड़ा और उसका होम्योपैथिक उपचार

**फोड़ा एक आम लेकिन दर्दनाक त्वचा की समस्या है, जो शरीर के किसी भी हिस्से पर हो सकती है। इसे चिकित्सा भाषा में फ्युरंकल (Furuncle) कहा जाता है। यह त्वचा के नीचे बैक्टीरिया, विशेषकर स्टैफिलोकोकस ऑरियस के संक्रमण से होता है। फोड़े में आमतौर पर मवाद भर जाता है, जिसके कारण सूजन, दर्द और लालिमा होती है। होम्योपैथी में फोड़े का उपचार केवल लक्षणों को दबाने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर रोग की जड़ से इलाज करता है। फोड़ा एक सामान्य, लेकिन तकलीफदेह त्वचा समस्या है, जो सही देखभाल और होम्योपैथिक उपचार से पूरी तरह ठीक हो सकती है। होम्योपैथिक दवाएं शरीर की आंतरिक शक्ति को बढ़ाकर न केवल फोड़े को ठीक करती हैं, बल्कि उसके पुनः होने की संभावना को भी कम करती हैं। अतः किसी अनुभवी होम्योपैथिक चिकित्सक की सलाह लेकर सही औषधि का चयन करना सबसे उत्तम उपाय है।**



अनंत ज्ञान



डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम कच्छ (गुजरात)

## फोड़े के कारणः

1. **बैक्टीरियल संक्रमणः** त्वचा के रोमछिद्र (hair follicles) या पसीने की ग्रंथियों में संक्रमण होना।

2. **कमज़ोर प्रतिरक्षा तंत्रः** शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने से संक्रमण जल्दी फैल जाता है।

3. **त्वचा की सफाई की कमीः** धूल, पसीना या गंदगी जमा होने से बैक्टीरिया को पनपने का मौका मिलता है।

4. **मधुमेह** : शुगर की अधिकता से संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है।

5. **पोषण की कमीः** विटामिन ए, सी और जिंक की कमी त्वचा की सुरक्षा क्षमता को घटा देती है।

6. **त्वचा पर घर्षण या चोटः** छोटी कट या घाव से भी संक्रमण हो सकता है।

## फोड़े के लक्षण :

● त्वचा पर लाल व सूजनयुक्त गांठ बनना। ● छूने पर दर्द होना। ● धीरे-धीरे गांठ के बीच में मवाद भरना। ● बुखार या थकान महसूस होना (कभी-कभी)। ● फोड़े के फटने पर मवाद निकलना और घाव बन जाना। ● यदि एक साथ कई फोड़े हो जाएँ या बार-बार फोड़े निकलें, तो यह कार्बंकल कहलाता है, जो अधिक गंभीर स्थिति होती है।

## से बचाव के उपायः

● त्वचा को हमेशा साफ रखें। ● संतुलित आहार लें और पर्याप्त पानी पिएं। ● शुगर को नियंत्रित रखें (यदि मधुमेह हो)। ● गंदे कपड़ों या तौलिये का इस्तेमाल न करें। ● त्वचा पर अत्यधिक रगड़ या चोट से बचें।

## घरेलू देखभाल :

**फोड़े** पर गर्म पानी की सेंक (warm compress) दिन में 2-3 बार करें, जिससे दर्द कम होगा और मवाद निकलने में सहायता मिलेगी। फोड़े को न फोड़ें या दबाएं नहीं। हल्का, पौष्टिक भोजन लें और शरीर को आराम दें।

## होम्योपैथिक उपचार

**होम्योपैथिक उपचारः**

होम्योपैथी में फोड़े का इलाज व्यक्ति की पकृति, लक्षण और शरीर की प्रतिक्रिया के अनुसार किया जाता है। नीचे कुछ प्रमुख औषधियाँ दी गई हैं जो फोड़े में उपयोगी सिद्ध होती हैं।

1. Hepar Sulphuricum (हेपर सल्फ): जब फोड़ा बहुत दर्द करता है और मवाद बनने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। छूने पर दर्द बढ़ जाता है और व्यक्ति ठंड से बहुत संवेदनशील होता है। यह दवा फोड़े को जल्दी पकाकर मवाद निकालने में मदद करती है।

2. Belladonna (बेलाडोना): फोड़े के शुरुआती चरण में जब त्वचा लाल, गर्म और सूजी हुई होती है। तेज दर्द और धड़कन जैसा अहसास हो तो यह औषधि उपयोगी है।

3. **Silicea** (सिलिशिया): जब फोड़ा बार-बार होता है या पुराने फोड़े ठीक नहीं हो रहे हों। यह शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में सहायक होती है।

4. **Mercurius Solubilis** (मरक्यूरियस सोल): जब फोड़े से दुर्गंधयुक्त मवाद निकलता है और घाव आसानी से ठीक नहीं होते। अत्यधिक पसीना आने वाले व्यक्तियों में लाभकारी।

5. **Calcarea Sulphurica** (कैल्केरिया सल्फ): जब फोड़ा पकने के बाद भी मवाद निकलता रहता है और ठीक होने में समय लगता है। यह घाव को शीघ्र भरने में सहायता करती है।


.........................................



# सर्द मौसम में अस्थमा, निमोनिया और हृदय से जुड़ी बीमारियों से सचेत रहने की जरूरत

**सर्दी** के मौसम कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं सामने आ सकती हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना खतरनाक साबित हो सकता है। ठंड के मौसम में विभिन्न बैक्टीरिया और वायरस सक्रिय हो जाते हैं, जो शरीर के लिए खतरे का कारण बन सकते हैं। इस मौसम में विशेष रूप से सांस की बीमारियां, हृदय रोग और अन्य जानलेवा समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि सर्द मौसम में बीमारियों से बचने के लिए हमें सतर्क रहने की जरूरत होती है। सर्दी में अकसर कुछ खास बीमारियों का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है, जो अगर सही समय पर इलाज न किया जाए तो गंभीर हो सकती हैं। निमोनिया ठंड के मौसम में निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है। यह फेफड़ों से जुड़ी गंभीर बीमारी है, जो अगर समय पर इलाज न मिले तो जानलेवा हो सकती है। सर्दी, वायरल या बैक्टीरियल इंफेक्शन के कारण निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है। बच्चों में इसकी चपेट में आने की संभावना ज्यादा रहती है, इसलिए इसके लक्षण दिखते ही तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**ठंड में पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें, स्वस्थ आहार लें और नियमित रूप से व्यायाम करें**




## हृदय रोगी को सचेत रहने की जरूरत



**हृदय** रोग सर्दी में दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा अधिक होता है। ठंड के कारण रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे रक्त संचार में रुकावट आ सकती है। इस कारण से हार्ट अटैक, स्ट्रोक और हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इससे बचने के लिए हमें अधिक सचेत रहने की जरूरत होती है और गर्म रहने के साथ-साथ संतुलित आहार पर ध्यान देना चाहिए।

प्रस्तुति : मोहन चौहान, सोलन

अनंत ज्ञान



डॉ. एनके गुप्ता।

## अस्थमा के मरीजों को ज्यादा दिक्कत



अस्थमा सर्दियों में अस्थमा के मरीजों को ज्यादा दिक्कत हो सकती है। ठंडी हवा से अस्थमा के दौरे पड़ सकते हैं, जिससे सांस लेने में परेशानी होती है। अस्थमा के मरीजों को इस दौरान खास ध्यान रखने की आवश्यकता है। नियमित दवाइयां लेना और ठंडी हवा से बचना इस बीमारी से निपटने में मदद कर सकता है।

## डेंगू मच्छर होते हैं सक्रिय



सर्दियों में भी डेंगू के मच्छर सक्रिय रह सकते हैं। हालांकि, डेंगू का सबसे बड़ा खतरा मानसून के बाद रहता है, लेकिन सर्दी में भी मच्छरों की सक्रियता बढ़ सकती है। अगर डेंगू का सही समय पर इलाज न किया जाए तो यह प्लेटलेट्स की कमी के कारण गंभीर ब्लीडिंग और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। इन खतरों से बचने के लिए हमें अपनी सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। ठंड में घर के अंदर और बाहर दोनों जगह पर सावधानी बरतें, पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें, स्वस्थ आहार लें और नियमित रूप से व्यायाम करें ताकि आपका इम्यून सिस्टम मजबूत रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बड़ाई स्कूल की अंकिता ने चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नादौन में आयोजित छात्रा अंडर-14 राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हो गई। सोलो सॉन्ग में कांगड़ा जिला प्रथम रहा। जिले के राजकीय माध्यमिक पाठशाला बडाई की अंकिता ने भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त जिले व ब्लॉक नगरोटा बागवान का नाम रोशन किया है। जिसे लेकर समस्त स्कूल में और गांव में खुशी की लहर है। स्थानीय स्कूल के अध्यापक दीप कुमार शास्त्री ने खुशी प्रकट की और कहा कि राज्यस्तर में पहुंचना ही खुद में एक बहुत बड़ी बात होती है। उन्होंने अंकिता और उसके माता-पिता को बधाई दी।

### सकरी स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, देहरा।** सकरी स्कूल में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न हो गया। यह शिविर 3 नवंबर से शुरू हुआ था, जिसमें 25 स्वयंसेवियों ने प्रभारी अजय कुमार और मैडम रंजना के मार्गदर्शन में भाग लिया। स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर, सकरी बाजार, सड़कों और शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। प्रत्येक दिन प्रभात फेरी और सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श आयोजित हुआ। समापन समारोह में वरिष्ठ प्रवक्ता राजिंदर गुलेरिया मुख्य अतिथि रहे। प्रधानाचार्य संजय बागी ने शिविर की सराहना करते हुए स्वयंसेवियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### जीवन कौशल पर कार्यशाला आयोजित



**अनंत ज्ञान, देहरा।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में शिक्षकों के लिए जीवन कौशल उन्नयन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग 60 अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने हेतु आवश्यक जीवन कौशल से परिचित करवाना था। अंजना कटोच और स्वाति कालरा ने आलोचनात्मक चिंतन, निर्णय लेने और दैनिक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। प्रतिभागियों को सात समूहों में बांटकर विभिन्न गतिविधियां करवाई गईं। स्कूल के निर्देशक डॉ. गुलशन कुमार और निर्देशिका किरण लता वैद्य ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

### भलवाल में जांचा 103 लोगों का स्वास्थ्य

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पंचायत अपर भलवाल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 103 मरीजों की जांच की गई। इनमें 45 मरीजों के लैब टेस्ट हुए, जिनमें 14 हड्डियों के रोगी, 9 शुगर, 25 बीपी, 3 स्त्री रोगी और 52 सामान्य रोगी पाए गए। चिकित्सकों ने मरीजों को स्वस्थ रहन-सहन और संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### पेंशनधारक 15 तक करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, देहरा।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने सूचित किया है कि सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारक 15 नवंबर तक अपना ऑनलाइन ई-केवाईसी सत्यापन अनिवार्य रूप से कराएं। यह सुविधा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से निःशुल्क उपलब्ध है। तहसील कल्याण अधिकारी विपुल कुमार ने बताया कि रक्कड़ तहसील के लगभग 280 और देहरा तहसील के 1800 पेंशनधारक अब तक सत्यापन नहीं करा पाए हैं। समय पर ई-केवाईसी न कराने पर पेंशन वितरण प्रभावित हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी पेंशनधारक की होगी।

### साइबर क्राइम से बचने की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़जमूला में एनएसएस विशेष शिविर का चौथा दिन उत्साहपूर्ण रहा। एनएसएस वॉलंटियर ने कड़ाहू मंदिर परिसर की सफाई के साथ भजन कीर्तन किया। बौद्धिक सत्र में प्रदीप धीमान ने बच्चों को कहानियों के माध्यम से प्रेरित किया। पहले दिन पीएनबी बैंक मैनेजर सुरेंद्र सिंह ने साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी, जबकि तीसरे दिन उमेश भारती ने गैस उपयोग और सुरक्षा के बारे में मार्गदर्शन किया। रात के संस्कृत कार्यक्रम में विजय राणा, लेखराज और छात्रों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विकास नाग, उषा गौतम और विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

### शिक्षा विभाग के फरमान का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा की बैठक में प्रवक्ताओं को नवमी और दसवीं कक्षा पढ़ाते हुए फोटो भेजने के आदेश का कड़ा विरोध व्यक्त किया गया। अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास ने कहा कि विद्यालय संचालन की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य की है और प्रवक्ताओं की गरिमा पर कुठाराघात नहीं होना चाहिए। संघ ने चेताया कि इस प्रकार के तुगलकी फरमान से शिक्षा में नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर विपरीत असर होगा। संघ ने शांति और संवाद के माध्यम से समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया।

### ग्रामीण हट महिला मंडल भवन का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, गगल।** विकास खंड कांगड़ा के पंचायत सौहड़ा में रविवार को ग्रामीण हट भवन का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष रमेश बराड़ एवं सदस्य कुलभाष चौधरी ने किया। करीब 7 लाख 25 हजार रुपए की लागत से बने इस भवन का पंचायत प्रतिनिधियों और प्रधान किरण बाला ने जोरदार स्वागत किया। जिला परिषद अध्यक्ष रमेश बराड़ ने कहा कि इस भवन से महिला मंडलों को अपनी गतिविधियों संचालित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने, महिला सशक्तिकरण और सड़क, स्वास्थ्य व पानी संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए निरंतर प्रयासों की जानकारी दी।

### खाद उपलब्ध करवाने में सरकार असफल : सत्येंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिले में 15 अक्टूबर से शुरू हुए बिजाई का समय 15 नवंबर को समाप्त हो रहा है, लेकिन प्रदेश की कांग्रेसी सरकार किसानों को कीमत चुका कर भी खाद और बीज उपलब्ध कराने में विफल रही है। भाजपा जिला कांगड़ा किसान मोर्चा के महासचिव सत्येंद्र गौतम ने कहा कि वितरण केंद्रों में खाद और बीज की आपूर्ति अपर्याप्त है और जल्दी समाप्त हो रही है, जिससे किसान खाली हाथ लौट रहे हैं। कांगड़ा में लगभग 90 हजार एकड़ भूमि पर गेहूं बोया जाता है, जिसमें 66 हजार असिंचित है। गौतम ने कहा कि सरकार असंवेदनशील है और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन किया जाएगा।

### संत निरंकारी भवन घुड़कड़ी में सत्संग का आयोजन

**अनंत ज्ञान, गगल।** संत निरंकारी भवन घुड़कड़ी में हजारों संगत ने समालखा में हुए 78वें समागम से सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रचारक महात्मा राजेश ने बताया कि सतगुरु जी ने आत्म-मंथन और ब्रह्मज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि निरंकार हमारे अंदर ही है और इसे समझकर जीवन में सद्गुण अपनाने चाहिए। सतगुरु जी ने संगत को अपने मन को शीतल रखने, दूसरों के प्रति अहंकार और बुरे विचार न रखने तथा कर्मों और बोलचाल में शालीनता बनाए रखने की प्रेरणा दी।

### कुश्ती हमारी सांस्कृतिक विरासत : मलेंद्र

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** प्रदेश कुश्ती संघ एवं जिला कांगड़ा कुश्ती संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ग्रीको, रोमन और फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। मुख्य अतिथि विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि कुश्ती केवल खेल नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत है। उन्होंने युवाओं को खेलों को नशे से दूर रहने और भविष्य निर्माण का माध्यम बनाने की प्रेरणा दी। विधायक ने कुश्ती संघ को 31 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी भेंट की। समारोह में रेसलिंग एसोसिएशन के अधिकारी, जिला परिषद सदस्य, पुलिस अधिकारी और अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पठानकोट में अवैध शराब की 47 पेटियां बरामद

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट पुलिस और एक्साइज विभाग ने पठानकोट-अमृतसर नेशनल हाइवे पर बलसूआ पुल के पास अवैध शराब का बड़ा जखीरा बरामद किया। पुलिस ने दो युवकों, सन्नी और रंजीव ठाकुर की गाड़ी से 47 पेटियां शराब जब्त की। घटना उस समय हुई जब गाड़ी नाकाबंदी पर रोकी गई, लेकिन चालक भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। बरामदगी की जानकारी शराब ठेकेदारों ने पुलिस और एक्साइज विभाग को दी थी।

### रजोल में आयोजित ओबीसी संघर्ष समिति के अधिवेशन में दी चेतावनी

# 20 सूत्री मांगें नहीं मानी तो चुनावों में कांग्रेस–भाजपा का बहिष्कार : ओबीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**शाहपुर** विधानसभा के छिंज मेला ग्राउंड रजोल में ओबीसी संघर्ष समिति का प्रदेश स्तरीय अधिवेशन संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में प्रदेशभर से ओबीसी समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओबीसी संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष सौरभ कौंडल रहे।



रजोल में ओबीसी संघर्ष समिति का प्रदेश स्तरीय अधिवेशन आयोजित किया।

अधिवेशन में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां वर्षों से ओबीसी समाज को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती आ रही हैं, लेकिन अधिकारों की बात आते ही दोनों की चुप्पी चिंताजनक है। कार्यक्रम में समिति के प्रदेश महासचिव ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में केवल 25,000 ओबीसी कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि 27 प्रतिशत आरक्षण के अनुसार यह संख्या 72,000 होनी चाहिए। यह सरकारी तंत्र की उपेक्षा को दर्शाता है। सौरभ कौंडल ने कहा कि ओबीसी समाज अब अपने अधिकारों के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सरकार और विपक्ष ने ओबीसी की 20 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया, तो आने वाले चुनावों में ओबीसी समाज दोनों दलों का बहिष्कार करेगा। कौंडल ने कहा कि संघर्ष को और तेज किया जाएगा और मंत्री–विधायकों से जवाब मांगा जाएगा।

**प्रमुख मांगें**

- 93वें संविधान संशोधन 2005 के अनुसार सभी शिक्षण संस्थानों में ओबीसी आरक्षण लागू किया जाए। राज्य और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में ओबीसी छात्रों के लिए छात्रावास बनाए जाएं।
- राइट टू एजुकेशन एक्ट को पूर्ण रूप से लागू किया जाए।
- मंडल आयोग व सुप्रीम कोर्ट के अनुसार सरकारी सेवाओं में 27% आरक्षण सुनिश्चित किया जाए।
- एनएफएस के नाम पर आरक्षण नकारने वाले अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए।
- ओबीसी जनगणना शीघ्र करवाई जाए तथा विधानसभा व लोकसभा में ओबीसी के लिए सीटें आरक्षित की जाएं।
- ओबीसी कल्याण के लिए अलग बजट बनाया जाए और ओबीसी भवनों को संगठनों को सौंपा जाए।


## बैजनाथ में बसों को जलाने का आरोपी पांच दिन के पुलिस रिमांड पर

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में हाल ही में हुए बहुचर्चित आगजनी मामले में आरोपी सुशांत को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पुलिस ने तीन दिन पहले राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर खड़ी हिमाचल परिवहन और चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन की दो बसों को जलाने के मामले को मात्र 36 घंटे में सुलझा लिया। सुशांत, जो पालमपुर तहसील के भरवाना धार गांव का निवासी है, को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया और बताया कि वह नशे में था और ठंड से बचने के लिए बस में हाथ–पैर सेंक रहा था। आग अनजाने में फैल गई और उसने सनक में दूसरी बस में भी आग लगा दी। उसी रात उसने निजी बस और कैलाश सर्विस स्टेशन की गाड़ी के शीशे भी तोड़े। सीसीटीवी फुटेज और पुलिस इनपुट के आधार पर पहचान की गई। थाना प्रभारी यादेश ठाकुर ने बताया कि आरोपी आईटीआई डिग्री धारक है।

## सालगिरह मुबारक



बिलासपुर के अमन और रंजना को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



कैथल (हरियाणा) के सकल और बिलासपुर की राशि को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### टांडा के डॉक्टरों ने रचा इतिहास

## हिमाचल में पहली बार मलाशय कैंसर की रोबोटिक सर्जरी सफल

**अनंत ज्ञान, टांडा ( कांगड़ा )।** टांडा मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग के डॉक्टरों की टीम ने प्रदेश में पहली बार मलाशय (रेक्टम) के कैंसर की रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक की है। यह राज्य की पहली रोबोटिक कोलोरेक्टल सर्जरी मानी जा रही है। 51 वर्षीय महिला रोगी लंबे समय से मलाशय के कैंसर से पीड़ित थी। इस प्रकार के कैंसर में सर्जरी के साथ कीमोथेरेपी और रेडिएशन ही एकमात्र प्रभावी उपचार है। सर्जरी विभाग के डॉ. अंकित शुक्ला (गैस्ट्रो सर्जन) और डॉ. महेंदर राणा (मिनिमल एक्सेस लैप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जन) ने यह जटिल सर्जरी अपनी टीम के साथ पूरी की। इस दौरान एनेस्थीसिया विभाग की डॉ. मोनिका पठानिया और उनकी टीम, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मिलाप शर्मा, सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव शर्मा तथा ओटी स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। डॉक्टरों के अनुसार, रोबोटिक सर्जरी कैंसर मरीजों के लिए बेहद लाभकारी होती है, क्योंकि इसमें सटीकता अधिक होती है, रक्तस्राव कम होता है और लिम्फ नोड्स की बेहतर सफाई संभव हो पाती है। फिलहाल रोगी की हालत स्थिर है और उसके शीघ्र स्वस्थ होने की उम्मीद है।



जटिल ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर।

## देश विरोधी मानसिकता के कारण कांग्रेस नेता बेनकाब : श्रेय अवस्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांग्रेस** पार्टी और उसके शीर्ष नेता एक बार फिर अपने निराधार आरोपों और देशविरोधी मानसिकता के कारण जनता के सामने बेनकाब हो चुके हैं। हाल ही में कांग्रेस नेताओं द्वारा लगाए गए 'वोट चोरी' जैसे बेतुके आरोप न केवल लोकतंत्र का अपमान है, बल्कि यह भारत के मतदाता की बुद्धिमत्ता का भी अपमान है। रविवार को जारी प्रेस बयान में भाजपा सोशल मीडिया विभाग के सहसंयोजक श्रेय अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस नेता बार–बार भारत के संवैधानिक संस्थानों, चुनाव आयोग और न्यायपालिका पर सवाल उठाकर देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाते हैं। उनकी राजनीति संदेह, झूठ और नकारात्मकता पर आधारित है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता अब केवल हिंदू विरोध और भारत विरोध तक सीमित रह गई है। कांग्रेस नेताओं ने बार–बार हिंदू धर्म का अपमान किया है, वे हिंदू देवी–देवताओं पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं, प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को नकारते हैं और स्वयं राहुल गांधी खुलेआम 'हिंदुत्व को खत्म करने' जैसी आपत्तिजनक बातें करते हैं। अवस्थी ने कहा कि यह वही दोहरा चेहरा है, जहां कांग्रेस पहले हिंदुओं को अपमानित करती है और फिर उन्हीं से वोट मांगने जाती है यह जनता अब बर्दाश्त नहीं करेगी। श्रेय अवस्थी ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को भी कटघरे में खड़ा किया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार, विफल योजनाओं और प्रशासनिक अराजकता ने प्रदेश की जनता को पूरी तरह निराश किया है। कर्मचारी असंतुष्ट हैं, बेरोजगारी चरम पर है, और विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को जनता की पीड़ा से कोई सरोकार नहीं है, उनका एकमात्र उद्देश्य राजनीतिक स्वार्थ और सत्ता की भूख है।

## 1.36 करोड़ रुपए से बनेगा भरूपलाहड़ पंचायत भवन : केवल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने भरूपलाहड़ पंचायत भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ–साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक ने बताया कि भरूपलाहड़ पंचायत के लोगों को अब एक भव्य एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त पंचायत भवन मिलने जा रहा है, जिस पर 1 करोड़ 36 लाख रुपए की राशि व्यय की जाएगी। इस भवन में सार्वजनिक पुस्तकालय, कॉमन हॉल तथा पंचायत के सभी कार्यालय शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भवन के निर्माण से ग्रामीणों को प्रशासनिक कार्यों के लिए इधर–उधर नहीं भटकना पड़ेगा। साथ ही, पुस्तकालय सुविधा से क्षेत्र के युवाओं को अध्ययन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर प्राप्त होगा।

## राहुल गांधी झूठ का चला रहे रिसर्च सेंटर : परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अब राजनीति नहीं, झूठ का शोध संस्थान चला रहे हैं। हरियाणा चुनाव में भाजपा पर लगाए गए उनके 'वोट चोरी' के आरोप हास्यास्पद और निराधार हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को बिहार में हार साफ दिखाई दे रही है, इसलिए वह पहले से ही बहाने गढ़ने में जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को देश की जनता बार–बार नकार चुकी है। अब जब बिहार और हरियाणा में हार तय है, तो वह पहले से भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा नेता धर्मेंद्र प्रधान और किरेन रिजिजू द्वारा लगाए गए आरोपों का समर्थन करते हुए विपिन परमार ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा चुनाव के वक्त विदेश चले जाते हैं और फिर हार का ठीकरा लोकतंत्र पर फोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की पुरानी रणनीति है, जब जनता साथ न दे, तो ईवीएम या वोटिंग प्रक्रिया पर सवाल उठा दो। परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार भी राहुल गांधी के ही रास्ते पर चल रही है–वादे बड़े, काम शून्य।

## शिक्षक वह दीपक, जो अंधकार में दिखाता राह : संजय पराशर



कैप्टन संजय पराशर ने शिक्षण संस्थान के लिए 51000 रुपए का आर्थिक सहयोग भी किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**सरस्वती** विद्या मंदिर उच्च विद्यालय सोलन में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कैप्टन संजय पराशर ने विद्यार्थियों को शिक्षा के वास्तविक अर्थ और उद्देश्य पर प्रेरक विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि आज के समय में शिक्षा का अर्थ केवल नौकरी या परीक्षा तक सीमित नहीं रह जाना चाहिए।

सच्ची शिक्षा वह है, जो व्यक्ति के भीतर विनम्रता, संवेदना और आत्मविश्वास पैदा करे। कैप्टन पराशर ने विद्यार्थियों से कहा कि वे ज्ञान को केवल अंकों से न आंकें, बल्कि उसे जीवन में लागू करें। उन्होंने कहा कि गुरु और शिष्य का रिश्ता केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। शिक्षक वह दीपक है जो अंधकार में राह दिखाता है, और विद्यार्थी वह दीया है जो स्वयं प्रकाश लेकर दूसरों को रोशन करता है। कैप्टन पराशर ने शिक्षा में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, और आत्मनिर्भरता के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और परिश्रम के साथ लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी। पराशर ने विद्यालय के लिए भूमि दान करने वाले राजवैद्य विद्याधर विद्यालंकर का आभार जताया। संजय ने इस शिक्षण संस्थान के लिए 51000 रुपए का आर्थिक सहयोग भी किया। इस अवसर पर संजय पराशर की धर्मपत्नी सोनिका, आशुतोष आनंद, विधायक दीपराज, विद्या भारती के उत्तर क्षेत्र के सह संगठन मंत्री बाल किशन सहित अभिभावक शामिल रहे।

## कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला ब्लॉक कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं विकास चर्चा प्रभारी अजय वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर पर सुदृढ़ करने के लिए रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बड़ी संख्या में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और बूथ प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपने सुझाव साझा किए। अजय वर्मा ने कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसका कार्यकर्ता है, और जब तक बूथ स्तर पर संगठन मजबूत नहीं होगा, जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से नहीं उठाया जा सकता। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने और संगठन को नई ऊर्जा देने का आह्वान किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी व्यवहारिक सुझावों पर अमल किया जाएगा। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष हरभजन चौधरी, पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी और अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधन किया तथा कार्यकर्ताओं की एकजुटता को पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति बताया।

## बच्चों के भविष्य को संवारने में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : आरएस बाली



रेनबो इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में आरएस बाली में होनहार किए सम्मानित।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**प्रदेश** पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) एवं विधायक आरएस बाली ने कहा कि बच्चों के भविष्य को संवारने में शिक्षक तथा अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

यह बात रविवार को रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कही। उन्होंने शिक्षकों तथा अभिभावकों से बच्चों को नशे से दूर बनाए रखने के लिए भी सकारात्मक कदम उठाने का भी आग्रह किया। बच्चों से नशे से दूर रहने और पढ़ाई–लिखाई के साथ–साथ खेलकूद, सांस्कृतिक तथा अन्य सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया।

उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 2 लाख देने की घोषणा भी की। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। इससे पहले, रेनबो इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक जेआर कश्यप ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और प्रिंसिपल डॉ. छवी कश्यप ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट व अन्य गतिविधियों बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम मुनीश शर्मा, डीएम एचआरटीसी पंकज चड्ढा, विद्यालय के प्रबंधक, शिक्षकगण, अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

## राज्यस्तरीय लोक संगीत गायन में एंजल स्कूल भवारना की लड़कियां प्रथम

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** लड़कियों और लड़कों की राज्यस्तरीय अंडर–14 खेलों का आयोजन 5 से 8 नवंबर तक राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल नादौन में किया गया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में जिला कांगड़ा का प्रतिनिधित्व करते हुए एंजल पब्लिक स्कूल भवारना की लड़कियों एवं लड़कों की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने जिले के लिए इनाम जीते।

विद्यालय की छात्राएं पूर्वी, सारिका और खुशबू ने लोक संगीत गायन में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। लड़कों के वर्ग में विद्यालय के शिवांश अथर्व एवं प्रखर ने प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय पहुंचने पर इन विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया। बच्चों ने इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय संगीत अध्यापक अंकित कुमार को दिया। प्रधानाचार्य समीर अमिताभ ने बच्चों की उपलब्धि तथा उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संगीत संयोजिका शिवानी, प्रियंका तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे।




प्रधानाचार्य समीर अमिताभ ने बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## शेर सिंह दूसरी बार संगठनात्मक जिला पालमपुर के अध्यक्ष बने

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विधानसभा जयसिंहपुर के खजूरनू के रहने वाले शेर सिंह को पार्टी के प्रति निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने पर दूसरी बार संगठनात्मक जिला पालमपुर से 'आप' का अध्यक्ष चुना गया। आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रभारी ऋतुराज गोविंद झा व सह प्रभारी अजय राजपूत ने कांगड़ा दक्षिण पालमपुर संगठनात्मक जिला के पदाधिकारियों की अधिसूचना जारी की, जिनके चुनाव पहले कांगड़ा में विधिवत रूप से हो चुके थे। अब पार्टी हाई कमान से अनुमोदन के बाद उनकी सूची जारी कर दी है। शेर सिंह को जिला पालमपुर का अध्यक्ष, प्रकाश मेहरा व राकेश कुमार को उपाध्यक्ष, प्रभात कौंडल को संगठन मंत्री, राजेंद्र कुमार संयुक्त सचिव तथा सुरेश कुमार, संजय राणा, मदन लाल शर्मा तथा सुरेंद्र कपूर को सचिव बनाया गया है।

शेर सिंह ने अध्यक्ष बनाने पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप पाठक, हिमाचल प्रदेश आम आदमी पार्टी के प्रभारी ऋतुराज गोविंद झा, सह प्रभारी अजय राजपूत, जिला कांगड़ा के प्रभारी पूर्ण चंद, जयसिंहपुर विधानसभा की टीम तथा पालमपुर, सुलह, व बैजनाथ के सभी सदस्यों का का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में जिला पालमपुर के चारों विधानसभा क्षेत्रों में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को विजय बनाने के लिए भरसक प्रयास करेंगे।

## अमित दत्ता ने गुलेर में 'राग काल माला' का फिल्मांकन किया शुरू

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान।** देहरा। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता अमित दत्ता ने अपनी नई फिल्म 'राग काल माला' (समय और जुड़े हुए भावों की माला) की शूटिंग कांगड़ा जिले के ऐतिहासिक शहर गुलेर में शुरू की है। यह फिल्म कांगड़ा घाटी की कालातीत कलात्मकता और उसकी लघु चित्रकला परंपरा को समर्पित है, जो रागों और समय के गहरे संबंधों को दृश्य और श्रव्य रूप में अभिव्यक्त करती है। फिल्म के संगीत निर्देशन की जिम्मेदारी रुद्र वीणा के अग्रणी वादक और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित उस्ताद बहाउद्दीन डागर निभा रहे हैं। डागर ने सूर्योदय से सूर्यास्त तक प्रकृति के बदलते रंगों के अनुरूप संगीत रचना प्रारंभ की, जिसमें समय की लय और रागों की आत्मा का अद्भुत संगम है। ध्रुपद परंपरा की 20वीं पीढ़ी के कलाकार डागर, बाबा बेहराम खान के उस प्रतिष्ठित वंश से हैं, जिन्होंने महाराजा रणजीत सिंह के दरबार को शोभायमान किया था। भारतीय सौंदर्यशास्त्र में दिन को आठ पहरों में बांटा गया है, जिनसे जुड़े रागों ललित, भैरव, तोड़ी, सारंग, मारवा, यमन, बिहाग और मालकौंस को फिल्म में समय और प्रकृति के साथ जोड़ा गया है। दत्ता के अनुसार, 'राग काल माला' सभी कलाओं के उस अनंत संवाद को रूप देती है, जहां ध्वनि, समय और प्रकृति एकाकार हो जाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा शिविर आज से

**अनंत ज्ञान, भगेड़।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा शिविरों के अगले सप्ताह का रोस्टर जारी कर दिया गया है। इन शिविरों का आयोजन क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में किया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को घर-द्वार पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। कार्यक्रम के अनुसार, 10 नवंबर (सोमवार) को पहला शिविर बाला पंचायत में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 11 नवंबर (मंगलवार) को बडोल पंचायत, 12 नवंबर (बुधवार) को विजयपुर पंचायत, 13 नवंबर (वीरवार) को डाहड पंचायत, 14 नवंबर (शुक्रवार) को डमली पंचायत, तथा 15 नवंबर (शनिवार) को बेहना जट्टा पंचायत में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सक टीम द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण किए जाएंगे और आवश्यक दवाइयाँ निःशुल्क वितरित की जाएंगी। क्षेत्र के लोगों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में भाग लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाएं। सांसद प्रतिनिधि आकाश चंदेल ने बताया कि यह पहल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### डीएवी बरमाणा में मनाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** अडानी फाउंडेशन डीएवी एसीसी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरमाणा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 'संवर्द्धन' बड़े उत्साह और सांस्कृतिक भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त राहुल कुमार मुख्य अतिथि और एडीसी ओंकार ठाकुर विशेष अतिथि रहे। विद्यार्थियों ने बुलंद भारत, सिंड्रेला, ध्वनि यात्रा, पहाड़ियों की लय जैसी रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य सुनील गंगटा ने वार्षिक प्रतिवेदन में विद्यालय की उपलब्धियां साझा कीं। बारहवीं की पर्ल गौतम ने 98.2% अंक प्राप्त कर मानविकी वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि दसवीं में चैतन्य चंदेल ने 94.8% अंक प्राप्त किए। विद्यालय के चार स्काउट्स एवं गाइड्स को राष्ट्रपति पुरस्कार मिला और 74 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि राहुल कुमार ने विद्यालय को शिक्षा व संस्कार का आदर्श केंद्र बताते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### सड़क के तंग मोड़ों को चौड़ा करने की मांग

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** झंडूता उपमंडल के पनौल से समोह होते हुए झंडूता आने वाली मुख्य सड़क के खतरनाक तंग मोड़ों को चौड़ा करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय लोग लंबे समय से इस सड़क की दुर्दशा को लेकर परेशान हैं और आशंका जता रहे हैं कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस संबंध में झंडूता के समाजसेवी प्रशांत शर्मा ने बताया कि यह सड़क झंडूता से घुमारवीं और बिलासपुर पहुंचने का सबसे प्रमुख मार्ग है। रोजाना सैकड़ों वाहन इस रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन तंग मोड़ों के कारण बड़े वाहनों का आना-जाना बेहद जोखिम भरा हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन मोड़ों को जल्द नहीं खोला गया तो बड़ा हादसा होना तय है। प्रशांत शर्मा ने जिला प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेते हुए सड़क के इन खतरनाक मोड़ों को चौड़ा करने की मांग की है। उनका कहना है कि बार-बार लोगों ने इस समस्या को उठाया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### मंत्री ने सुन्हाणी-बरठीं सड़क का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने आज देर सांय अधिकारियों के साथ घुमारवीं-सुन्हानी-बरठीं सड़क का मौके पर जाकर निरीक्षण किया तथा चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित बनाने तथा निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सडक़ घुमारवीं क्षेत्र की महत्वपूर्ण कड़ी है जो सुन्हानीए बरठीं और आस-पास के गांवों को मुख्य बाजार से जोड़ती है। इस सडक़ का पुनः सुचारू संचालन हो जाने से स्थानीय लोगों, किसानों तथा स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान राजेश धर्माणी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य में गति लाई जाए और सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बरसात से क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत के साथ-साथ नालियों की उचित व्यवस्था और जल निकासी तंत्र को भी मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में सडक़ को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह सड़क बरसात के मौसम में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके कारण बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक लगानी पड़ी थी।

# श्रद्धा और भक्तिरस में डूबा बिलासपुर नगर

## नगर में धूमधाम से मनाया सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव का 556वां प्रकाश पर्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर नगर के प्राचीन गुरुद्वारा कलगीधर साहिब न्यू टाउन में रविवार को सिख धर्म के संस्थापक, सृष्टि के प्रकाशपुंज, मानवता के प्रथम उपदेशक श्री गुरु नानक देव महाराज का 556वां प्रकाश पर्व अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक भक्ति के वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही पूरा शहर 'वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरुजी की फतेह के जयघोष से गूंज उठा।



गुरुद्वारा परिसर में सजे दीवान हाल में अखंड पाठ साहिब के भोग के साथ ही वातावरण पवित्रता और आध्यात्मिकता से भर गया। सैकड़ों श्रद्धालु नतमस्तक होकर गुरु चरणों में अपनी अरदासें लेकर पहुंचे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी तथा तख्त श्री केशगढ़ साहिब जी की अगुवाई में उपस्थित रागी एवं ढाडी जत्थों ने कहा कि गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि यह मानवता, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश है। गुरु नानक देव ने हमें सिखाया कि धर्म वही सच्चा है जो मानवता की सेवा में है।

**अरदासें लेकर पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं**

### शबद-कीर्तन सुन संगत हुई निहाल

9 नवंबर को श्री अखंड पाठ साहिब का भोग बड़ी श्रद्धा से डाला गया। तत्पश्चात सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक गुरमत कीर्तन दरबार का आयोजन हुआ, जिसमें हजूरी रागी जत्थों ने गुरबाणी के मधुर शब्दों से संगत को निहाल किया। ढाडी जत्थों द्वारा गुरू परंपरा, शहीदों और सिक्ख इतिहास के प्रेरक प्रसंग सुनाए गए, जिनसे वातावरण भावविभोर हो उठा।

### गुरु नानक जी के उपदेश आज भी प्रासंगिक

**समारोह** में प्रवचनों के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज जब संसार तनाव और स्वार्थ में उलझा हुआ है, ऐसे में गुरु नानक देव की वाणी नाम जपो, किरत करो, वंड छको' ही सच्चे जीवन की दिशा दिखाती है। पूरा बिलासपुर शहर इस अवसर पर गुरु भक्ति में रंगा नजर आया। घर-घर में दीये जलाए गए, संगतों ने नितनेम किया और गुरुवाणी का रसपान किया। कार्यक्रम का समापन अरदास और आशीर्वचन के साथ हुआ, जिसमें सभी ने देश, समाज और समूची मानवता की भलाई की कामना की।

### नगर कीर्तन बना श्रद्धा का संगम

**बिलासपुर** नगर में निकाले गए भव्य नगर कीर्तन में संगतों की विशाल भीड़ शामिल हुई। पंच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन जब शहर की गलियों से गुज़रा, तो हर ओर भक्ति, प्रेम और भाईचारे का दृश्य दिखा। संगत ने पुष्पवर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया। स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत बैंड, परंपरागत झांकियां, आतिशबाजी और निहंग सिखों की गातका कला सभी के आकर्षण का केंद्र रहीं।

### श्रद्धालुओं ने खाया लंगर का प्रसाद

**कार्यक्रम** में दोपहर बाद अटूट लंगर का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरु का लंगर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा हारकुकार, गुरु हरगोविंद साहिब संगत मजारी तथा अन्य सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं द्वारा डियारा सेक्टर में विशेष चाय, मिष्ठान और फलों का लंगर लगाया गया।

## रेशम कीट पालन कर आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं : विवेक कुमार

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



झंडूता विधानसभा क्षेत्र के छंजोटी गांव में रेशम कीट पालन विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में रेशम कीट पालन को बढ़ावा देकर महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं की जानकारी से लोग अपने आर्थिक स्तर को सुदृढ़ कर सकते हैं। विवेक कुमार ने बताया कि रेशम कीट उत्पादन के लिए सरकार की ओर से अनुदान, प्रशिक्षण, शेड निर्माण में सहायता और कोकून के उचित मूल्य की गारंटी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जल्द ही रेशम कीट पालन केंद्र स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए जमीन की तलाश की जा रही है और तब तक अस्थायी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने लोगों, विशेषकर महिलाओं से आग्रह किया कि वे इस योजना से जुड़कर स्वरोजगार अपनाएं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के ग्रामीण विकास के प्रयासों की भी सराहना की।

## डॉ. बीरू राम को बनाएं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक डॉ. बीरू राम किशोर को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने की जोरदार मांग उठाई है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि डॉ. बीरू राम किशोर, जो गेहडवीं और झंडूता विधानसभा क्षेत्रों से विधायक रह चुके हैं तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पद पर भी कार्य कर चुके हैं। अपनी ईमानदार, बेदाग छवि और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि डॉ. किशोर का लंबा राजनीतिक अनुभव और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा उन्हें इस पद के लिए उपयुक्त उम्मीदवार बनाती है। उनका मानना है कि यदि प्रदेश कांग्रेस की कमान ऐसे योग्य और लोकप्रिय नेता को सौंपी जाती है, तो पार्टी संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी इस मांग का समर्थन किया है। उनका कहना है कि डॉ. बीरू राम किशोर जैसे सशक्त नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी जनता के बीच अपनी पकड़ और साख दोनों को और अधिक मजबूत कर सकेगी।

## केंद्र की मोदी सरकार ने गांवों की ओर मोड़ी विकास की दिशा : जीतराम कटवाल

### कहा-टिफिन बैठकें जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत का मार्ग गांवों से होकर गुजरता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने विकास की दिशा गांवों की ओर मोड़ दी है, और झंडूता क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्षों में डमली पंचायत में विधायक क्षेत्रीय विकास निधि सहित अन्य मदों से लगभग 79 लाख रुपए के विकास कार्य करवाए गए हैं। आत्मनिर्भर-विकसित भारत संकल्प ग्राम केंद्र पदयात्रा के दूसरे दिन धराड़सानी पंचायत के कोहिना और धराड़सानी बूथों पर आयोजित टिफिन बैठकों में विधायक कटवाल ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राष्ट्रवादी विचारधारा वाली पार्टी है, जिसके कार्यकर्ता देश को




आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिए निरंतर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' अभियान स्थानीय कौशल और उद्यम को प्रोत्साहित करने का प्रतीक है।

आज विकास का केंद्र स्वावलंबन, कौशल, प्रौद्योगिकी और जनसहभागिता है। विधायक ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि टिफिन बैठकें जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम हैं। इनसे न केवल जमीनी जरूरतों का पता चलता है, बल्कि विकास की प्राथमिकताएं भी तय होती हैं। उन्होंने कहा कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनकी शीर्ष प्राथमिकता है और इसके लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रसम सिंह चंदेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष मन्हास, बूथ अध्यक्ष रामपाल व संजय, ग्राम केंद्र अध्यक्ष जीवन सिंह और पूर्व प्रधान राजकुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बिलासपुर कॉलेज में युवा महोत्सव 27 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में 27 नवंबर से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव ग्रूप-4 (थियेटर) का आयोजन किया जा रहा है। यह युवा महोत्सव 27 नवंबर से शुरू होकर 30 नवंबर तक चलेगा। इस महोत्सव में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालय के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कहा कि यह युवा महोत्सव भाषा एवं संस्कृति विभाग बिलासपुर के सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव में चार आइटम्स प्ले, स्किट, माइम और मीमिकरी होगी। यह महोत्सव विद्यार्थियों को अपनी अभिनय क्षमता को निखारने का सुअवसर प्रदान करता है।

## आंगनबाड़ी वर्कर्स की आयुष्मान कार्ड में परिवार को जोड़ने की मांग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने सरकार से आयुष्मान कार्ड योजना के तहत परिवार के सदस्यों को जोड़ने की मांग उठाई है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि पहले सरकार द्वारा हिमकार्ड स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, जिसमें पूरा परिवार शामिल रहता था और सभी सदस्य इसका लाभ प्राप्त करते थे। कार्यकर्ताओं ने बताया कि कुछ समय पहले हिमकार्ड को आयुष्मान कार्ड में परिवर्तित कर दिया गया है, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता और 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वृद्धजन शामिल हैं। आयुष्मान कार्ड बनाए हुए छह महीने से अधिक समय बीत चुका है, फिर भी कार्ड में पारिवारिक सदस्यों को जोड़ने की सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। इस वजह से कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं से वंचित हैं और उन्हें विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

कार्यकर्ताओं ने सरकार से आग्रह किया है कि शीघ्र ही कार्ड धारक के साथ उसके परिवार के सदस्यों को भी इस योजना में सम्मिलित किया जाए, ताकि वे भी स्वास्थ्य सुविधा का पूरा लाभ प्राप्त कर सकें।

## भविष्य की चुनौतियों के लिए रहें तैयार : विजय

### शिवम इंस्टीट्यूट फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर घुमारवीं में बैठक का आयोजन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

शिवम इंस्टीट्यूट फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर यानी एसआईवीटी के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के बाद पहली समीक्षा बैठक का आयोजन घुमारवीं एसआईवीटी मुख्य कार्यालय में किया गया। एसआईवीटी सोसायटी के चेयरमैन दिनेश भुट्टो की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सोसायटी के सभी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक संचालन उपाध्यक्ष सतीश निखिल द्वारा किया गया। बैठक में वार्षिक समारोह की सफलता के लिए चेयरमैन द्वारा सभी सोसायटी मेंबर्स, सभा शाखाओं के सेंटर हेड और स्टाफ का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर सभी सोसायटी पदाधिकारियों ने इस बार रह गई खामियों पर और बेहतर करने के लिए अपने सुझाव रखे, जिन्हें सहर्ष स्वीकार किया गया, ताकि अगली बार के लिए कमियों की गुंजाइश न रहे। एसआईवीटी एमडी सतीश शर्मा ने कहा कि इस



तरह की बैठक से हमें स्वयं के भीतर झांकने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि इस बार का कार्यक्रम अतुलनीय था, सभी शाखाओं के स्टाफ और सदस्यों ने बेहतरीन तालमेल के साथ कार्यक्रम को बुलंदियों तक पहुंचाने का अनुकरणीय प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि दायित्व सौंपे जाने के बावजूद कोताही बरतना अस्वीकार्य है। भविष्य में ऐसी बातों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों और स्टाफ सदस्यों का समन्वय, तालमेल और सकारात्मक सोच ही एसआईवीटी की उन्नति के मार्ग को प्रशस्त करती है। एसआईवीटी महासचिव विजय कुमार ने कहा कि करीब अढ़ाई दशकों ने आईटी क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभा रही एसआईवीटी को भविष्य में और चुनौतियों का सामना करना है। सोसायटी प्रदेश में होने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में अपना अहम रोल अदा करती है। निकट भविष्य में आगामी वर्ष के कार्यक्रमों की फेहरिस्त में समाजिक सरोकारों को पूरा करने के लिए अपनी वचनबद्धता को निभाएगी। चेयरमैन दिनेश भुट्टो ने सभी पदाधिकारियों को इस बार वृंदावन धाम की धार्मिक यात्रा पर ले जाने के लिए आश्वस्त किया।

## निर्मल मन वालों को ही प्राप्त होती है ईश्वर की कृपा : प्रमोद

**अनंत ज्ञान, शाह तलाई**

नगर पंचायत तलाई वार्ड नंबर-2 के नगरवासियों द्वारा सामूहिक रूप से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक आचार्य प्रमोद पुंज ने श्रोताओं को श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, पूतना वध, माखन चोरी और कालिया नाग मर्दन जैसी कथाएं पर विस्तार पूर्वक कथा सुनाई। आचार्य ने बताया कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने के की तैयारी करते हैं।

भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं। इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं। जिसको देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देख भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर पूरे नगरवासियों को पर्वत को नीचे बुला लेते हैं। जिससे हार कर इंद्र एक सप्ताह के बाद बारिश को बंद कर देते हैं। जिसके ब्रज में भगवान श्री कृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारों लगाने लगते हैं। आचार्य पुंज ने कहा कलयुग में शांति के लिए हरि नाम स्मरण का महत्व अति उत्तम बताते हुए कहा, यह सत्ययुग और त्रेतायुग से सरल उपाय है। इन्होंने कहा हमें धन-दौलत कमानी चाहिए, लेकिन उससे प्रेम नहीं करना चाहिए।

संसार की वस्तुएं केवल उपयोग के लिए हैं। सदैव भगवान के सामने कपट या बनावट न करें। निर्मल मन वाले इंसान ही भगवान की कृपा प्राप्त होती है और वह जीवन में आगे बढ़ पाता है। सच्चा ज्ञान वह है जो हमें सभी प्राणियों में परमात्मा को देखने में मदद करता है और जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति दिलाता है।

## मिनर्वा स्कूल के वार्षिक समारोह में पूर्व विद्यार्थी शुभम ने सम्मानित किए मेधावी

### स्कूल ने हर्षोल्लास के साथ मनाया 23वां वार्षिक पारितोषिक समारोह

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

जब कोई छात्र अपने ही विद्यालय में मुख्यातिथि बनकर लौटता है, तो वह क्षण हर किसी के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक बन जाता है। ऐसा ही एक अवसर मिनर्वा स्कूल घुमारवीं में देखने को मिला, जहां विद्यालय के 23वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया।




समारोह की विशेषता यह रही कि विद्यालय प्रबंधन ने अपने ही पूर्व छात्र, वर्ष 2011-12 के बैच के विद्यार्थी तथा वर्तमान में भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट कमांडर शुभम सोनी को कार्यक्रम में मुख्यातिथि आमंत्रित किया। सोनी ने समारोह की शोभा बढ़ाते हुए कहा कि विद्यालय जीवन व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण की नींव रखता है, और मुझे गर्व है कि मिनर्वा स्कूल ने वह आधार मुझे प्रदान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, खेलकूद, सह-पाठयक्रम गतिविधियों का विस्तृत विवरण दिया। उन्होंने कहा कि इससे बड़ी खुशी का क्षण कोई और नहीं हो सकता जब विद्यालय का पूर्व छात्र आज मुख्य अतिथि के रूप में हमारे बीच उपस्थित हो। यह क्षण न केवल शुभम और उसने माता-पिता के लिए, बल्कि पूरे मिनर्वा परिवार के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है। मुख्यातिथि लेफ्टिनेंट कमांडर शुभम सोनी ने अपने संबोधन में विद्यालय में बिताए पलों को याद किया और कहा कि मिनर्वा स्कूल ने उन्हें जीवन में अनुशासन, परिश्रम और देशभक्ति की भावना सिखाई।

उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे अपने सपनों को साकार करने के लिए दृढ़ निश्चय और मेहनत से कार्य करें। उन्होंने कहा कि सपने वो नहीं जो हम सोते समय देखते हैं, सपने वो हैं जो हमें सोने नहीं देते। यह वाक्य हमें यह सिखाता है कि सच्चे सपने वही होते हैं, जिनके लिए हम मेहनत करते हैं, संघर्ष करते हैं और कभी हार नहीं मानते।

### इन होनहारों को दिया 5 हजार का इनाम


**दसवीं** की बोर्ड परीक्षा में पांचवां स्थान हासिल करने वाली नित्या प्रत्यक्षा राजे, सातवां स्थान हासिल करने पर कार्तिक चंदेल, आठवां स्थान पाने पर आराध्या शर्मा, नौवां स्थान हासिल करने पर रुद्रांश व्यास, आनंदिता, आर्यांश चंदेल, काव्यांजलि ठाकुर, दसवां स्थान हासिल करने पर विक्रम भारद्वाज, पुष्कल ठाकुर को मोमेंट्स व 5 हजार इनाम के साथ सम्मानित किया गया। वहीं, प्रदेशभर में दूसरा स्थान हासिल करने पर परनिका शर्मा को सम्मानित किया गया।जमा दो कक्षा में पूरे प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त करने पर प्रांजल राणा व आठवां स्थान प्राप्त करने पर प्रज्ञा सिंह को सम्मानित किया गया।

**अध्यात्म** पी-3-वाई केवल एक साधना नहीं, बल्कि जीवन को संपूर्णता की ओर ले जाने वाला एक दिव्य विज्ञान

## परमजी-पप्र-परमयोग से जीवन में आएगी सुख-शांति : पुष्पिंद्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मानव जीवन में सुख, शांति और स्वास्थ्य लाने वाली अद्भुत विद्या पी-3-वाई (परमजी-पप्र-परमयोग) का एक निशुल्क शिविर बिलासपुर जिला मुख्यालय स्थित जिला परिषद हॉल में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस शिविर में बिलासपुर के अलावा सुंदरनगर और शिमला से भी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लेकर आत्मिक अनुभूति प्राप्त की।





बिलासपुर जिला मुख्यालय स्थित जिला परिषद हॉल में परमजी-पप्र-परमयोग शिविर में उपस्थित प्रतिभागी और शिविर को संबोधित करतीं पुष्पिंद्रा महाजन।

मुख्य प्रवक्ता पुष्पिंद्रा महाजन ने बताया कि पी-3-वाई केवल एक साधना नहीं, बल्कि जीवन को संपूर्णता की ओर ले जाने वाला एक दिव्य विज्ञान है, जिसे परमजी ने मानवता के कल्याण हेतु प्रदान किया। यह साधना व्यक्ति को मानसिक शांति, आध्यात्मिक उन्नति और निरोग जीवन प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि नियमित अभ्यास से व्यक्ति तनाव, अनिद्रा, अवसाद, भय और चिंता जैसे मानसिक विकारों से मुक्त होकर आत्मविश्वास से परिपूर्ण जीवन जी सकता है। महाजन ने बताया कि पी-3-वाई का अर्थ है परमजी-पप्र-परमयोग, जिसमें ध्यान, प्रार्थना, श्वास-नियंत्रण और आत्म-चिंतन की विशेष विधियां सम्मिलित हैं। यह एक सरल, व्यावहारिक और परिणामदायक पद्धति है, जिसके अभ्यास से मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित होता है। उन्होंने कहा कि यह विद्या व्यक्ति को न केवल भौतिक सफलता की ओर अग्रसर करती है, बल्कि उसे आत्मिक स्तर पर स्थायी शांति का अनुभव कराती है। पुष्पिंद्रा महाजन ने बताया कि परमयोग के अभ्यास से पारिवारिक और सामाजिक संबंधों में सुधार, व्यवसाय में उन्नति, अध्ययन में एकाग्रता तथा जीवन में संतुलन आता है।

उन्होंने कहा कि परमजी का संदेश है 'स्वयं को पहचानो, अपने भीतर बसे परम तत्व से जुड़ो और जीवन को सार्थक बनाओ।' इस अवसर पर प्रतिभागियों को ध्यान और साधना के व्यवहारिक अभ्यास भी कराए गए, जिनसे उन्होंने तुरंत सकारात्मक परिवर्तन का अनुभव किया। आयोजक ललित गुप्ता ने बताया कि यह बिलासपुर में लगातार तीसरे वर्ष आयोजित किया गया तीसरा शिविर था। उन्होंने कहा कि इस बार ऑनलाइन क्लास भी समानांतर रूप से संचालित की गई, जिसमें देशभर से सैकड़ों प्रतिभागियों ने जुड़कर पी-3-वाई की शिक्षाओं को जाना और सीखा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बिलासपुर जिला के विभिन्न क्षेत्रों में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोग इस दिव्य विद्या का लाभ प्राप्त कर सकें। अंत में बिलासपुर के ऑर्गेनाइजर ललित गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों और मीडिया प्रतिनिधियों का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस आत्मिक साधना को जन-जन तक पहुंचाने में योगदान दिया।

# सलूणी नागरिक अस्पताल में रात्रि सेवाएं बंद होने से ग्रामीणों में चिंता

## पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिनेश की अगुआई में डीसी से मिले ग्रामीण

**अनंत ज्ञान, चंबा**




जिले के नागरिक अस्पताल सलूणी में बीते 2 वर्षों से रात्रि सेवाएं बंद हैं। जिससे क्षेत्र के लोगों को आपत्कालीन स्थिति में रात्रि को अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिससे उन्हें उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उक्त समस्या को लेकर पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिनेश राणा की अगुवाई में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल जिला उपायुक्त चम्बा मुकेश रेप्पसवाल से मिला। उन्होंने इस संदर्भ एक ज्ञापन जिला उपायुक्त को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि नागरिक अस्पताल सलूणी में बीते 2 वर्षों से एक ही चिकित्सक तैनात होने पर महज 10 बजे से सांय 4 बजे तक स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही थीं किन्तु मौजूदा समय में समय यहाँ चिकित्सकों की संख्या 3 हो गई जो क्षेत्र के लोगों के लिए राहत की खबर है, किन्तु अब भी यहाँ सांय 4 बजे तक ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो पा रही हैं। उन्होंने मांग करते हुए बताया कि अब फिर से नागरिक सलूणी में रात्रि सेवाएं शुरू करवाई जाएं। ताकि आपात स्थिति में भी रात्रि को क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। उन्होंने बताया कि उक्त अस्पताल पर क्षेत्र की सलूणी, सिंगाधार, बयाणा, पुखरी, खरल, खरोठी, सियूला, लिग्गा, सूरी दिघाई आदि पंचायतों की करीब 15 हजार की आबादी आश्रित है किन्तु रात्रि सेवाएं बाधित होने से उन्हें रात को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। खासकर गर्भवती महिलाओं को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने जिला उपायुक्त से मांग करते हुए कहा कि कहा कि उक्त अस्पताल में रात्रि सेवाएं शुरू करवाई जाएं। साथ ही उन्होंने मांग की कि उक्त अस्पताल के 50 बिस्तरों बाले निर्माणाधीन भवन के निर्माण कार्य को भी शुरू करवाया जाए।

**▶ क्षेत्र की 15 हजार आबादी को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत**

# भरमौर के जंगल में फंसे पैराग्लाइडर ने मां के दरबार में शीश नवाकर भरी उड़ान

**अनंत ज्ञान, धरवाला**



भरमौर के ग्राम पंचायत राडी के बकल वार्ड में पिछले कई दिनों से पैराग्लाइडरों की उड़ान देखी जा रही थी। हालांकि इस क्षेत्र में अब तक कोई भी इंसान सुरक्षित लैंडिंग नहीं कर पाया। इस घने जंगल में मां काली का प्राचीन मंदिर मौजूद है, जिसे स्थानीय लोग मां (घारोटी) माता मंदिर के नाम से जानते हैं।

यहां की मान्यता है कि मां अपने संरक्षण में इस क्षेत्र के सभी जीव-जंतु की रक्षा करती हैं और इंसानों के लिए भी कई चीजें वर्जित हैं, जैसे ऊंची आवाज, गाली-गलौच, मदिरापान आदि। हाल ही में एक विदेशी पर्यटक एंड्रे नामक व्यक्ति जंगल में फंस गया। हालांकि उसने रात बिताई, लेकिन सुबह सबसे पहले स्थानीय युवकों के साथ मां के मंदिर में जाकर शीश नवाया। इस भावनात्मक पल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से एंड्रे सुरक्षित स्थान से उड़ान भरकर अपने गंतव्य की ओर चला गया। स्थानीय युवकों ने दूर तक पैराग्लाइडर का दीदार किया और उसकी सुरक्षित वापसी पर आंखें नम हो गईं। इस घटना ने साबित कर दिया कि मां घारोटी का संरक्षण और स्थानीय लोगों का सहयोग किसी भी चुनौती को पार कर सकता है, और विदेशी पर्यटक के लिए यह अनुभव जीवनभर यादगार बन गया।

**▶ मां घारोटी मंदिर के संरक्षण में सुरक्षित लैंडिंग**

# वेदांश ने कराटे में जीता गोल्ड




**अनंत ज्ञान, चंबा**

न्यू दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में 7 नवंबर 2025 को आयोजित नार्थ इंडिया जोन कराटे चैम्पियनशिप में चंबा के 8 वर्षीय वेदांश प्रणहोलिया ने सब जूनियर कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर हिमाचल प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन किया। यह प्रतियोगिता कराटे महासंघ से संबद्ध कराटे भारत संगठन , एशियाई कराटे महासंघ, कॉमनवेल्थ कराटे फेडरेशन और दक्षिण एशियाई कराटे फेडरेशन के तहत आयोजित की गई थी।

सिद्धपुर गांव, हरिपुर पंचायत के रहने वाले वेदांश प्रणहोलिया ने अपनी यह उपलब्धि माता शेफाली और पिता नवलीन प्रणहोलिया के सहयोग तथा कोच कंचन ठाकुर और पवन ठाकुर के मार्गदर्शन से हासिल की। इस प्रतियोगिता में 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। वेदांश की जीत से न केवल जिला चंबा बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का गौरव बढ़ा।

चंबा लौटने पर लोगों ने वेदांश का गर्मजोशी से स्वागत किया। इससे पहले भी वेदांश ने प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रौशन किया था। उनकी यह सफलता हिमाचल के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई है और कराटे में भविष्य की नई उम्मीदें जगाई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एंजेल का चित्रकला प्रतियोगिता में चयन

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर की प्रतिभावान छात्रा एंजेल का चयन 2डी चित्रकला प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। यह उपलब्धि उन्होंने चंबा में आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव में हासिल की। एंजेल वर्तमान में 10+2 कक्षा की छात्रा हैं और अपनी मेहनत व रचनात्मकता से विद्यालय का नाम रोशन किया है। चंबा से वापसी पर विद्यालय की प्रधानाचार्य अरुणा तथा अध्यापकों ने हार पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। एंजेल की मां पूनम रानी, जो इसी स्कूल में अध्यापिका हैं, ने बताया कि बेटी को बचपन से ही ड्राइंग और पेंटिंग में गहरी रुचि रही है। पढ़ाई के साथ वह खाली समय में मोबाइल से दूर रहकर चित्रकला में मन लगाती है। अध्यापक कृष्ण पखरेटिया ने बताया कि एंजेल न केवल पढ़ाई और कला में अग्रणी है, बल्कि लोक संस्कृति, पारंपरिक परिधान और चौरासी मंदिर परिसर की स्वच्छता में भी सक्रिय भाग लेती है। उन्होंने विश्वास जताया कि एंजेल भविष्य में अपने स्कूल और माता-पिता का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गर्व से रोशन करेगी।

### लिल्ह स्कूल में एनएसएस शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लिल्ह में राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश ठाकुर ने बतौर मुख्य वक्ता विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में नैतिकता, अनुशासन और सामाजिक मूल्यों का विकास ही एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखता है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया और राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर रीता कुमारी, प्रवक्ता (राजनीतिक शास्त्र) तथा कुलदीप सिंह, प्रवक्ता (गणित) ने भी एन.एस.एस. के उद्देश्यों पर अपने विचार छात्रों के साथ साझा किए। कार्यक्रम में लगभग 52 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर उत्साह और समर्पण की मिसाल पेश की। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को टीमवर्क, नेतृत्व और समाज के प्रति दायित्व की भावना से अवगत कराया गया।

### गायक अरुण ने माता की भेंटों से बांधा समां

**अनंत ज्ञान, ककीरा।** स्वामी श्री हरिगिरी संन्यास आश्रम, ककीरा के रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में रविवार को वार्षिक पटोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल भगवान शिव के अभिषेक एवं पूजन के साथ हुआ। इसके उपरांत आश्रम में नूतन ध्वजारोहण और महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पहले एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो आश्रम से आरंभ होकर ककीरा बाजार होते हुए प्राचीन शिव मंदिर तक पहुंची। यहां पंडित रेवाधर जी की अगुवाई में देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने भक्ति भावना के साथ इस आयोजन में भाग लिया। दोपहर के समय आश्रम परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों सहित दूरदराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम ढलते ही आश्रम परिसर में माता की चौकी एवं जागरण का आयोजन किया गया। पंजाब से आए प्रसिद्ध भजन गायक अरुण कुमार ने अपनी मधुर भेंटों से ऐसा भक्तिमय वातावरण बनाया कि ठंडी रात में भी श्रद्धालु देर रात तक पंडाल में जमे रहे।

### थंडर स्ट्राइकर्स ने जीता मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** व्यापार मंडल की दो क्रिकेट टीमों पावर हिटर्स और थंडर स्ट्राइकर्स के बीच रविवार को एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। इस अवसर पर राकेश धरवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। पहले बल्लेबाजी करते हुए थंडर स्ट्राइकर्स ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए। टीम की ओर से केवल ने शानदार 68 रन की पारी खेली, जबकि पंकज ने 24, मोहित ने 19 और कपिल ने 16 रन जोड़े। गेंदबाजी में पावर हिटर्स की ओर से सौरभ ने दो, अंकित वालिया और अनीश ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पावर हिटर्स की टीम 15 ओवरों में 96 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से गौरव सूद ने 23, अनीश, सुरेंद्र और संजीव ने 13-13 रन बनाए। थंडर स्ट्राइकर्स की ओर से अजेय और विशाल शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट चटकाए।मैच के अंत में केवल को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और अजय को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज घोषित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को बधाई दी और भविष्य में ऐसे खेल आयोजन लगातार करते रहने की बात कही।

# कांग्रेस ने भाजपा नेता के सनातन विरोधी बयान की कड़ी निंदा की

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**▶ डॉक्टर दिनेश कुमार ने कहा- कांग्रेस सर्व धर्म समभाव की पार्टी है**

**▶ भाजपा नेताओं को केंद्र सरकार से मिलकर लड़नी चाहिए अधिकारों की लड़ाई**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर और हिमाचल किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चम्बा, डॉक्टर दिनेश कुमार ने भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल के उस बयान की निंदा की, जिसमें कांग्रेस को सनातन विरोधी बताया गया। डॉक्टर दिनेश कुमार ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सनातन और सभी धर्मों को समान दृष्टि से देखा है, क्योंकि यह सर्व धर्म समभाव की संस्था है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियाँ और सिद्धांत दलित और पिछड़े वर्गों के संरक्षण पर आधारित हैं, चाहे वह किसी भी जाति या वर्ग से हों। यही गांधीवादी विचार कांग्रेस का मूल है, जिस पर पार्टी और पूरा देश गर्व करता है।

डॉक्टर दिनेश कुमार ने भाजपा नेताओं को यह सुझाव भी दिया कि वे इस कथन पर विवाद करने के बजाय प्रदेश हित के मुद्दों पर केंद्र सरकार के समक्ष हिमाचल प्रदेश के मुख्य मंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ मिलकर काम करें। उन्होंने याद दिलाया कि भाजपा गठबंधन की सरकार केंद्र में सत्तासीन है, इसलिए सही मायने में पांडव बनने के लिए प्रदेश भाजपा नेताओं को केंद्र सरकार से अधिकारों की लड़ाई मिलकर लड़नी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश की जनता ने चार लोकसभा सांसद प्रदेश का पक्ष रखने के लिए चुने हैं, ऐसे में भाजपा को प्रदेश हित के लिए समर्पित और सहयोगी भूमिका निभानी चाहिए।

# युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम 3 से 9 नवंबर तक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, खोज एवं बचाव कार्यों का सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षित युवाओं को किसी भी आपदा की स्थिति में प्रथम प्रतिक्रिया दल के रूप में कार्य करने तथा समाज में आपदा जागरूकता फैलाने के लिए तैयार किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि प्रशिक्षित युवा किसी भी आकस्मिक स्थिति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। एसडीएम डलहौज़ी अनिल भारद्वाज ने युवाओं को जागरूक रहने और स्थानीय स्तर पर अभियान चलाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और आपदा-संवेदनशील समाज का निर्माण करना रहा।

# विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए महादेव से की प्रार्थना




धुलारा में आयोजित शिव नुआला में शामिल होने पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात नुआला कमेटी द्वारा गत सांय धुलारा में आयोजित शिव नुआला में भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना को लेकर महादेव शिव-शंकर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि शिव नुआले को लोग बड़ी श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ निजी एवं सामूहिक रूप से आयोजित करते हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने भटियात नुआला कमेटी को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए अपनी ऐच्छिक निधि से 2 लाख 11 हजार की धनराशि उपलब्ध करवाने का भी ऐलान किया। कुलदीप सिंह पठानिया को इस दौरान आयोजन समिति द्वारा शॉल-टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम कृष्ण चंद, एसडीएम पारस अग्रवाल, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, तहसीलदार सुरेंद्र कुमार, खंड विकास अधिकारी अनिल गुराडा, अध्यक्ष भटियात नुआला कमेटी मदनलाल, सचिव मानसिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## डलहौजी में उपायुक्त मुकेश ने जिला रेडक्रॉस मेले का किया उद्घाटन

# डॉग और बेबी शो के विजेता किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



डलहौजी में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की डलहौजी शाखा द्वारा आयोजित रेड क्रॉस मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त चंबा, मुकेश रेप्सवाल ने मेले का उद्घाटन किया। डलहौजी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉक्टर कैप्टन जीएस ढिल्लों ने उपायुक्त का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया।

मेले में स्थानीय गणमान्य लोगों और डलहौजी के स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मेले में विभिन्न प्रकार के खान-पान और अन्य स्टॉल लगे हुए थे। उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और आयोजकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

मेले में तंबोला का आयोजन भी किया गया। इसके अतिरिक्त डॉग शो और बेबी शो का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज और तहसीलदार रमेश चौहान ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डलहौजी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉक्टर कैप्टन जीएस ढिल्लों, गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल नवदीप भंडारी, डीएसपी डलहौजी मयंक शर्मा और जगबीर सिंह भी उपस्थित रहे। यह मेला सामाजिक जागरूकता बढ़ाने और समुदाय में सहयोग की भावना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर रहा।

# बच्चों ने विकसित भारत बिल्डथान में भेजे प्रोजेक्ट

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राष्ट्रीय कार्यक्रम विकसित भारत बिल्डथान 2025 के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर के अध्यापकों और छात्रों ने लोक संस्कृति, पारंपरिक परिधान और मिलेट्स (पारंपरिक फसलें) पर प्रोजेक्ट तैयार कर केंद्र सरकार को भेजे हैं। देश भर के बच्चों से आठ नवंबर तक आइडिया जमा करने को कहा गया था, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सरकार द्वारा एक करोड़ रुपए पुरस्कार दिया जाएगा। स्कूल के जगपाल चौहान, नीलम ठाकुर और कृष्ण पखरेटिया के मार्गदर्शन में छात्रों आरुषि, स्नेहा, शानवी, स्मृति और दृष्टि ने प्रोजेक्ट तैयार किया। प्रवक्ता नीलम ठाकुर का प्रोजेक्ट ऑनलाइन जमा हुआ। उन्होंने बताया कि बच्चों ने पारंपरिक परिधान और विलुप्त होती फसलों पर आधारित आइडिया तैयार किया ताकि इन्हें पुनः बाजार में लाया जा सके और लोगों को आजीविका के अवसर मिल सकें।

# अजय अटवाल को अध्यक्ष और तनवीर मिर्जा को मिली संगठन मंत्री की कमान

**अनंत ज्ञान, चंबा**



आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रभारी ऋतुराज झा और सह प्रभारी अजय ठाकुर ने विस्तृत विश्लेषण के बाद प्रदेश की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। चंबा जिले में अजय अटवाल को अध्यक्ष, तनवीर मिर्जा को संगठन मंत्री, शशिकांत को सचिव, उदय ठाकुर को सोशल मीडिया इंचार्ज नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, बालकृष्ण, विजय भवानी, बीडी हंसमुख और राहुल रणपतिया को उपाध्यक्ष तथा अभिषेक भट्ट, सुरेंद्र ठाकुर और सुरेश कुमार को सह सचिव के पदवार प्रदान किए गए हैं।

जिला सचिव शशिकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। इसके बाद विधानसभा स्तर पर कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार संगठन के पुनर्निर्माण पर तेजी से काम किया जा रहा है।

शशिकांत ने बताया कि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति ने जनता पर गहरा प्रभाव डाला है। इसी कार्यशैली को हिमाचल में भी लागू करते हुए पार्टी तीसरे विकल्प के रूप में लोगों के सामने आएगी। उन्होंने हिमाचल में पार्टी संगठन के पुनर्निर्माण के लिए प्रभारी ऋतुराज झा और सह प्रभारी अजय ठाकुर का धन्यवाद व्यक्त किया।

# एनआईटी हमीरपुर में कला का उत्सव

## हिमाचली लोकनृत्य और आधुनिक प्रस्तुतियों ने भरा सांस्कृतिक शाम में रंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



एनआईटी हमीरपुर में सांस्कृतिक उत्सव के दौरान प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए छात्र।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव हिलफेयर-2025 का दूसरा दिन सांस्कृतिक विविधता और रचनात्मकता का जीवंत उदाहरण रहा। इस अवसर पर संस्थान के ग्राउंड में 'अस्तित्व रूट्स बियॉन्ड मिराज' थीम के अंतर्गत कई मनोरम प्रस्तुतियां दी गईं।

कार्यक्रम की शुरुआत लिटरेसी मिशन क्लब के बच्चों द्वारा एक भावनात्मक नाटक से हुई, जिसमें जीवन में पिता के महत्व को दर्शाया गया। इसके बाद भांगड़ा क्रू और द्रविड़ा क्लब ने अपने ऊर्जावान फ्री-स्टाइल और समकालीन नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। फैशन क्लब के रैंप वॉक ने छात्रों की आकर्षक प्रतिभा प्रदर्शित की, जबकि इंग्लिश क्लब के नाटक ने मानवीय भावनाओं और व्यक्तित्व पर केंद्रित संदेश दिया। प्रवाह ड्रामेटिक्स की मंच और छाया अभिनय प्रस्तुति ने ट्रांसजेंडर समुदाय के संघर्ष और स्वीकृति पर गहरा संदेश पेश किया।

स्टार नाइट की शुरुआत धर्मशाला के आदित गंजू की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद चंडीगढ़ स्थित रॉक बैंड स्वस्तिक द बैंड ने भारतीय शास्त्रीय संगीत को रॉक और अल्टरनेटिव शैली में प्रस्तुत कर शाम का उत्साह चरम पर पहुंचाया। कार्यक्रम का समापन छात्रों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक हिमाचली लोकनृत्य नाटी से हुआ, जिसने सांस्कृतिक विविधता और क्षेत्रीय रंग को जीवंत किया। इस अवसर पर निदेशक प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी, रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष नानोटी, डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) प्रो. वाई. डी. शर्मा, एसोसिएट डीन (स्टूडेंट एक्टिविटीज एंड स्कॉलरशिप) डॉ. प्रदीप सिंह, एसोसिएट डीन (स्टूडेंट डिसिप्लिन एंड काउंसलिंग) डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. राजीव कुमार (फैकल्टी इंचार्ज, कल्चरल एक्टिविटीज एंड क्लब्स), डॉ. जरीना जेएम (फीमेल फैकल्टी इंचार्ज, कल्चरल एक्टिविटीज एंड क्लब्स) सहित सहायक फैकल्टी इंचार्ज, डीन, विभागाध्यक्ष, नोडल अधिकारी, संकाय सदस्य, कर्मचारी और छात्र उपस्थित रहे।

**टूर्नामेंट** मंडी में अंडर-15 और अंडर-17 बैडमिंटन चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल मुकाबले संपन्न

# सोनाक्षी, तेजल व ताशवी ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बैडमिंटन चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों के साथ आयोजक व मुख्यातिथि।

मंडी में खेली जा रही लड़के व लड़कियों की अंडर-15 एंड अंडर-17 बैडमिंटन चैंपियनशिप के दूसरे दिन रविवार को राउंड मुकाबले और क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता के दौरान रविवार को समाजसेवी का पूर्व सैनिक भास्कर ठाकुर, बलवंत झौटा और डॉक्टर प्रब्बल मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। भास्कर ठाकुर ने इस मौके पर खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने के लिए खेलों को अपनाने का आह्वान किया। भास्कर ठाकुर ने इस मौके पर मंडी जिला बैडमिंटन एसोसिएशन को प्रतियोगिता के सुचारू आयोजन के लिए 31000 रुपए की राशि देने की घोषणा की।

इस बीच मंडी जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव चैंपियनशिप के आयोजन सचिव दातुल चौहान और हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय ठाकुर, महासचिव रमेश ठाकुर और कोषाध्यक्ष संजय कालिया ने बताया कि रविवार को खेले गए अंडर-15 क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शिमला की सोनाक्षी जसवाल ने सिरमौर की निवृत्ति चौधरी को, कल्लू की तेजल राजपूत ने कांगड़ा की आराध्य चौधरी को, सोलन की ताशवी गुप्ता ने कांगड़ा की प्रिया शर्मा को, कांगड़ा के सूर्यांश ने हमीरपुर के वीर कटोच को और हमीरपुर के ईशान ने कांगड़ा के राजवीर सिंह राणा को पराजित कर एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। लड़कियों के अंडर-15 आयु वर्ग के डबल मुकाबले में शिमला की ओजस्विनी और वंशिका की जोड़ी ने कांगड़ा की प्रिया शर्मा और वैष्णवी सिंह पठानिया की जोड़ी को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। रविवार को खेले गए इन मुकाबले में शिमला जिला के जुब्बल स्थित स्पोर्ट्स हॉस्टल की चार लड़कियों ने तीन सेमीफाइनल में पहुंचने में सफलता हासिल की। इसी तरह मिक्स डबल मुकाबले में शिमला के वीर विक्रम सिंह और सोनाक्षी जसवाल ने हमीरपुर के शिवांशु और कारुल को जबकि सूर्यांश और तेजल राजपूत की जोड़ी ने सिरमौर के यस सियाल और निवृत्ति चौधरी की जोड़ी को अंडर-15 आयु वर्ग में पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

अंडर-17 आयु वर्ग के मिक्स डबल मुकाबले में कांगड़ा के ऋतुल ठाकुर और अवनी ठाकुर की जोड़ी ने सिरमौर के निकुंज रमोल और नोशी रमोल की जोड़ी को, बिलासपुर के सव्य शर्मा और रिया ठाकुर की जोड़ी ने मंडी के भवनीत और संशिता की जोड़ी को जबकि हमीरपुर के ईशान और सरगम ठाकुर की जोड़ी ने शिमला के हर्षवर्धन और ईवा की जोड़ी को पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इससे पूर्व आज खेले गए अंडर-15 आयु वर्ग के राउंड मुकाबले में हमीरपुर के ईशान ने कल्लू के विहान को, कांगड़ा के राजवीर ने मंडी के शिवम को, ऊना के शौर्य ने हमीरपुर के अशोक को, शिमला के वीर विक्रम सिंह ने सोलन के प्रणव को, मंडी के अरनव शर्मा ने हमीरपुर के भाविक ठाकुर को, ऊना के अमित राणा ने सोलन के हनी ठाकुर को, हमीरपुर के वीर कटोच ने ऊना के युवराज को, कांगड़ा के सूर्यांश ने मंडी के तक्षय को पराजित किया।

अंडर-15 राउंड मुकाबला में कुल्लू की दीपावली और प्राची की जोड़ी ने मंडी की अंकिता और समायरा की जोड़ी को, ऊना की निहारिका और रिद्धि की जोड़ी ने कांगड़ा की आराध्य और अवनी की जोड़ी को, सिरमौर की निवृत्ति और नोशी की जोड़ी ने सोलन की श्रुति और तनुशा को, ताशवी और तेजल की जोड़ी ने हमीरपुर की चंदिका और राधिका की जोड़ी को और शिमला की ओजस्विनी और वंशिका की जोड़ी ने मंडी की नव्य और तनीषा की जोड़ी को पराजित किया। सोमवार को इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

अगर तुम सूरज की तरह चमकना चाहते हो तो पहले सूरज की तरह जलना सीखो

अब्दुल कलाम

## संपादकीय

# कश्मीर में पाक का आतंक

आतंकवाद आज पूरी दुनिया के लिए चुनौती बना हुआ है। चाहे अमेरिका, यूरोप या एशिया हो, हर देश किसी न किसी रूप में आतंकवाद की मार झेल रहा है। भारत भी पिछले कई दशकों से आतंकवाद से जूझ रहा है और इस जंग का सबसे बड़ा मोर्चा जम्मू-कश्मीर रहा है। यहां की धरती पर आतंकवाद की जड़ें पाकिस्तान की शह और समर्थन से ही फली-फूली हैं। जब 1947 में भारत और पाकिस्तान का विभाजन हुआ, तभी से पाकिस्तान का मुख्य एजेंडा कश्मीर पर कब्जा करना रहा। उसने कभी भी इस हकीकत को स्वीकार नहीं किया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। इसके लिए पाकिस्तान ने राजनीतिक और कूटनीतिक प्रयासों से लेकर आतंकवाद को हथियार बनाकर भारत को अस्थिर करने की कोशिश की। पाकिस्तान न केवल आतंकियों को पनाह देता रहा है ,बल्कि उन्हें प्रशिक्षण, हथियार और आर्थिक मदद भी उपलब्ध कराता है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने कश्मीर में दशकों से आतंकी नेटवर्क तैयार किया है जो स्थानीय गद्दारों की मदद से सक्रिय रहता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2019 में अनुच्छेद 370 हटाकर एक ऐतिहासिक फैसला लिया। इस अनुच्छेद के तहत जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा मिला हुआ था, जिसका पाकिस्तान लंबे समय से दुरुपयोग करता रहा। इस कदम के बाद पाकिस्तान का कश्मीर कार्ड लगभग खत्म हो गया। इसके बाद केंद्र सरकार ने आर्म्ड फोर्सेज स्पेशल पावर एक्ट यानी अफस्पा में भी कई बदलाव किए, जिससे सुरक्षाबलों को कार्रवाई करने के लिए किसी अतिरिक्त अनुमति की आवश्यकता नहीं रही। इससे आतंकवाद के खिलाफ अभियानों में तेजी आई, लेकिन आतंकवाद की जड़ें इतनी गहरी हैं कि यह पूरी तरह खत्म नहीं हो पा रहा। पाकिस्तान अब भी सीमा पार से घुसपैठ कराने और कश्मीर को फिर से अस्थिर करने की साजिशें रच रहा है। हर साल सर्दियों से पहले पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ बढ़ जाती है। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि बर्फबारी शुरू होने के बाद नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ मुश्किल हो जाती है। इसलिए पाकिस्तान सर्दियों से पहले आतंकियों को भारत में भेजकर अधिकतम नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है। कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को मार गिराया। यह इस बात का संकेत है कि सीमा पार से घुसपैठ में तेजी आई है।

सुरक्षा एजेंसियों की जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि आतंकियों की अधिकांश गतिविधियों में स्थानीय स्तर पर कुछ लोग मददगार होते हैं। बिना अंदरूनी सहायता के आतंकियों के लिए सीमा पार से आकर यहां टिक पाना संभव नहीं। कठुआ में दो मुस्लिम पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया, जो आतंकियों को सूचना देने और सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाने के आरोप में पकड़े गए हैं। इस तरह की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं क्योंकि ये सुरक्षा तंत्र में अंदर से कमजोरी को उजागर करती हैं। कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने की सबसे बड़ी बाधा भ्रष्टाचार है। कुछ अधिकारी और स्थानीय नेता पैसे और लालच में पाकिस्तान समर्थित संगठनों की मदद करते हैं। यह स्थिति न केवल सुरक्षाबलों के मनोबल को प्रभावित करती है बल्कि आम जनता के विश्वास को भी कमजोर करती है। भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान के आतंकी नेटवर्क को तोड़ने के लिए व्यापक कार्रवाई की है। लगभग 120 स्थानों पर छापेमारी की गई और कई सिम कार्ड, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और संदिग्ध दस्तावेज जब्त किए गए हैं। इन कार्रवाइयों से पाकिस्तान समर्थित नेटवर्क को गहरा झटका लगा है, लेकिन खतरा अब भी पूरी तरह टला नहीं है। पाकिस्तान लगातार अपने मंसूबों पर काम कर रहा है और सीमा पार से नए आतंकियों को तैयार कर भेज रहा है।

पाकिस्तान का मूल उद्देश्य भारत को हर स्तर पर परेशान रखना है। कभी सीमा पर गोलीबारी, कभी ड्रोन से हथियार भेजना और कभी सोशल मीडिया के जरिए नफरत फैलाना -ये सब उसके मुख्य हथियार हैं। भारत कई बार पाकिस्तान से संबंध सुधारने की पहल कर चुका है, लेकिन हर बार पाकिस्तान ने धोखा दिया है। कारगिल युद्ध, मुंबई आतंकी हमला, उड़ी हमला और पुलवामा धमाका -ये सब पाकिस्तान की कुटिल सोच के उदाहरण हैं। भारत को पाकिस्तान की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखनी होगी। आतंकियों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए केवल हथियार नहीं बल्कि सूचना की पुख्ता जानकारी भी बेहद जरूरी है। सुरक्षा एजेंसियों को स्थानीय जनता का विश्वास जीतने के लिए और मजबूत प्रयास करने चाहिए ताकि आतंकवाद के लिए कोई जगह न बचे। इसके साथ ही भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान को लगातार बेनकाब करना चाहिए, ताकि उसे अलग-थलग किया जा सके। भारत की कूटनीति और सुरक्षा नीति दोनों को साथ लेकर चलना होगा। पाकिस्तान तब तक नहीं सुधरेगा जब तक उसे अपने कर्मों का वैश्विक स्तर पर जवाब न मिले। कश्मीर में आज जो आतंकवाद का दौर फिर सिर उठा रहा है, वह पाकिस्तान की नई रणनीति का हिस्सा है। भारत को अब पहले से ज्यादा सतर्क और संगठित रहना होगा। पाकिस्तान की हर साजिश को नाकाम करने के लिए सुरक्षा, खुफिया और कूटनीतिक स्तर पर तालमेल जरूरी है। आतंकवाद को जड़ से मिटाने का यही एकमात्र रास्ता है, ताकि कश्मीर फिर से अमन, विकास और भाईचारे की धरती बन सके। ■

# आवारा कुत्तों की दहशत; जनता हलकान, खतरे में जान



हमारे देश में इंसान और जानवर के सह-अस्तित्व की परंपरा बहुत पुरानी है। हम हमेशा से गाय, कुत्ता, बिल्ली, बंदर जैसे जानवरों को परिवार का हिस्सा मानते आए हैं। यह रिश्ता करुणा और संवेदना पर आधारित रहा है, लेकिन अब यही रिश्ता एक भय और संघर्ष का रूप लेने लगा है। सड़कों पर आवारा, बेसहारा और बीमार पशु जब बेतरतीब ढंग से घूमते हैं, तो यह न केवल शहरों की छवि बिगाड़ते हैं, बल्कि आम लोगों की जान के लिए खतरा भी बन जाते हैं। हर दिन देश के किसी न किसी हिस्से से खबर आती है-कहीं किसी बच्चे को आवारा कुत्ते ने काट लिया, कहीं किसी बुजुर्ग पर झुंड ने हमला कर दिया, कहीं खेतों में छोड़े गए बैल किसी राहगीर को घायल कर गए। यह समस्या अब केवल पशु कल्याण या नगर प्रबंधन का मुद्दा नहीं रह गई है, बल्कि मानव सुरक्षा से सीधा जुड़ा हुआ प्रश्न बन चुकी है।

इसी गंभीर पृष्ठभूमि में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक बेहद अहम आदेश जारी किया है, जिसने देशभर में नई बहस को जन्म दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों द्वारा इंसानों पर बढ़ते हमलों को देखते हुए स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों और खेल परिसरों जैसे संस्थागत क्षेत्रों से आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश दिया है। साथ ही, देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों यहां तक कि एक्सप्रेसवे से भी आवारा कुत्तों और पशुओं को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। अदालत ने कहा कि इंसानों की जान की रक्षा सर्वोपरि है, इसलिए इन क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चारदीवारी, बाड़ और गेट जैसे पुख्ता इंतजाम किए जाएं। यह फैसला निश्चित रूप से कई मायनों में राहत भरा है, लेकिन इसके पीछे जो दर्दनाक घटनाएं हैं, उन्होंने पूरे देश का दिल दहला दिया है।

30 जून की वह सुबह दिल्ली के रोहिणी इलाके के लिए एक भयावह याद बन गई। छह साल की मासूम छवि शर्मा अपने घर लौट रही थी, तभी एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। यह हमला इतना क्रूर था कि वह बार-बार उसे काटता रहा। परिवार और पड़ोसियों ने जैसे-तैसे उसे बचाया और अस्पताल पहुंचाया। दो इंजेक्शन लगाए गए, पर कुछ ही दिनों में छवि की हालत बिगड़ने लगी। रेबीज ने उसके शरीर को जकड़ लिया और अंततः वह जिंदगी की जंग हार गई। यह सिर्फ एक बच्ची की मौत नहीं थी, बल्कि पूरे समाज की संवेदना को झकझोर देने वाली त्रासदी थी। 28 जुलाई को जब अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया ने इस पर एक रिपोर्ट छापी, तो सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने स्वतः संज्ञान लिया। अदालत ने कहा-'छवि की मौत ने हमारी अंतरात्मा को झकझोर दिया है।'

इसके बाद 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर के सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को उठाकर शेल्टर होम में रखने का आदेश दिया और यह भी कहा कि इस आदेश का पालन सख्ती से हो। अदालत ने दो स्पष्ट निर्देश दिए-पहला, सरकारें और स्थानीय निकाय आठ हफ्तों में शेल्टर होम तैयार करें; दूसरा, सभी आवारा कुत्तों की नसबंदी की जाए और उन्हें वापस सड़कों पर न छोड़ा जाए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस आदेश के पालन का आश्वासन दिया, जबकि छवि की मां ने कहा-'अगर मेरी बच्ची की मौत के बाद देश में बदलाव आता है तो यही मेरी सबसे बड़ी जीत होगी।' लेकिन इस बीच देश में विरोध की लहर भी उठ खड़ी हुई। पशु प्रेमी समूहों और कुछ सियासी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की आलोचना की। तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने कोर्ट को पत्र लिखकर कहा कि इतने कम समय में हजारों शेल्टर होम बनाना असंभव है और इससे कुत्तों की अमानवीय हत्या होगी। पशु प्रेमी और बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम ने भी कोर्ट से आदेश की समीक्षा की अपील की। अदालत ने इन आपत्तियों को सुनते हुए आदेश में आंशिक संशोधन किया और कहा कि जिन कुत्तों की नसबंदी हो चुकी है, उन्हें उनके मूल स्थान पर नहीं छोड़ा जाए। हालांकि, खतरनाक कुत्तों को शेल्टर से बाहर न निकालने की सख्त हिदायत दी गई।

**यथार्थ**



समरजीत

सवाल यह नहीं है कि कोर्ट का आदेश सही है या गलत, बल्कि यह है कि स्थिति आखिर इतनी भयावह कैसे बन गई? दिल्ली नगर निगम के आंकड़े चौंकाने वाले हैं- साल 2022 में जहां 6,000 डॉग बाइट के मामले दर्ज हुए, वहीं दो साल बाद यह संख्या 25,000 के पार पहुंच गई। आरएमएल अस्पताल में 2022-23 के बीच 40,000 से अधिक लोग कुत्तों के काटने के बाद अस्पताल पहुंचे, जबकि सफदरजंग अस्पताल में यह संख्या 90,000 से भी ज्यादा रही। पूरे देश में हर साल रेबीज से लगभग 6,000 लोग मरते हैं, और यह केवल दर्ज मामलों की संख्या है; असल आंकड़ा इससे कई गुना अधिक हो सकता है।

रेबीज का नाम सुनते ही शरीर कांप उठता है। एक बार अगर इसके लक्षण प्रकट हो जाएं तो इलाज संभव नहीं। पहले हाइड्रोफोबिया यानी पानी से डर लगता है, फिर धीरे-धीरे यह दिमाग और नसों पर असर डालता है और अंत में व्यक्ति तड़प-तड़प कर मर जाता है। इलाज के तौर पर केवल पोस्ट-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (क्ष्वक्क) ही जीवन रक्षक साबित हो सकता है, जो तुरंत दिया जाना चाहिए, लेकिन देश के अधिकांश अस्पतालों में या तो यह उपलब्ध नहीं होता या फिर समय पर मरीज को पता ही नहीं चलता कि उसे क्या करना चाहिए? यह हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था की सबसे दुखद विफलता है।

कुत्तों की बढ़ती संख्या का सबसे बड़ा कारण है-कचरे का पहाड़। शहरों में जगह-जगह पड़े सड़े-गले खाद्य अवशेष आवारा कुत्तों के लिए भोजन का सबसे बड़ा स्रोत बन गए हैं। जब तक यह कचरा हटाया नहीं जाएगा, तब तक समस्या पूरी तरह खत्म नहीं होगी। हालांकि, यह कहना भी गलत होगा कि केवल कचरा हटाने से ही समाधान निकल आएगा। कुत्तों की आबादी को नियंत्रण में लाने का सबसे प्रभावी उपाय है-नसबंदी, पर मुश्किल यह है कि हमारे नगर निकायों के पास संसाधन और इच्छाशक्ति दोनों की भी कमी है।

दिल्ली सरकार ने 2024 तक मात्र 40,000 कुत्तों की नसबंदी की, जबकि शहर में अनुमानित संख्या 10 लाख से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, किसी क्षेत्र में कुत्तों की कम से कम 70 प्रतिशत आबादी की नसबंदी किए बिना इस समस्या पर नियंत्रण असंभव है, लेकिन नसबंदी की प्रक्रिया लंबी और महंगी है। पहले कुत्तों को पकड़ना, फिर सर्जरी, फिर देखभाल और उसके बाद उन्हें सुरक्षित रखना। इसके बदले नगर निगम ठेकेदारों को प्रति कुत्ता मात्र 1,000 रुपए देते हैं। इतने कम बजट में न तो अच्छे शेल्टर हो सकते हैं और न ही प्रभावी नसबंदी कार्यक्रम।

दूसरी ओर, कुछ राज्यों ने इच्छाशक्ति और योजना से कमाल कर दिखाया है। गोवा में इसी साल मात्र एक महीने में 60,000 कुत्तों की नसबंदी की गई, यह अपने आप में रिकॉर्ड है। वहीं, भूटान ने कई सालों की सतत मुहिम के बाद 100 प्रतिशत कुत्तों की नसबंदी कर इतिहास रचा है। इससे साबित होता है कि अगर नीयत और रणनीति हो, तो यह काम नामुमकिन नहीं है।

अब सवाल उठता है कि क्या यह लड़ाई 'डॉग लवर्स बनाम डॉग हेटर्स' की है? बिलकुल नहीं। यह इंसान और पशु दोनों के जीवन की सुरक्षा से जुड़ा सवाल है। शहरों में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले गरीब लोगों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह संकट रोजमर्रा का डर बन चुका है। एक सभ्य समाज में यह स्थिति अस्वीकार्य है कि लोग डर के साये में जिएं।

इसी तरह खेतों और गांवों में छोड़े गए बेसहारा पशु-खासकर गाय और बैल किसानों के लिए बहुत बड़ी परेशानी हैं। ये पशु फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, रात को सड़कों पर घूमते हैं और कई बार जानलेवा हादसे कर देते हैं। पशुपालकों की यह गैर-जिम्मेदारी भी अपराध की श्रेणी में गिनी जानी चाहिए।

दरअसल, यह पूरा संकट प्रबंधन की विफलता का परिणाम है। नगर परिषदें, पंचायतें, पशु कल्याण विभाग और स्वास्थ्य एजेंसियां सब अपने-अपने दायरे में काम कर रही हैं, पर कोई समन्वय नहीं। एक तरफ सुप्रीम कोर्ट के आदेश हैं, दूसरी ओर जमीनी हकीकत यह है कि न तो पर्याप्त शेल्टर हैं, न बजट, न निगरानी।

आवश्यक यह है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर एक राष्ट्रीय पशु नियंत्रण नीति बनाएं, जिसमें नसबंदी, टीकाकरण, शेल्टर प्रबंधन और नागरिक भागीदारी के स्पष्ट प्रावधान हों। इसके साथ ही नागरिकों को भी यह समझना होगा कि पशु प्रेम का मतलब यह नहीं कि उन्हें खुले में छोड़ दिया जाए। जिम्मेदारी का भाव जरूरी है-जैसे हम इंसानों की सुरक्षा चाहते हैं, वैसे ही जानवरों की भी गरिमा और देखभाल सुनिश्चित करनी होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने एक नई दिशा दिखाई है। अब बारी सरकारों और समाज की है कि वे इसे जमीन पर कैसे उतारती हैं? अगर नाकामी मिली तो वरना न तो इंसान सुरक्षित रहेगा, न जानवरों की जिंदगी सम्मानजनक होगी। समाधान कानून से नहीं, संवेदना और व्यवस्था के संयोजन से आएगा। देश को अब यह तय करना होगा कि वह एक ऐसा भारत चाहता है जहां इंसान और पशु दोनों सुरक्षित हों या फिर वह जहां हर गली में भय और खून का साया मंडराता रहे।

रस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# लोकतंत्र की कसौटी पर राजनीति : आरोप, वादे और जनता का विश्वास

भाजपा और कांग्रेस दोनों ही देश की दो प्रमुख राजनीतिक शक्तियां हैं, जिनकी नीतियों और कार्यशैली ने भारत की लोकतांत्रिक यात्रा को दिशा दी है। आज की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप और तीखे बयान आम हो चले हैं, परंतु लोकतंत्र की असली ताकत संवाद और विश्वास में निहित है। कांग्रेस पार्टी जहां खुद को गरीबों, किसानों और महिलाओं की हितैषी बताती है, वहीं भाजपा खुद को राष्ट्रवाद, विकास और स्थिर शासन का प्रतीक मानती है। इन दोनों विचारधाराओं के बीच जनता बार-बार अपना फैसला सुनाती रही है।



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर, जिला कांगड़ा

बीते कुछ वर्षों में देश की राजनीति में जो सबसे बड़ा बदलाव देखने को मिला, वह है- लोकतांत्रिक विमर्श का ध्रुवीकरण। सोशल मीडिया ने इस ध्रुवीकरण को और गहरा कर दिया है। विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दे—जैसे ईवीएम पर सवाल, चुनाव आयोग की निष्पक्षता या सरकारी नीतियों की आलोचना- कभी लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए जरूरी माने जाते हैं, तो कभी इन्हें बेबुनियाद आरोप कहकर नकार दिया जाता है। वहीं, सत्तापक्ष पर यह जिम्मेदारी भी बनती है कि वह आलोचना को देशविरोधी ठहराने की बजाय उसे आत्ममंथन के अवसर के रूप में देखे।

कांग्रेस पार्टी आज कई राज्यों में सत्ता से बाहर है, लेकिन उसकी ऐतिहासिक भूमिका और संगठनात्मक नेटवर्क अब भी भारतीय राजनीति का अहम हिस्सा है। उसके पास अनुभवी नेतृत्व, व्यापक जनाधार और सामाजिक न्याय की पुरानी पहचान है। समस्या यह है कि पार्टी अपनी नीतियों को वर्तमान समय की राजनीतिक और तकनीकी वास्तविकताओं के अनुरूप ढालने में पिछड़ती दिख रही है। वहीं भाजपा ने बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करके और तकनीक का प्रभावी उपयोग कर चुनावी रणनीति को नए स्तर तक पहुंचाया है। हालांकि भाजपा की चुनौतियां भी कम नहीं हैं। लगातार सत्ता में रहने से जनता की



अपेक्षाएं बहुत बढ़ जाती हैं। महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की आय, और सामाजिक समरसता जैसे मुद्दों पर सरकार को अब भी कठोर फैसले लेने की आवश्यकता है। विपक्ष की कमजोर स्थिति से सरकार को अल्पकालिक राजनीतिक लाभ मिल सकता है, पर दीर्घकाल में एक मजबूत लोकतंत्र के लिए सशक्त विपक्ष का होना आवश्यक है। हिमाचल प्रदेश की राजनीति इसका छोटा-सा उदाहरण है। यहां कांग्रेस ने गारंटियों के सहारे सत्ता हासिल की, पर वादों को पूरा करने की आर्थिक चुनौतियां उसके सामने आ खड़ी हुईं। राज्य की वित्तीय स्थिति, कर्मचारियों की मांगें और संगठनात्मक असंतुलन ने पार्टी को मुश्किल स्थिति में डाल दिया है। वहीं, भाजपा यहां विपक्ष में रहते हुए लगातार संगठन मजबूत करने में लगी है, जो अगले चुनावों में उसके लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर देखें तो दोनों ही दलों को अपनी प्राथमिकताओं को पुनर्परिभाषित करने की आवश्यकता है। कांग्रेस को संगठनात्मक अनुशासन और नेतृत्व की स्पष्टता की, जबकि भाजपा को जनसंवाद और समावेशिता की दिशा में और गंभीर प्रयास करने होंगे। जनता अब भावनाओं से अधिक परिणामों पर विश्वास करती है। महज नारों से नहीं, बल्कि ठोस नीतियों और पारदर्शिता से ही विश्वास जीता जा सकता है।

भारत में विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों की भूमिकाएं समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। जहां सरकार को उत्तरदायी बनाना विपक्ष का दायित्व है, वहीं देश की स्थिरता बनाए रखना सत्तारूढ़ दल की जिम्मेदारी। यदि दोनों पक्ष अपने राजनीतिक लाभ से ऊपर उठकर जनता के हित में सोचें, तो देश का लोकतंत्र और सशक्त होगा। आवश्यकता इस बात की है कि राजनीतिक दल चुनाव जीतने की रणनीतियों से आगे बढ़कर जनविश्वास जीतने की रणनीति बनाएं। विकास, पारदर्शिता, शिक्षा, स्वास्थ्य, और महिलाओं की सुरक्षा जैसे विषयों पर साझा दृष्टिकोण तैयार किया जाए। भारत का भविष्य किसी एक पार्टी की जीत में नहीं, बल्कि मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाओं और जागरूक नागरिकों में बसता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ढलती शामों की उदासी : आधुनिक समाज में बुजुर्गों की बदलती स्थिति

समाज की चमक-दमक, आधुनिकीकरण की रफ्तार और विकास के ऊंचे दावों के बीच एक ऐसी सच्चाई भी है, जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं-वह है जिंदगी की ढलती शामें, अर्थात बुजुर्गों का जीवन। यह वह पड़ाव है जहां इंसान अपने जीवन के संघर्षों और अनुभवों के साथ केवल एक चीज चाहता है- सम्मान और अपनापन, लेकिन आज यही सम्मान और स्नेह सबसे दुर्लभ होता जा रहा है। जिन माता-पिता ने कभी अपने बच्चों के भविष्य के लिए अपनी खुशियां कुर्बान कीं, वही माता-पिता आज अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में तिरस्कार, उपेक्षा और अकेलेपन के शिकार हो रहे हैं। वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या इस कठोर सच्चाई की गवाही देती है। एक समय था जब बुजुर्ग परिवार की नींव माने जाते थे, लेकिन आज बहुत से घरों में उन्हें बोझ समझा जाता है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां सामाजिक सुरक्षा तंत्र कमजोर है, वहां बुजुर्गों की स्थिति और भी दयनीय है। खेती-बाड़ी के कामों में अब उनका योगदान सीमित हो गया है और स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच बहुत कम है।



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं

ढलती उम्र अपने साथ न केवल शारीरिक बीमारियां लाती है, बल्कि भावनात्मक और मानसिक चुनौतियां भी लेकर आती है। जब दवाइयों से ज्यादा जरूरत स्नेह और अपनत्व की हो और वह भी न मिले, तो जीवन वाकई असहनीय बन जाता है। सरकारी योजनाओं-जैसे वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान भारत या वरिष्ठ नागरिक कल्याण योजनाएं- कागजों में तो मौजूद हैं, पर अधिकांश बुजुर्गों तक इनका लाभ नहीं पहुंच पाता। पेंशन में देरी, अस्पतालों में लापरवाही और वृद्धाश्रमों की अपर्याप्त सुविधाएं इस वर्ग की पीड़ा को और गहरा करती हैं। संयुक्त परिवारों का टूटना भी इस समस्या का बड़ा कारण है। आधुनिक जीवनशैली, नौकरी की व्यस्तता और आत्मकेंद्रित सोच ने परिवार



के भीतर से साथ की भावना को कमजोर कर दिया है। अब घरों में बुजुर्गों के लिए जगह तो है, लेकिन उनके लिए समय नहीं। बच्चे बड़े शहरों में बस जाते हैं और माता-पिता गांव या छोटे कस्बों में अकेले रह जाते हैं। यह अकेलापन धीरे-धीरे अवसाद, असुरक्षा और आत्मग्लानि में बदल जाता है।

समाधान के लिए केवल सरकारी योजनाएं पर्याप्त नहीं होंगी। समाज को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। स्कूलों और परिवारों में बच्चों को बचपन से ही यह सिखाना होगा कि माता-पिता और बुजुर्ग केवल अतीत नहीं, बल्कि वर्तमान की धरोहर हैं। अगर आज हम उनके लिए संवेदनशील नहीं होंगे, तो कल हमारी भी यही स्थिति होगी। मीडिया और सामाजिक संस्थाओं को भी इस दिशा में जागरूकता फैलानी होगी ताकि वृद्धाश्रम आश्रय का नहीं, बल्कि असफल रिश्तों का प्रतीक बनना बंद हों।

सरकार को भी बुजुर्गों की स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल हेल्थ क्लीनिक, सामुदायिक डे-केयर सेंटर और एकल वृद्धों के लिए राहत केंद्र खोले जा सकते हैं। साथ ही, 'माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम' जैसे कानूनों का सख़्ती से पालन जरूरी है, ताकि कोई भी बुजुर्ग उपेक्षा या अत्याचार का शिकार न बने।

यदि हमने समय रहते इन ढलती शामों को संवारना नहीं सीखा, तो हमारी आने वाली सुबहों का उजाला भी फीका पड़ जाएगा। आज प्रश्न यह नहीं है कि हमारे बुजुर्ग कैसे जी रहे हैं, बल्कि यह है कि हम उन्हें कैसे जीने दे रहे हैं। अगर हर घर में बुजुर्गों की मुस्कान लौट आए, तो वही सच्चे अर्थों में भारत के विकास की पहचान होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## आज की प्रमुख हस्ती

### हिंदी आलोचना के प्रथम आधार-शिल्पी

**हिंदी** साहित्य के इतिहास में गंगाप्रसाद अग्निहोत्री का नाम एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वे न केवल एक साहित्यकार थे, बल्कि हिंदी भाषा के प्रबल समर्थक और राष्ट्रभाषा आंदोलन के सशक्त प्रवक्ता भी थे। उनका जन्म 10 नवंबर, सन् 1870 को नागपुर (मध्यप्रदेश) में हुआ था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद उन्होंने मराठी और संस्कृत का अध्ययन किया तथा साहित्यिक क्षेत्र में स्वयं को स्थापित किया। गंगाप्रसाद हिंदी में पाश्चात्य समीक्षा-सिद्धांतों के प्रवर्तक माने जाते हैं। उस दौर में जब हिंदी में आलोचना का कार्य केवल पुस्तक-परिचय या गुण-दोष विवेचना तक सीमित था, तब उन्होंने आधुनिक दृष्टिकोण से समालोचना की नई परंपरा शुरू की। इस कारण उन्हें हिंदी आलोचना का एक प्रवर्तक समीक्षक कहा जाता है। उनकी साहित्यिक यात्रा की शुरुआत चिपलूणकर शास्त्री के निबंध समालोचना के अनुवाद से हुई, जो नागरी प्रचारिणी पत्रिका में 1896 ई. में प्रकाशित हुआ। इसके बाद उन्होंने शास्त्री की पूरी पुस्तक निबंधमालादर्श का हिंदी अनुवाद किया। यही कार्य उन्हें प्रसिद्धि के शिखर तक ले गया। उनकी प्रमुख रचनाओं में 'रसवारिका' (1897), 'राष्ट्रभाषा' (1899), 'प्रणयी माधव', 'संसार सुख साधन' (1917) और 'किसानों की कामधेनु' शामिल हैं। उन्होंने हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में सर्वथा उपयुक्त माना और उसकी शुद्धता व गरिमा बनाए रखने पर बल दिया। गंगाप्रसाद अग्निहोत्री की भाषा तत्समप्रधान, शुद्ध और सुसंस्कृत थी। 10 नवंबर 1931 को उनका निधन हो गया। ■



गंगाप्रसाद अग्निहोत्री
जन्म : 10 नवंबर ,1870
मृत्यु : 10 नवंबर, 1931

कविता



## प्रतिछाया

वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना, मो. 9417280333

**तुम्हारी** ही प्रतिछाया हूं मैं,
तुम्हारे चलने के साथ अस्तित्व मेरा
क्यों भूत समझते हो तुम मुझे?
तुम्हारे साथ ही चलता हूं मैं
धूप, छाया और प्रतिछाया में
कभी घटता और कभी हूं बढ़ता
जिंदगी के साथ ही हूं चलता
तुम हो तो हूं मैं ...
मुझ से तुम डरते हो क्यों?
मत डरो तुम मुझ से
तुम्हारा ही साया हूं मैं
तुम्हारी मंजिल है यहां
पहुंचना है मुझे वहां
मत रुको मत झुको
बढ़ो आगे जिंदगी में ही है रवानी
चलते चलो न किसी से डरो
जीते जी न मरो
विश्वास मुझ पर करो
मैं हूं न तुम्हारे साथ।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# पाड़छू में खाई में गिरी कार, महिला चालक की मौत, बहन गंभीर घायल

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

धर्मपुर-सरकाघाट निर्माणधीन एनएच पर कार दुर्घटना में एक महिला चालक की मौत हो गई जबकि उसके साथ बैठी उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार नगर परिषद के वार्ड सात डबरोग के निवासी सन्नी कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने घर से बाहर जमसाई वार्ड में परिवार सहित रहता है और टैक्सी चालक का काम करता है। सन्नी कुमार के अनुसार रात के समय साढ़े दस बजे बस स्टैंड से धर्मपुर के लिए सवारी मिली और वह सवारी को लेकर अपने क्वार्टर जमसाई के पास पहुंच गया तथा अपने निवास पर खाना खा रहा था तो उसकी पत्नी उमा देवी ने अपनी बहन चंद्रकला जो उनके पास मेहमान आई थी उसको अपने साथ लेकर टैक्सी की चाबी उठाकर सवारी को छोड़ने धर्मपुर चली गई तथा जब वह धर्मपुर से वापस आ रही थी तो पाड़छू में लोक निर्माण विभाग की वर्कशॉप के पास उसने मोड़ पर अपनी गाड़ी से नियंत्रण खो दिया


खाई में गिरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त कार।

और साठ फुट गहरी खाई में गिर गई। सन्नी कुमार के अनुसार उसे रात के डेढ़ बजे उसकी पत्नी के मोबाइल से साली चंद्रकला का फोन आया और उसने बताया कि उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई है और वह गाड़ी में फंसी हुई है। सन्नी कुमार दूसरी गाड़ी में रात के अढ़ाई बजे पाड़छू पहुंचा, लेकिन उससे पहले उसका साला गौतम और साढ़ू लक्की घटनास्थल पर पहुंच गए थे।

उन्होंने बताया कि उमा देवी गाड़ी के बाहर नाले में पानी में गिरी थी और साली कार में अंदर थी। उमा देवी घटनास्थल पर ही मर गई थी और गंभीर रूप से घायल साली चंद्रकला तथा उमा देवी को लेकर नागरिक अस्पताल सरकाघाट ले आया जहां डाक्टर ने उमा देवी को मृत घोषित कर दिया और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी तथा घायल चंद्रकला को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर कर दिया। उमा देवी के शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया और शव को उसके स्वजनों को सौंप दिया। महिला अपने पीछे 4 साल की बेटी छोड़ गई है डीएसपी संजीव सूद ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लापता व्यक्ति का शव बरामद, क्षेत्र में शोक की लहर

**अनंत ज्ञान, करसोग।** गांव बरथूना, डाकघर पांगना के निवासी ध्यान सिंह जो 7 नवम्बर से लापता थे, उनका पार्थिव शरीर रविवार को सीएचसी हॉस्पिटल पांगना के पास खाई में खड्ड के किनारे मिला है।

सूचना मिलते ही पांगना पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर लोकेशन ट्रेसिंग और सर्च ऑपरेशन के माध्यम से शव को बरामद किया। स्थानीय ग्रामीणों ने खाई के पास संदिग्ध वस्त्र देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर जांच शुरू की गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# रीवा में 17वें राष्ट्रीय साहित्यिक अधिवेशन में शामिल हुए हिमाचल के साहित्यकार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



अखिल भारतीय साहित्य परिषद हिमाचल प्रदेश के प्रचार मंत्री हेमराज ठाकुर ने बताया कि मध्य प्रदेश के रीवा में आयोजित 17वें राष्ट्रीय साहित्यिक अधिवेशन में हिमाचल प्रदेश के साहित्यकारों और पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अधिवेशन का उद्घाटन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 7 नवम्बर को किया और समापन 9 नवम्बर को हुआ। विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजीव शुक्ला रहे जबकि अध्यक्षता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुशीलचंद्र त्रिवेदी मधुपेश ने की।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री मनोज, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ ऋषि कुमार मिश्र, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ पवन पुत्र बादल और डॉ बी एन त्रिपाठी सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे। उद्घाटन कर्ता साहित्यकार विश्वास महीपति पाटिल थे। इस त्रिदिवसीय आयोजन में लगभग तीन हजार साहित्यकारों और परिषद पदाधिकारियों ने भाग लिया। अधिवेशन का विषय आत्म बोध से विश्व बोध रहा।

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने साहित्यकारों को राष्ट्र का मार्गदर्शक बताते हुए सामाजिक समस्याओं को लेखनी का विषय बनाने और युवाओं में राष्ट्र बोध जगाने का आह्वान किया। हिमाचल प्रदेश से परिषद की प्रदेश अध्यक्ष डॉ रीता सिंह (कुल्लू), महामंत्री डॉ इंदु बाला पाराशर (ऊना), प्रचार मंत्री हेमराज ठाकुर (मंडी), जिला कार्यकारी अध्यक्ष सिरमौर धर्मेन्द्र शर्मा, ऊना से मधु ठाकुर, बिलासपुर से सुषमा खजुरिया और केशवानंद शर्मा तथा मंडी से मनोहर नायक ने हिमाचल का प्रतिनिधित्व किया। ठाकुर ने बताया कि इस अधिवेशन से हिमाचली साहित्यकारों को नई ऊर्जा और आत्मबोध प्राप्त हुआ है जिसे वे प्रदेश के अन्य साहित्यकारों के साथ साझा करेंगे।

- पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया उद्घाटन
- आत्म बोध से विश्व बोध रहा विषय

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम सुक्खू आज मंडी जिले के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 10 नवंबर को मंडी जिला के एक दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। इस दौरान वे आपदा प्रभावित परिवारों को राहत वितरित करेंगे। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि मुख्यमंत्री सोमवार को प्रातः लगभग 10.50 बजे मंडी जिला के पनारसा में पहुंचेंगे और वहां राजकीय डिग्री कॉलेज पनारसा का विधिवत लोकार्पण करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री प्रातः करीब 11.45 बजे मंडी पहुंचेंगे और पड्डल मैदान में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री इस बरसात में आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत वितरण करेंगे। इनमें मंडी, कुल्लू व बिलासपुर जिला के आपदा प्रभावित शामिल हैं। दोपहर बाद मुख्यमंत्री शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मंत्री जगत सिंह नेगी व धर्माणी आज मंडी में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी मंडी जिला के प्रवास पर आ रहे हैं। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार आगामी 10 नवंबर को वे मंडी में आयोजित मंडी, कुल्लू एवं बिलासपुर जिला के आपदा प्रभावित परिवारों को विशेष राहत वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ उपस्थित रहेंगे। नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी भी मंडी जिला के एक दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। वे आगामी 10 नवंबर को मंडी में आयोजित किए जा रहे आपदा राहत वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के साथ उपस्थित रहेंगे।

### स्वयंसेवियों ने सीखी सामाजिक जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिहरा में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया और स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, स्वास्थ्य-जागरूकता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज सेवा का संदेश दिया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व और सक्रिय नागरिकता की भावना को विकसित करना था। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्य सहकारी बैंक के प्रबंधक राजेश परमार रहे, जबकि कार्यवाहक प्रधानाचार्य विरेंद्र पठानिया ने अतिथि का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों की निष्ठा और सेवाभाव की सराहना करते हुए उन्हें बैंकिंग व बचत योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण राणा ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह शिविर छात्रों में सेवा, अनुशासन और समाज के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करता है।

### खेतों में सांड व कुत्तों से किसानों की मुश्किलें बढ़ीं

**भीम बसेडू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** महादेव के नाचन विधानसभा क्षेत्र में किसानों और ग्रामीणों का जीवन जंगली और लावारिस पशुओं के आतंक के चलते कठिन हो गया है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जंगली जानवरों के डर के कारण लोग डरे-सहमे हैं, वहीं निचले क्षेत्रों में सांड और कुत्ते कृषि कार्य में बाधा बन रहे हैं। कई वर्षों से लावारिस हालत में छोड़े गए पशु खेतों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों में फैले हुए हैं, जिससे वाहन चालक, विद्यार्थी और किसान लगातार परेशानी झेल रहे हैं। गांव के बुद्धिजीवियों और किसानों का कहना है कि इन जानवरों के नियंत्रण के लिए अब तक सरकार और राजनीतिक संगठनों की ओर से कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार से मांग की है कि शीघ्र ही जंगली और लावारिस पशुओं के नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों को सुरक्षित और निर्भीक कृषि कार्य करने का अवसर मिल सके।

### कैंसर के उपचार के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर स्थित महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय के शिक्षा विभाग में रेड रिबन क्लब के सौजन्य से नेशनल कैंसर डे के उपलक्ष्य पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सभी प्रशिक्षु अध्यापकों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की समन्वयक एवं रेड रिबन क्लब की प्रभारी अंकिता चांगरा ने विद्यार्थियों को कैंसर के प्रति जागरूक करते हुए इसके लक्षण, रोकथाम और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैंसर एक गंभीर बीमारी है, लेकिन इसका इलाज संभव है अगर इसका समय पर पता लगाया जाए। कार्यक्रम की शुरुआत में शिक्षा विभाग की अध्यक्षा डॉ. सुमन कुमारी कटोच ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कैंसर के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने और नियमित जांच करवाने की सलाह दी।

### पेंशनरों ने सड़कों पर उतरने की दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ की चौंतड़ा खंड इकाई की मासिक बैठक प्रधान नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पेंशनरों ने सरकार की नीतियों पर नाराजगी जताई और कहा कि अगर उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वे सड़कों पर उतरकर अपने हक़ की लड़ाई लड़ेंगे। सभा में आरोप लगाया गया कि 2016 से 2022 तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयक और चिकित्सा बिल करोड़ों रुपये लंबित हैं, जबकि मंत्रियों और चहेतों के भत्ते बढ़ाए जा रहे हैं। संघ ने नेरघसवासड़ा पंचायत के 11 आपदा पीड़ित परिवारों को 35 हजार रुपये की सहायता भी दी। बैठक के अंत में सभी पेंशनरों ने एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

### संस्कृत व अंग्रेजी वार्तालाप स्पर्धा आयोजित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** तहसील क्षेत्र लडभड़ोल के भारती ज्ञान पीठ पब्लिक स्कूल में शनिवार को संस्कृत और अंग्रेजी भाषा में वार्तालाप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता आने वाले पंचायत चुनावों पर केंद्रित रही। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने संस्कृत और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में पंचायत के कार्यों, चुनाव प्रक्रिया और एक आदर्श पंचायत की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। बच्चों ने बताया कि एक आदर्श पंचायत में पारदर्शिता, सेवा भावना और जनहित सर्वोपरि होना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी पंचायत के लिए योग्य और ईमानदार प्रतिनिधि का चयन करें तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से न केवल बच्चों में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि बढ़ती है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और वार्तालाप कौशल भी विकसित होता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय शास्त्रीय भाषाओं की समझ को गहराई तक पहुंचाना है, जिससे वे देश की सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ सकें।

# मीनाक्षी ने पूरा किया परिवार का सपना

## लॉ यूनिवर्सिटी पटियाला से एडवोकेट बनी पंडोह की बेटी

बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह।** मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती इस कहावत को चरितार्थ किया है पडोह निवासी मिन्टू राम ने। बीबीएमबी में बेलदार के पद पर कार्यरत मिनटु राम ने गरीबी की परवाह किए बिना अपनी बेटियों की शिक्षा पर पूरा ध्यान केंद्रित किया। परिणामस्वरूप उनकी बेटी मिनाक्षी ने लॉ यूनिवर्सिटी पटियाला से एलएलबी की डिग्री प्राप्त कर क्षेत्र, परिवार और समाज का नाम रोशन किया है।

डिग्री वितरण समारोह में मिनाक्षी के साथ उसके माता-पिता भी मौजूद रहे। जब चेयरमैन राकेश गुप्ता ने मां बबीता देवी से पूछा कि बेटी के एडवोकेट बनने पर उन्हें कैसा महसूस हो रहा है, तो उनकी आंखें खुशी से भर आईं और गला रुँध गया। यह पल वहां मौजूद सभी लोगों के लिए अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक रहा।

मिन्टू राम ने बताया कि उन्होंने हमेशा यह ठान लिया था कि गरीबी उनकी बेटियों के सपनों के बीच नहीं आएगी। उन्होंने कहा किमेरी बेटियां बेटों से कम नहीं हैं। उनकी छह बेटियां हैं जिनमें एक बेटी डीएड कर चुकी है, दूसरी मंडी कॉलेज से अंग्रेज़ी में एमए कर रही है और सबसे छोटी बेटी +2 में पढ़ रही है। सभी बेटियां अपनी कक्षाओं में 85 से 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर



परिवार का मान बढ़ा रही हैं। मिनाक्षी ने कहा कि उनका सपना एक प्रतिष्ठित वकील बनना है ताकि वे जरूरतमंद महिलाओं को न्याय दिला सकें। वह प्रैक्टिस के साथ-साथ लॉ की उच्च शिक्षा भी प्राप्त करना चाहती हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को देते हुए कहा कि मेरे माता-पिता हमारे लिए भगवान से कम नहीं हैं। मिनाक्षी को यह डिग्री सर्वोच्च न्यायालय के प्रतिष्ठित अधिवक्ता ए.पी. सिंह द्वारा प्रदान की गई, जो उनके परिवार के लिए गर्व का क्षण रहा। यह मिनाक्षी और उनके परिवार की सफलता की गाथा है, बल्कि बाल्मिकी समाज के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है कि शिक्षा और हौसले से कोई भी बाधा असंभव नहीं रहती।

## माता फूंगणी भगवती मंदिर का निर्माण कार्य निरंतर प्रगति पर

**अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी के थल्टूखोड़ क्षेत्र के पंजौंड में निर्माणाधीन माता फूंगणी भगवती मंदिर का कार्य माता की कृपा और स्थानीय व दूरदराज़ क्षेत्रों के दानी सज्जनों के सहयोग से तेज़ी से प्रगति कर रहा है। मंदिर कमेटी के सदस्य व धमच्याण पंचायत के प्रधान जोगिन्द्र पाल ने माता मंदिर कमेटी पंजौंड, ग्रामवासियों और सभी दानी सज्जनों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में भव्य प्रवेश द्वार तथा आते-जाते राहगीरों के लिए सड़क मार्ग के समीप एक अन्य मंदिर निर्माण की योजना पर कार्य चल रहा है। इसके लिए आवश्यक निर्माण सामग्री और अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था करने के लिए समिति कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि बड़ी माता फूंगणी ने इन सभी निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की है तथा मंदिर परिसर को पूर्ण रूप से विकसित करने की योजना बनाई गई है। मंदिर के सभी निर्माण कार्य एक साथ पूर्ण किए जाएंगे ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कमी न रहे। जोगिन्द्र पाल ने विश्वास व्यक्त किया कि माता की कृपा से सभी कार्य समय पर पूर्ण होंगे और उन्होंने प्रार्थना की कि माता फूंगणी का आशीर्वाद सभी दानी व श्रमदानी सज्जनों पर सदैव बना रहे।

# जनसेवा में अग्रणी महाकाल के राजीव राणा और कल्पना राणा

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** हिमाचल ब्लड टाइगर बैजनाथ महाकाल समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने बताया कि उनकी संस्था से जुड़े महाकाल के राजीव राणा (ढलारिया) और उनकी धर्मपत्नी कल्पना राणा व्यक्तिगत रूप से जनसेवा में हमेशा अग्रणी रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह दंपति अब तक 49 बार रक्तदान कर चुके हैं और सैकड़ों पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं। इसके अलावा गरीब बच्चों की शिक्षा, बेघर लोगों को आशियाने, जरूरतमंद परिवारों को राशन, व्हील चेयर और बिस्तर उपलब्ध करवाना तथा लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार जैसे कार्य कर मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं। जहां भी किसी को मदद की आवश्यकता होती है, यह दंपति सदैव सहायता को तत्पर रहता है। राजकुमार शर्मा ने बताया कि इनके सहयोग से हिमाचल ब्लड टाइगर बैजनाथ महाकाल संस्था ने अब तक अनेक


लोगों को आम प्रजाति का पौधा प्रदान करती हुई समाजसेवी कल्पना राणा।

रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया है और सेवा का यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि राजीव राणा और कल्पना राणा के मार्गदर्शन में कार्य करना गर्व की बात है।

# जायका परियोजना से मंडी में फसल विविधीकरण को बढ़ावा


सीड ड्रिल से गेहूं व मटर की बुआई का प्रदर्शन, किसानों को वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जायका) से वित्तपोषित हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरणदू2) के तहत जिला परियोजना प्रबंधन इकाई मंडी द्वारा जिला में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला परियोजना प्रबंधन इकाई ने एफआईएस कसारला के किसानों को रबी मौसम की बुआई के दौरान किसानों को सीड ड्रिल मशीन से गेहूं और मटर की बुआई का व्यावहारिक प्रदर्शन करवाया गया, जिससे उन्हें वैज्ञानिक खेती के लाभों से अवगत कराया गया वहीं ब्लॉक परियोजना प्रबंधन इकाई गोहर द्वारा गधिमन-मझोठी और एफआईएस सूरथी-थाची क्षेत्रों में मटर की बुआई का प्रदर्शन करवाया गया। किसानों को मशीन की कार्यप्रणाली समझाई गई और उन्हें स्वयं इसका उपयोग करने का अवसर दिया गया। जिला परियोजना प्रबंधक डॉ हेमराज वर्मा ने बताया कि पारंपरिक विधि की तुलना में सीड ड्रिल से बुवाई करने पर बीज की 20 से 25 प्रतिशत बचत होती है, श्रम व समय की कमी आती है तथा फसल का अंकुरण अधिक समान होता है। इस दौरान कृषि विशेषज्ञों ने बीज उपचार, उर्वरक प्रबंधन और कतारबद्ध बुआई के लाभों पर भी जानकारी दी। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से जारी रखने का आग्रह किया।

## विधायक ने खिलड़ा पंचायत के डडोल गांव में सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर की ग्राम पंचायत खिलड़ा के डडोल गांव में नव-निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जंवाल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह भवन स्थानीय लोगों के सामाजिक, सांस्कृतिक और जनकल्याण कार्यों का केंद्र बनेगा। भाजपा सरकार ने हमेशा विकास को जनसेवा से जोड़ा है, और इसी नीति का परिणाम है कि आज ग्राम स्तर पर भी सुविधाएं साकार हो रही हैं।

राकेश जंवाल ने कहा कि जब प्रदेश में भाजपा सरकार थी, तब हर क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों की नींव रखी गई थी, लेकिन मौजूदा कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही विकास की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। सुंदरनगर का विकास पूरी तरह ठप्प पड़ चुका है। कांग्रेस सरकार के पास न नीति है, न नीयत और न दिशा। राकेश जंवाल ने सवाल उठाया कि जब भाजपा के विधायक और नेता ही जनता के काम करवाने में जुटे हैं, तो ऐसी सरकार की जरूरत ही क्या है। जनता को अब यह समझ आ गया है कि असली काम कौन करवा रहा है और कौन केवल भाषणों में व्यस्त है। भाजपा मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश में न तो रोजगार बढ़ा, न निवेश आया और न ही कोई नई विकास योजना शुरू हुई।

# बरसात के बाद भी ठप एनएच निर्माण कार्य, सूर्या और गावर कंपनियां नदारद



अनंत ज्ञान, सरकाघाट

अवाहदेवी से सरकाघाट-धर्मपुर-मंडी तक बन रहे एनएच-003 निर्माण कार्य की बरसात के बाद की स्थिति की समीक्षा के लिए हिमाचल किसान सभा की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। यह टीम पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्य कर रही है, जिसमें रणताज राणा, सुरेश शर्मा, अमृत लाल, मनोज कुमार सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। टीम ने चोलथरा, रखोह, परसदा, बनेहरडी, बरोटी, हवानी, बनाल, रियूर, शिवदवाला, लौंगनी, पाड़छु आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि गावर कंस्ट्रक्शन कंपनी और सूर्या कंपनी के काम की स्थिति बेहद खराब है। सूर्या कंपनी के स्थान पर भांबू बिल्डर्स द्वारा बनाए गए सुरक्षा दीवारों की गुणवत्ता अच्छी पाई गई है, इसलिए सभी कार्य इसी कंपनी को देने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि सूर्या कंपनी चोलथरा बासी में कार्य में बाधा डाल रही है तथा कई स्थानों पर दीवारों और सड़कों की स्थिति दयनीय है। सरकाघाट अस्पताल से नगर परिषद कार्यालय तक सड़कों पर पड़े गड्ढों की मरम्मत महीनों से नहीं हुई, जिससे वाहनों को नुकसान हो रहा है। किसान सभा का कहना है कि स्थानीय प्रशासन और मौर्थ विभाग इन कंपनियों पर कार्रवाई करने से बच रहे हैं। विभाग का कार्यालय अब हमीरपुर से शिमला स्थानांतरित हो गया है। सभा ने 12 नवंबर को सरकाघाट में राज्य स्तरीय अधिवेशन बुलाने का निर्णय लिया है, जिसमें इन कंपनियों के खिलाफ आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

- किसान सभा 12 को सरकाघाट में बनाएगी रणनीतिः भूपेंद्र

## स्काउट्स व गाइड्स ने प्राप्त किया प्रशिक्षण

**आदर्श, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** राजकीय आदर्श माध्यमिक पाठशाला के प्रांगन मे चल रहा सात दिवसीय प्रशिक्षण एवं परिक्षण शिविर और तृत्य सोपान रविवार को विधिवत रूप से संपन्न हो गया। शिविर में ज़िला मंडी के 21 स्काउट मास्टर्स और 24 गाइड कैप्टेन ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। साथ में जिला की विभिन्न पाठशालाओं से आये 110 स्काउट्स और 142 गाइड्स ने शिविर में हिस्सा लिया। शिविर में 68 स्काउट्स और गाइड्स ने नेशनल जम्बूरी लखनऊ के लिए भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस शिविर का सुभारम्भ गत 3 नवंबर को उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने किया था। शिविर का विधिवत रूप से समापन उप निदेशक उच्च शिक्षा मंडी यशवीर धीमान ने किया। उन्होंने अपना शुभ आशीर्वाद सभी प्रतिभागियों को दिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने शिविर में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इससे पूर्व स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य रमेश कौशल व जिला संगठन आयुक्त देवकीनंदन ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को जारी रखते हुए मुख्यातिथि को पेड़ भेंट किया।

**सफलता की कहानी** एचपी शिवा परियोजना के तहत गध्यानी क्लस्टर ने लिखी सफलता की नई गाथा

# अमरूद की खेती से सरकाघाट के किसान कमा रहे लाखों

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश में बागवानी अब केवल मात्र खेती कार्य तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण समृद्धि और आर्थिक विकास का सशक्त माध्यम बन गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार बागवानी क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सशक्त प्रयास कर रही है, जिसके सुपरिणाम अब धरातल पर नजर आने लगे हैं। सरकार की महत्वाकांक्षी एचपी शिवा (हिमाचल उपोष्णकटिबंधीय बागवानी, सिंचाई एवं मूल्यवर्द्धन) परियोजना इसमें सहायक बनी है, जिसके तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 100 करोड़ रुपये व्यय करने का प्रावधान किया गया है।

मंडी जिले के सरकाघाट उपमंडल का गध्यानी क्लस्टर आज एचपी शिवा परियोजना की सफलता का उत्कृष्ट उदाहरण बन कर उभरा है। यह क्लस्टर बागवानी के जरिए किसानों की तकदीर बदलने की कहानी बयां कर रहा है। वर्तमान में, लगभग 1.2 हैक्टेयर भूमि पर स्थापित इस बगीचे में उन्नत किस्म के अमरूद की फसल लहलहा रही है। यहां अमरूद की 'स्वेता' और 'ललित' प्रजाति के लगभग 1200 पौधे तीन वर्ष पूर्व रोपित किए गए थे। क्लस्टर से जुड़े 7 लाभार्थी किसान अब अपनी उपज को बाजार भेजने की तैयारी में हैं। परियोजना से जुड़े किसान अपनी आय में हुई वृद्धि से बेहद उत्साहित हैं। लाभार्थी हेम राज ने बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने लगभग 60 से 70 हजार रुपये कमाए, लेकिन इस वर्ष बाजार में अमरूद की कीमत 65 से 70 रुपये प्रति किलो है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि उनकी आमदनी लगभग एक से डेढ़ लाख रुपये तक हो जाएगी। एक अन्य लाभार्थी मनोहर लाल के अनुसार, अमरूद की यह प्रजाति बहुत ही उम्दा और मीठी है, जिससे उन्हें बाजार में अच्छे दाम मिलने का पूरा भरोसा है। लोग बागीचे में आकर ही अमरूद खरीद रहे हैं।

लाभार्थी किसान मीरा देवी कहती हैं कि पहले वे पारम्परिक खेती से जुड़ी थीं। वे जो भी फसल उगाते थे, उसमें अधिक लाभ नहीं होता था। साथ ही जंगली जानवरों व बंदर फसल को नुकसान पहुँचाते थे, परन्तु परियोजना के तहत सोलर बाड़बन्दी से फसल नुकसान की समस्या भी हल हुई है। साथ ही उन्नत किस्म के पौधे अच्छी पैदावार दे रहे हैं। उन्होंने योजना के लिए प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार भी जताया।

### उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के लिए वरदान परियोजना

एचपी शिवा परियोजना विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों जैसे बिलासपुर, मंडी, हमीरपुर, ऊना, सोलन व सिरमौर के लिए चलाई जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य रोजगार के अवसर सृजित करना, किसानों की आय बढ़ाना, हिमाचल को फल राज्य के रूप में विकसित करना, और बंजर पड़ी भूमि का जीर्णोद्धार करना है। परियोजना के तहत अमरूद, मौसंबी, माल्टा, संतरा और लीची जैसे फलदार पौधों के बगीचे स्थापित किए जा रहे हैं। यह परियोजना हिमाचल के उपोष्णकटिबंधीय बागवानी को एक नई दिशा दे रही है, जिससे किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य साकार हो रहा है।



### क्या कहते हैं अधिकारी

**विषयवाद** विशेषज्ञ सरकाघाट डॉ. अनिल ठाकुर ने बताया कि शिवा परियोजना के अंतर्गत गोपालपुर क्षेत्र में अब तक 10 प्रथम पंक्ति प्रदर्शन उद्यान स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि 13 क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। इनमें से कुछ क्लस्टरों में इस वर्ष पौधरोपण पूरा कर लिया गया है, जबकि शेष में कार्य इसी वित्तीय वर्ष में किया जाएगा। इन क्लस्टरों में मौसम्बी, अमरूद और लीची की उन्नत खेती को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। अब तक लगभग 50 हेक्टेयर भूमि को बागवानी के अंतर्गत लाया जा चुका है, जबकि 150 हेक्टेयर क्षेत्र को इसी वित्तीय वर्ष में शामिल करने का लक्ष्य है।

# डिप्टी सीएम की पुत्री डॉ. आस्था अग्निहोत्री व सचिन शर्मा का 'आशीर्वादोत्सव' संपन्न

## राज्यपाल, राधास्वामी डेरा प्रमुख सहित अन्य हस्तियों ने नवयुगल को दी शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री की पुत्री डॉ. आस्था अग्निहोत्री एवं आईएएस अधिकारी सचिन शर्मा के 'आशीर्वादोत्सव' का आयोजन रविवार को ऊना जिले के गोंदपुर जयचंद स्थित निज गृह परिसर में संपन्न हुआ। धर्म, समाज, राजनीति, प्रशासन एवं सार्वजनिक जीवन से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्तित्वों के साथ हरोली एवं ऊना सहित प्रदेश और देश के विभिन्न राज्यों से पधारे विशिष्ट अतिथियों एवं नागरिकों ने नवयुगल को शुभाशीष एवं मंगलकामनाएं प्रदान कीं। समारोह में प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला एवं लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला, राधास्वामी सत्संग डेरा व्यास के प्रमुख श्रद्धेय बाबा गुरविंदर सिंह ढिल्लों तथा श्रीश्री 1008 जगद्गुरु रामानंदाचार्य ने पधारकर आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी, आयुष मंत्री यादविंदर गोमा, विधायक सतपाल सत्ती, विधायक आशीष बुटेल, विधायक नीरज नैय्यर, विधायक विवेक शर्मा, विधायक राकेश कालिया, सुदर्शन बबलू, हिमफैड चेयरमैन महेश्वर चौहान, पूर्व विधायक सतपाल रायजादा सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों नवयुगल को शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि विवाह की प्रमुख रस्में 22 नवंबर को पूर्णतः वैदिक परंपरानुसार संपन्न की जाएंगी। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सभी अतिथियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी स्नेहपूर्ण उपस्थिति एवं शुभाशीष ने इस शुभ अवसर को और अधिक मंगलमय बना दिया।


'आशीर्वादोत्सव' का आयोजन ऊना जिले के गोंदपुर जयचंद स्थित निज गृह परिसर में हुआ।

# राज्यपाल ने माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रविवार को शक्तिपीठ छिन्नमस्तिका धाम माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में माथा टेका। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी उनके साथ थीं। राज्यपाल और लेडी गवर्नर ने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने मंदिर में हवन यज्ञ भी किया। इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक अमित यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

वहीं, एक बड़ी चूक देखने को मिली। राज्यपाल की सुरक्षा में तैनात उनके सुरक्षाकर्मी हथियार सहित मंदिर के गर्भगृह तक पहुंच गए, जबकि मंदिर में किसी भी वीवीआईपी या सुरक्षाकर्मी को हथियार लेकर अंदर जाने की सख्त मनाही है। मंदिर के नियमों के अनुसार, किसी भी व्यक्ति-चाहे वह वीआईपी हो या सुरक्षा स्टाफ, को मुख्य गर्भगृह में हथियार लेकर प्रवेश की अनुमति नहीं होती। घटना के बाद मंदिर प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के अनुसार, मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है और सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा किए जाने की संभावना जताई जा रही है।


राज्यपाल और लेडी गवर्नर ने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

## प्रसाद योजना का कार्य शीघ्र शुरू हो, राज्यपाल से की मांग

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** रविवार को चिंतपूर्णी मंदिर में अपनी धर्मपत्नी के साथ हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने माथा टेका। इस मौके पर उनके साथ अंतराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष विनोद शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने राज्यपाल से मांग रखी कि चिंतपूर्णी में प्रसाद योजना का कार्य कब से लटका हुआ है। इसे अति शीघ्र शुरू किया जाए। उन्होंने बताया कि चिंतपूर्णी मंदिर से हजारों श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है। इस लिए प्रसाद योजना का कार्य जल्दी धरातल पर उतरे, ताकि सभी श्रद्धालुओं को इसका जमीनी स्तर पर फायदा मिले। उन्होंने कहा कि इससे मंदिर का प्रारूप भी बदलेगा और व्यवस्थाओं में इजाफा होगा।

# ऊना की जहरीली हो रही आबोहवा

## जिले के मैदानी क्षेत्र के लोगों की बढ़ी परेशानी, एक्यूआई 113 तक पहुंचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**वायु** गुणवत्ता सूचकांक ने ऊना जिला के मैदानी क्षेत्र के लोगों की परेशानी को बढ़ा दिया है। जिला मुख्यालय का एक्यूआई लेवल रविवार को 113 तक पहुंच गया। हो सकता है। यह समीपवर्ती पंजाब और उद्योगों की वजह से बढ़ा है। इसके साथ ही तापमान में भी कुछ बढ़ोतरी हुई है।

बता दें कि धूल और धुआं के कारण जिले में फिर से एक्यूआई लेवल बढ़ने लगा है। बरसात के दौरान वातावरण पूरी तरह से स्वच्छ हो चुका था। नतीजतन एयर क्वालिटी इंडेक्स 40 से 50 के आसपास आ गया था। अक्तूबर तक यह नियंत्रण में था। बरसात बीतने व हल्की ठंड के दस्तक व सड़कों पर ट्रैफिक लोड बढ़ने के साथ ही अब हवा में प्रदूषण घुलने लगा है। ऐसी स्थिति में अस्थमा के मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। जिले की आबोहवा फिर से खराब श्रेणी में पहुंच गई है। ऊना शहर में रविवार को 110 से बढ़ चुका वायु गुणवत्ता स्तर शनिवार को 102 दर्ज किया गया था, जो मॉडरेट श्रेणी में आता है। हवा में धुंध के साथ वायु के कण बड़ी मात्रा में मौजूद हैं। धर्मशाला-चंडीगढ़ हाईवे के तहत ऊना जिला में शाम और सुबह के समय हवा में वायू प्रदूषण होने से दृश्यता भी कम हो रही है। कई जगह सुबह के समय धुंध भी पड़ रही है। उधर, शनिवार को दिनभर बादल छाए रहे। इससे दिन के अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई है। शनिवार को दिन का तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियय और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान में .8 डिग्री की कमी आई है, जबकि न्यूनतम तापमान में 2.4 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। दिन और रात के तापमान में अभी भी 18 से 20 डिग्री का अंतर है। दिन के समय गर्मी, जबकि शाम होते ही ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग ने 11 नवंबर तक जिले में मौसम साफ रहने की उम्मीद जताई है।

> धूल और धुएं के कारण फिर से बढ़ने लगा एक्यूआई लेवल

### एक्यूआई स्तर



- **स्टेज एक :** एक्यूआई स्तर 0 से 50 बहुत अच्छा
- **स्टेज दो:** एक्यूआई स्तर 51 से 100 सहनशील
- **स्टेज तीन :** एक्यूआई स्तर 101 से 150 बीमार लोगों के लिए खराब
- **स्टेज चार :** एक्यूआई स्तर 151 से 200 सभी लोगों के लिए खराब
- **स्टेज पांच :** एक्यूआई स्तर 201 से 300 तक बेहद खराब
- **स्टेज छह :** एक्यूआई 301 से 400 तक खतरनाक स्तर

# चिंतपूर्णी में दिव्यांग और बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी मंदिर में रविवार को भारी भीड़ उमड़ी, लेकिन दिव्यांग और बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन व्यवस्था ने उन्हें आसानी से माता के दर्शन करने का अवसर प्रदान किया। इस व्यवस्था के तहत, दिव्यांग और बुजुर्ग श्रद्धालु एक अटेंडेंट के साथ 100 की राशि खर्च कर दर्शन कर सकते हैं। इस व्यवस्था का लाभ उठाने वाले दिव्यांग युवक के परिजन ने बताया कि यह व्यवस्था काफी बेहतरीन है और इससे बुजुर्गों और दिव्यांगों को काफी लाभ हो रहा है। उन्होंने मंदिर प्रशासन की इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे श्रद्धालुओं को माता के दर्शन करने में आसानी हो रही है। मंदिर प्रशासन ने बताया कि सुगम दर्शन व्यवस्था के तहत, श्रद्धालुओं को बाबा श्री माई दास सदन में वेटिंग हॉल में बैठने की व्यवस्था दी जाती है, जहां से उन्हें इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट के जरिए मंदिर की लिफ्ट तक ले जाया जाता है और लिफ्ट से मंदिर के दर्शन कराए जाते हैं।

# क्या सुगम दर्शन प्रणाली केवल न्यास की कमाई का साधन?

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

**ऊना** जिले में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी जी के दर्शनों के लिए उमड़ती है, जहां मौजूदा समय में भक्तों की कतारें दो से तीन किलोमीटर लंबी लगी हुई होती हैं। वहीं, माता श्री चिंतपूर्णी में चल रही सुगम दर्शन योजना श्रद्धालुओं को लंबी कतारों से हटकर वीआईपी दर्शन करने में सहायता कर रही है।

मौजूदा समय में जहां मंदिर प्रशासन के पास उन वीआईपी श्रद्धालुओं के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं है, क्योंकि जब भी कोई सुगम दर्शन प्रणाली से माता के दर्शनों के लिए आता है, उसे मंदिर के सामने लाइन में भेज दिया जाता है या कई बार यह भी देखा जाता है कि श्रद्धालुओं को रोककर उन सुगम दर्शन प्रणाली के श्रद्धालुओं को माता के दर्शनों के लिए प्राथमिकता दी जाती है, जो सही नहीं है। कहना गलत नहीं होगा कि मंदिर प्रशासन मौजूदा समय में इतना सशक्त नहीं है कि प्रशासन एक समय में एक स्थान पर वीआईपी कल्चर और अन्य श्रद्धालुओं को दर्शन करवा सके, जहां सुगम दर्शन प्रणाली से आए हुए श्रद्धालु मंदिर के समक्ष आराम से मां का आशीर्वाद ले रहे होते हैं। वहीं, अन्य श्रद्धालुओ को पुलिस द्वारा जल्दी कीजिए चलते रहिए यही सुनने को मिलता है। आखिर धार्मिक स्थलों पर ऐसा भेदभाव होना सरासर गलत है। अगर इस बात पर यह तंज कसा जाए कि भीड़ के कारण यह होता है, तब यह भी गलत होगा, क्योंकि भीड़ को कंट्रोल करना प्रशासन की जिम्मेदारी का अहम हिस्सा है, जिसका पहलू जम्मू-कश्मीर में स्तिथ माता वैष्णो देवी जी के मंदिर में देखने को मिलता है, जहां अधिकतर समय मे लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के बाद भी सभी भीड़ काबू में रहती है।

बता दें कि लंबे समय के बाद अब 2025 में माता चिंतपूर्णी के मंदिर में विस्तार होने की बात शुरू हुई है। इस बारे में काफी बार विधायक चिंतपूर्णी ने भी प्रेस को जारी किए गए बयानों में कहा कि मंदिर का सौंदर्यीकरण 250 करोड़ रुपए से किया जाएगा, जिसमे सारा पैसा सरकार द्वारा दिया जाएगा और मंदिर न्यास के पैसों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा जो कि एक अनुकरणीय पहल है, लेकिन अभी तक कोई खास काम होता दिखाई नहीं दे रहा है।

> आखिर क्यों मंदिर में किसी को आराम से और किसी को धक्कों के साथ हो रहे दर्शन

# भाई-बहन दियुतित और बारिका ने चमकाया ऊना जिले का नाम

## कुश्ती और टेबल टेनिस में मनवाया प्रतिभा का लोहा






**अनंत ज्ञान, ऊना**

**भाई**-बहन बारिका और दियुतित ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से एक बार फिर ऊना जिले को गौरवान्वित किया है। बारिका ने कुश्ती में प्रदेश स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर अब राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाई है। पिछले वर्ष भी उन्होंने नेशनल स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया था और इस बार उनसे उम्मीद है कि वे हिमाचल प्रदेश का नाम एक बार फिर चमकाएंगी।

वहीं, उनके भाई दियुतित ने टेबल टेनिस में कड़ी मेहनत और लगन के दम पर अंडर-19 नेशनल टीम में अपनी जगह पक्की की है। अब वे भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने की तैयारी में हैं। दोनों भाई-बहनों की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और माता-पिता का अथक संघर्ष है, जिसने इन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। इनकी उपलब्धियों पर पूरे ऊना जिले के लोग गर्व महसूस कर रहे हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले समय में ये दोनों बच्चे प्रदेश और देश का नाम नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। इनके दादा गुरुदेव सिंह बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं।

# स्काउट एंड गाइड का जिलास्तरीय तृतीय सोपान टेस्टिंग शिविर 11 से

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बंगाणा के तलमेहड़ा स्थित सदा शिव मंदिर में स्काउट एंड गाइड का जिला स्तरीय तृतीय सोपान टेस्टिंग शिविर 11 से 14 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसमें जिले के लगभग 300 विद्यार्थी और 50 से अधिक अध्यापक भाग लेंगे। शिविर में चरित्र निर्माण, स्वस्थ आदतों, उपयोगी कौशल और समाज सेवा की भावना विकसित करने पर जोर दिया जाएगा। प्रतिभागी कैंपिंग, पैदल यात्रा और सामुदायिक विकास जैसी गतिविधियों में हिस्सा लेंगे।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्काउट एंड गाइड को राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने का अवसर मिलेगा। शिविर की तैयारियां शनिवार से शुरू हो चुकी हैं। विभिन्न स्कूलों के 40 अध्यापक स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाएं देख रहे हैं।

प्रत्येक स्कूल से चार स्काउट और एक गाइड भेजने के निर्देश दिए गए हैं।उपनिदेशक जिला उच्च शिक्षा अनिल कुमार तक्खी ने बताया कि शिविर को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। यह शिविर विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में सहायक होगा।

# ईसपुर गांव में सड़क किनाने खड़ी ट्रॉली से टकराई बाइक, युवक की गई जान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**पुलिस** थाना हरोली के तहत आने वाले गांव ईसपुर में सड़क किनारे खड़ी एक ट्राली से टकराने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। यह हादसा शनिवार देर रात को हुआ। मृतक की पहचान रोहित कुमार पुत्र जगतार सिंह, निवासी वार्ड नंबर 10, मकरैड टांडा, तहसील बंगाणा के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना से संबंधित तथ्य जुटाए। रविंद्र पाल पुत्र वंता राम निवासी ईसपुर, तहसील हरोली ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि शनिवार रात ईसपुर में प्रवासी समुदाय के कुछ लोग आपस में झगड़ रहे थे, जिसके चलते वहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए थे।

इसी दौरान एक ट्रैक्टर-ट्राली आई, जिसे चालक ने सड़क किनारे खड़ा कर दिया और फिर वह झगड़ रहे लोगों को छुड़ाने में लग गया। इसी समय एक तेज रफ्तार बाइक वहां पहुंची और सड़क किनारे खड़ी ट्राली से टकरा गई। टक्कर में बाइक सवार रोहित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रविंद्र पाल के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने बताया कि पुलिस घटना की गहन जांच कर रही है।

# भाजपा पदाधिकारी को किया सम्मानित

**बड़ूही, ऊना।** चिंतपूर्णी मंडल अपर में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रत्न चंद को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर राम पाल ने रत्न चंद को माता चिंतपूर्णी की चुनरी भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया।

उन्होंने संगठन में उनकी नियुक्ति पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी। इंजीनियर राम पाल ने कहा कि रत्न चंद लंबे समय से संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं और समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों की समस्याओं के समाधान में अग्रणी रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए मंडल अध्यक्ष के रूप में रत्न चंद संगठन को नई ऊर्जा, दिशा और गति प्रदान करेंगे। इस अवसर पर अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे और उन्होंने रत्न चंद की सफलता की कामना की।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**हीना पठानिया, बड़ूही**

उपतहसील जोल की ग्राम पंचायत कठोह के गांव अमरोह में रविवार को सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विधि विधान से कलश पूजन और कलश यात्रा के साथ की गई।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, छोटी नन्ही मुन्नी बच्चियों, क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी के जय-जयकार से वातावरण भक्ति में बना रहा।

कथा वाचन आचार्य रत्नचंद शर्मा ने बताया कि सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में यजमान मास्टर जगदीश चंद शर्मा एवं कथा आयोजक लवण्या डोगरा होंगे। रिटायर्ड कर्नल तरसेम चंद राणा ने बताया कि प्रतिदिन जगदीश शर्मा के निवास स्थान पर कथावाचक पंडित रतन चंद शर्मा अपने मुख से कथा का श्रवण करवाएंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि भागवत कथा में पहुंचकर पुण्य का लाभ कमाएं। इस अवसर पर कथा आयोजन लवण्या डोगरा, मास्टर जगदीश चंद शर्मा, कर्नल तरसेम चंद राणा जमुना दास, यशपाल डोगरा, महेंद्र डोगरा, शेफाली डोगरा, सोनिया डोगरा, वंश, वैष्णवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**सफलता** सन्हाल स्कूल की छात्रा हाई जंप में रजत पदक जीतकर बनी प्रेरणा

# प्रीति ने चमकाया उपमंडल बंगाणा का नाम

**अनंत ज्ञान, लठियानी**



**मेहनत,** लगन और आत्मविश्वास जब एक दिशा में चलते हैं, तो सफलता कदम चूमती है। इस कहावत को सही कर दिखाया है उपमंडल बंगाणा के गांव टांडा की बेटी प्रीति ने, जिसने धर्मशाला में आयोजित राज्य स्तरीय (अंडर-14) एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हाई जंप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। प्रीति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सन्हाल की आठवीं कक्षा की छात्रा है, ने इस उपलब्धि से न केवल अपने विद्यालय का, बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उसकी इस सफलता की गूंज अब पूरे उपमंडल में सुनाई दे रही है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जगीर सिंह ने इस असाधारण उपलब्धि पर प्रीति को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि प्रीति हमारी विद्यालय की सबसे प्रतिभाशाली छात्राओं में से एक है।

उसने अपनी लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास से यह मुकाम हासिल किया है। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। हमें विश्वास है कि भविष्य में यह बेटी राष्ट्रीय स्तर पर भी अपने कौशल का परचम लहराएगी। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर देने की आवश्यकता होती है, जिसे विद्यालय परिवार निरंतर पूरा कर रहा है।

> आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली प्रीति ने राज्यस्तरीय मंच पर लहराया परचम

## समर्पित, अनुशासित और जुझारू खिलाड़ी : राकेश

**शारीरिक** शिक्षा शिक्षक राकेश चंद ने कहा कि प्रीति एक समर्पित, अनुशासित और जुझारू खिलाड़ी है। उसने हर परिस्थिति में निरंतर अभ्यास जारी रखा। उसकी मेहनत और खेल के प्रति जुनून ही उसकी सफलता का वास्तविक आधार है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे विद्यालय से इतनी प्रतिभाशाली एथलीट उभर रही है, आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाएगी। अपनी सफलता पर प्रीति ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मेरी यह उपलब्धि मेरे शिक्षक राकेश चंद सर और मेरे माता-पिता के निरंतर सहयोग और आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने हमेशा मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। अब मेरा लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर अपने राज्य और क्षेत्र का नाम रोशन करना है, जिसके लिए मैं और अधिक मेहनत कर रही हूं। इस अवसर पर संदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, राकेश कुमार, ज्योति बनियाल, तथा मदन लाल के अलावा सभी शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित थे। सभी ने प्रीति को इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# चौकीमन्यार में देसी शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बड़ूही/ऊना।** थाना बंगाणा के तहत पुलिस चौकी जोल की टीम ने गश्त के दौरान अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से 36,000 एमएल देसी शराब (वीआरवी संतरा ब्रांड) बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, जोल पुलिस चौकी के एएसआई अशोक कुमार के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी जतिंद्र कुमार व आरक्षी प्रदीप कुमार गश्त पर थे। चौकी मनियार-वैरियां सड़क पर एचपी 78ए-4730 मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में पाए गए। मोटरसाइकिल चालक की पहचान रघुवीर सिंह (48), गांव बड़ूहा, व पीछे बैठे व्यक्ति की पहचान अजय परमार (45), गांव वगलाना के रूप में हुई।

दोनों के पास रखी दो प्लास्टिक बोरियों को चेक करने पर चार पेटियां बरामद हुई, जिसमें 48 बोतलें देसी शराब की थीं। दोनों आरोपी कोई लाइसेंस, परमिट, या वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने प्लास्टिक वोरियों सहित शराब और मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया। रघुवीर सिंह और अजय परमार को मौके पर गिरफ्तार किया गया। जोल चौकी प्रभारी एएसआई अशोक कुमार ने बताया कि जांच जारी है।

# बंगाणा में मारपीट की घटना निंदनीय दोषियों के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई : राज

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**राष्ट्रीय** दलित मानवाधिकार अभियान (हिमाचल प्रदेश) के राज्य महासचिव राज महें व उनकी टीम ने ऊना जिला की तहसील बंगाणा में हुई दलित युवकों से मारपीट की घटना का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। राज महें ने कहा कि देश को आजाद हुए 78 वर्ष से अधिक हो चुके हैं, लेकिन दलित समाज के साथ अत्याचार और भेदभाव की घटनाएं अब भी थम नहीं रही हैं।

27 अक्तूबर को बंगाणा सरकारी अस्पताल के पास दो दलित युवकों, अंकुश और अजय, पर कुछ युवकों दीपू, रवि और सचिन ने अपने साथियों सहित लोहे की कड़ों और हॉकी स्टिक से हमला कर दिया। इस हमले में अजय को सिर में पांच टांके और अंकुश को सात टांके लगे। घटना से पहले 26 अक्तूबर की रात कैहलम्वी गांव में शादी समारोह के दौरान झगड़ा हुआ था। राज महें ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज तो किया है, लेकिन आरोपी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ितों को धमकियां दे रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की, अन्यथा मामले को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की चेतावनी दी।



राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान के राज्य महासचिव राज महें व उनकी टीम ने दलित युवकों के साथ हुई मारपीट स्थल का निरीक्षण किया।

# मृकुला मंदिर में आज भी है महिषासुर के रक्त से भरा खप्पर

## माता काली की मूर्ति के पीछे रखा खप्पर, देखना पूर्णतया निषेध व कश्मीरी कन्नौज शैली में बना है मंदिर

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के उदयपुर में समुद्रतल से 2623 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माता मृकुला देवी का मंदिर सभी के लिए आस्था का केंद्र है।

प्रसिद्ध मृकुला देवी मंदिर का इतिहास द्वापर युग के दौरान पांडवों के वनवास काल से जुड़ा हुआ है। मंदिर के पुजारी बली राम के अनुसार यह मंदिर अपनी अद्भुत शैली और लकड़ी पर नक्काशी के लिए जाना जाता है। यहां मां काली की महिषासुर मर्दिनी के आठ भुजाओं वाले रूप में पूजा की जाती है। यह मंदिर कश्मीरी कन्नौज शैली में बना हुआ है। पुजारी के अनुसार द्वापर युग में महाबली भीम एक दिन एक विशालकाय पेड़ को यहां लाए और उन्होंने देवता के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा से यहां मंदिर के निर्माण के लिए कहा। विश्वकर्मा ने एक दिन में इस मंदिर का निर्माण किया। आज भी मंदिर के भीतर उन दिनों के बनाए रामायण और महाभारत की कलाकृतियां देख लोग दंग रह जाते हैं। कहीं मृत्यु शैया में लेटे भीष्म पितामह, कहीं सागर मंथन, सीता मैया का हरण, अशोक वाटिका, गंगा-जमुना, आठ ग्रह, भगवान विष्णु के अवतार, भगवान शिव का तीसरा नेत्र खुलने, भगवान कृष्ण-अर्जुन, द्रोपदी स्वयंवर, अभिमन्यु का चक्रव्यूह, सहित कई देवी-देवताओं के लकड़ी के बनाए चित्र मौजूद हैं। मंदिर की लकड़ी की दीवारें पहाड़ी शैली में बनी हुई हैं। मान्यता है कि महिषासुर का वध करने के बाद मां काली ने यहीं पर खून से भरा हुआ खप्पर रखा था। यह खप्पर आज भी यहां माता काली की मुख्य मूर्ति के पीछे रखा हुआ है। इसे श्रद्धालुओं के देखने पर प्रतिबंध है। लोगों में आस्था है कि अगर इस खप्पर को कोई गलती से भी देख ले तो वह अंधा हो जाता है।



### मंदिर में 'चलो अब चलते हैं' कहना है मना

**मंदिर** कपाट के पास दो द्वारपाल बजरंग बली और भैरो खड़े हैं। मंदिर में प्रवेश करने से पहले श्रद्धालुओं को बताया जाता है कि यहां पूजा-अर्चना और दर्शन के बाद भूलकर भी 'चलो यहां से चलते हैं' नहीं बोल सकते हैं। मान्यता के अनुसार ऐसा कहने पर आप और आपके परिवार पर विपदा आ सकती है। बताते हैं कि ऐसा कहने पर इस मंदिर के द्वार पर खड़े दोनों द्वारपाल भी साथ चल पड़ते हैं। आज के बदलते परिवेश में भी इस मंदिर में कभी भी चलो नहीं कहते हैं। दर्शन करने के बाद चुपचाप लौट आते हैं।

### फागली उत्सव पर निकाला जाता खप्पर

**घाटी** में साल में एक बार फागली उत्सव होता है। उत्सव की पूर्व संध्या पर मां मृकुला देवी मंदिर के पुजारी खप्पर की पूजा-अर्चना की रस्म अदायगी अकेले करते हैं। खप्पर को बाहर निकाला जाता है लेकिन कोई देखता नहीं है। जनश्रुति के अनुसार इस खप्पर को देखने वाले लोगों की आंखों की रोशनी हमेशा के लिए चली जाती है।

### ढाई मन वजनी पत्थर के बराबर मिलता था भीम को एक समय का भोजन

**मंदिर** से कुछ दूरी पर एक क्विंटल करीब पक्का ढाई मन वजन का एक पत्थर है जिसे उठाना तो दूर हिलाने में भी पसीने छूट जाते हैं। बताते हैं कि सच्चे मन से मां के जयकारों के साथ पांच या सात लोग एक मध्यम उंगली से इस पत्थर को बड़ी सुगमता से हिला या उठा सकते हैं। यह पत्थर भीम के लिए रखा गया था। भीम पांडवों का सारा भोजन चट कर जाते थे, ऐसे में उन्हें इस पत्थर के वजन के बराबर एक समय का भोजन देते थे ताकि औरों को भी कुछ खाने के लिए बच सके।

# पर्यटकों को आकर्षित कर रहा बर्फ की चादर में लिपटा रोहतांग दर्रा

**अनंत ज्ञान, केलांग/मनाली**

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग दर्रा में पर्यटकों का खूब मेला लगा हुआ है। दर्रा में हाल ही में हुई बर्फबारी के कारण दो फीट से ज़्यादा बर्फ जमा हो गई है, जिसके चलते बर्फ की सफेद चादर में लिपटा रोहतांग दर्रा पर्यटकों को आकर्षित करने लगा है। मनाली आने वाला हर पर्यटक रोहतांग के दीदार को उत्साहित दिख रहा है जिससे दर्रे में पर्यटकों की भीड़ लग गई है। हालांकि दर्रे में फोर व्हील ड्राइव वाहन ही पहुंच रहे हैं।

पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय कारोबारियों में भी खुशी है। गत दिन जहां रोहतांग दर्रे में 200 के लगभग वाहन पहुंचे वहीं, रविवार को 227 वाहनों में पर्यटक रोहतांग पहुंचे। अधिकतर पर्यटकों ने कोकसर होकर ग्रामफू में भी दस्तक दी और बर्फ को खेलों का आनंद लिया। पर्यटन कारोबारी नंद लाल व वेद राम ने बताया कि अब धीरे धीरे रोहतांग दर्रे में पर्यटकों का मेला लग रहा है। उन्होंने बताया कि रविवार को पर्यटकों ने दो फीट बर्फ के ऊपर साहसिक खेलों का आनंद लिया। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में विंटर सीजन गति पकड़ेगा। होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि इस बार सप्ताहांत पर्यटकों की आमद बढ़ी है और रविवार को भी रोहतांग सहित कोकसर, अटल टनल रोहतांग व अन्य पर्यटन स्थलों में पर्यटक पहुंचे। वहीं, मनाली मालरोड में भी पर्यटकों का तांता लग रहा है।



### सुबह 10 से शाम 3 बजे तक जाएंगे वाहन

**लाहौल**-स्पीति प्रशासन ने दारचा से शिंकुला दर्रा और ग्रांफू से काजा जाने वाले पर्यटकों और आम जनता के लिए समयसारिणी निर्धारित की है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सूचना जारी कर कहा कि सात नवंबर से आगामी आदेश तक दारचा से शिंकुला के लिए सुबह 10 से शाम 3 बजे तक वाहन भेजे जाएंगे। अटल टनल से होकर कोकसर से वाया ग्रांफू-लोसर वाया कुंजम दर्रा जाने वाले यात्रियों को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक ही कोकसर चौकी से भेजा जाएगा। दोनों मार्ग पर सफर करने वालों के लिए प्रशासन ने केवल फोर बाई फोर वाहनों को ही जाने की अनुमति दी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला की मौत पर जताया रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने हमीरपुर जिले में नाबालिग द्वारा दराटी से महिला पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की है। जिला अध्यक्ष ममता नेगी और सचिव चंद्रकांता ने कहा कि घायल महिला की पीजीआई चंडीगढ़ में मौत प्रदेश में महिला सुरक्षा की चिंताजनक स्थिति को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह केवल व्यक्तिगत अपराध नहीं, बल्कि समाज में बढ़ती असंवेदनशीलता और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। समिति ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि आरोपी नाबालिग पर जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की सीमाओं में सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और सुरक्षा प्रदान की जाए तथा प्रदेश में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस नीतिगत कदम तुरंत उठाए जाएं, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### राहुल व ईशा ठाकुर बने सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटराई में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का विधिवत समापन हुआ। यह शिविर 3 से 9 नवंबर तक आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हरी राम ठाकुर और विशिष्ट अतिथि हीरा लाल ठाकुर उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य मंगल नेगी ने अतिथियों का स्वागत किया। स्वयंसेवियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोहा। शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। विशेष शिविर में उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए राहुल और ईशा ठाकुर को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी घोषित किया गया, जबकि 'चेंज मेकर' को सर्वश्रेष्ठ समूह का दर्जा मिला। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों ने विद्यार्थियों को समाजसेवा के लिए प्रेरित किया।

### सूरत ठाकुर को तीसरी बार अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। वरिष्ठ लेखक, इतिहासकार एवं संस्कृति के विद्वान डॉ. सूरत ठाकुर को तीसरी बार अखिल भारतीय इतिहास संकलन समिति हिमाचल प्रदेश का अध्यक्ष चुना गया है। रविवार को कुल्लू में मार्गदर्शक इन्द्र सिंह डोगरा की अध्यक्षता में हुए चुनाव में नई प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में डॉ. सुरेश कुमार सोनी (बिलासपुर) और डॉ. विशाल राणा (सोलन) को चुना गया। महासचिव डॉ. दीन दयाल वर्मा (शिमला) और सह सचिव डॉ. योगराज (हिमाचल विश्वविद्यालय) बने। संगठन सचिव डॉ. चंद्रशेखर (केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला) और कोषाध्यक्ष इन्द्र सिंह डोगरा बनाए गए। कार्यकारिणी में हीरा लाल ठाकुर (कुल्लू), दिनेश शर्मा (हमीरपुर), नारायण ठाकुर (कुल्लू), विक्रांत (शिमला), डॉ. मनोज शर्मा (सोलन), चंद्र प्रकाश (चंबा), दीपक शर्मा (निरमंड) और बांचुक शास्त्री (लाहुल-स्पीति) को शामिल किया गया। नई कार्यकारिणी का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए रहेगा।

### देवी-देवताओं का सम्मान करना सीखें अधिकारी

**अनंत ज्ञान, मनाली।** अनंत ज्ञान, मनाली। कुल्लू जिला कारदार संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं सियाल महादेव के कारदार जयचंद ठाकुर ने कहा कि सरकारी अधिकारी देवी-देवताओं का सम्मान करना सीखें। उन्होंने प्रेस बयान में कहा कि भगवान गीता के अपमान की घटना बेहद चिंताजनक है, हालांकि एसडीएम मनाली ने माफी मांग ली है, जो सराहनीय है। जयचंद ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार में कुछ अधिकारी बेलगाम होकर मनमानी कर रहे हैं और देव समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुल्लू में तहसीलदार द्वारा बार-बार देवताओं का अपमान किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने देव आस्था का अपमान बंद नहीं किया, तो देव समाज को सड़कों पर उतरना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सोमवार को कुल्लू में इस मुद्दे पर बड़ा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा और देव समाज के सभी लोगों से इसमें शामिल होने का आग्रह किया।

### नारी सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय कटराई में हिमाचल शिक्षा समिति एवं विद्या भारती के सहयोग से पूरे देश में निर्धारित नारी सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ममता चौहान, जन स्वास्थ्य प्रशिक्षक ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसका उद्देश्य समाज में महिलाओं के अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता रंजना बी., डी.सी. देवगढ़ पंचायत ने की। उप-प्रधानाचार्य संतोष ठाकुर ने सभी अतिथियों, माताओं और बहनों का स्वागत किया। कार्यक्रम प्रभारी मीना शर्मा ने सप्त शक्ति संगम के महत्व पर संक्षिप्त जानकारी दी। नवम और दशम कक्षा की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें अतिथियों ने सराहा। महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और पूर्व छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि ने संबोधन दिया और विद्या भारती की संयोजिका इंदिरा ने सभी उपस्थित माताओं व बहनों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का समापन महिलाओं के संकल्प के साथ हुआ कि वे पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाएंगी, नागरिक कर्तव्यों का पालन करेंगी और परिवार, समाज व राष्ट्र के कल्याण के लिए कार्य करेंगी।

### इतिहास की खामियों को दूर करेगी समिति



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय इतिहास संकलन समिति हिमाचल प्रदेश द्वारा ढालपुर के अटल सदन में राज्य स्तरीय इतिहास दिवस सम्मेलन का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ नन्द लाल शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि इतिहास केवल बीती घटनाओं का लेखा-जोखा नहीं बल्कि समाज के हर पहलू पर प्रकाश डालता है। मुख्य वक्ता डॉ सुरेश कुमार सोनी ने बिलासपुर जिले के पुरातन किलों पर विस्तार से जानकारी दी और कहा कि इन किलों में कई अनकही कहानियां दफन हैं, जिन पर गहन शोध की आवश्यकता है। समिति के प्रांत अध्यक्ष डॉ सूरत ठाकुर ने कहा कि समिति हिमाचल प्रदेश के किलों और गढ़ों पर विस्तृत खोज करेगी और नई शिक्षा नीति में भारत के गौरवशाली इतिहास को शामिल किया जाएगा। सम्मेलन में इंद्र सिंह डोगरा ने गौरवमयी इतिहास को उजागर करने पर जोर दिया। क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ प्रशांत गौरव ने दिसंबर में हरियाणा के समालखा में राष्ट्रीय महाधिवेशन की जानकारी दी। संगोष्ठी में कई विद्वान उपस्थित रहे।

# उझी घाटी में फिर लौटने लगी रौनक, पर मंदी अब भी बरकरार

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** मौसम के करवट बदलते ही उझी घाटी पर्यटकों की चहल-पहल से गुलजार होना शुरु हो गई है। लगभग तीन महीनों की लंबी ख़ामोशी के बाद घाटी में फिर से रौनक के स्वर सुनाई दे रहे हैं। अरसे से बंद पड़ी रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग तथा हॉट एयर बैलून जैसी गतिविधियां चलाने वाले व्यवसायी एक बार फिर पर्यटकों की आवभगत के लिए कमर कस चुके हैं। पैराग्लाइडिंग बुकिंग सैंटर संचालक रंजीत ने बताया कि गतिविधियां तो शुरु हैं मगर घाटी में आने वाले पर्यटकों की संख्या बहुत ही कम है। इस वजह से उनका काम अभी मंदा चल रहा है। वहीं हॉट एयर बैलून का व्यवसाय करने वाले अमर ठाकुर का कहना है कि पर्यटकों की कम संख्या के चलते प्रतिदिन केवल दो - तीन उड़ानें हो रही हैं और खर्च निकाल पाना भी मुश्किल हो रहा है। उझी घाटी के रायसन,डोभी ,दवाड़ा,कटराईं सहित सभी क्षेत्रों में विभिन्न साहसिक पर्यटन गतिविधियां, होटल, रेस्टोरेंट तथा अन्य काम धंधे से जुड़े लोगों ने उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में घाटी में पर्यटकों की संख्या में आशातीत बढ़ोतरी होगी और अर्से से मंदी की मार झेल रहे कारोबारियों को राहत मिल सकेगी।

### पर्यटन कारोबारियों को उम्मीद- जल्द ही बढ़ेगा करोबार

**उझी** घाटी में साहसिक गतिविधियों से जुड़े कारोबारियों सहित अन्य पर्यटन कारोबारियों को उम्मीद है कि जल्द ही घाटी में पर्यटन कारोबार बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि आपदा के कारण जिला में भारी नुकसान हुआ है। इस कारण कुल्लू जिला में पर्यटक पिछले काफी समय से कुल्लू मनाली नहीं रहे थे लेकिन अब धीरे धीरे पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। ऐसे में अब पर्यटकों की चहलकदमी के साथ ही पर्यटन कारोबार को भी पंख लगने की उम्मीद है।

# मनाली में पैराग्लाइडर पायलट रेस्क्यू

## ऑस्ट्रियाई पायलट फिलिप का 3700 मीटर की ऊंचाई पर क्रैश हुआ था पैराग्लाइडर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली में एक और पैराग्लाइडर पायलट दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। गत दिन बीड़ बिलिंग से विदेशी पायलट ने उड़ान भरी थी और मनाली की रानीसुई की पहाड़ी में अचानक पैराग्लाइडर क्रैश हो गया। इसमें विदेशी (आस्ट्रियाई) पैराग्लाइडर पायलट फिलिप को पीठ में चोट लगी है। इसकी सूचना उन्होंने यहां के प्रशासन व बीड बिलिंग एसोसिएशन को दी।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन हरकत में आए, लेकिन देर शाम होने के कारण तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू नहीं किया जा सका। पायलट फिलिप को इस दौरान पीठ में चोट लगी थी, और उनके साथी पायलट जिम अटोबा ने दुर्घटनास्थल पर उनकी देखभाल की, जिससे उन्हें रात भर ठंड से बचाव में मदद मिली। दरअसल दूसरे पैराग्लाइडर में उसका साथी था जैसे ही उसने देखा कि पैराग्लाइडर क्रैश हो गया तो उसने तुरंत वहीं पर लैंडिंग की और घायल हुए अपने साथी की मदद की। रविवार को 3700 मीटर की ऊंचाई से 'जॉइंट रेस्क्यू' सफल, हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर चंडीगढ़ ले जाया गया। दुर्घटना की संवेदनशीलता और पायलट की नाजुक स्थिति को देखते हुए सुबह होते ही बीड़ पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन और मनाली पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन ने एक संयुक्त और व्यापक रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। दुर्गम भौगोलिक स्थिति और अत्यधिक ऊंचाई के कारण जमीनी टीम का वहां पहुंचना कठिन था, इसलिए बचाव के लिए तुरंत हेलिकॉप्टर की मदद ली गई। रेस्क्यू टीम ने अपनी जान जोखिम में डालकर, सटीक समन्वय के साथ, ऑस्ट्रियाई पायलट फिलिप को लगभग 3700 मीटर की ऊंचाई से सुरक्षित एयरलिफ्ट किया। सफल बचाव के तुरंत बाद, घायल पायलट को बेहतर इलाज के लिए विशेष रूप से चंडीगढ़ ले जाया गया।

स्थानीय प्रशासन ने इस साहसिक और त्वरित बचाव अभियान के लिए दोनों पैराग्लाइडिंग एसोसिएशनों की सराहना की है। यह घटना एक बार फिर हिमाचल के पर्वतीय क्षेत्रों में पैराग्लाइडिंग के दौरान सुरक्षा मानकों के सख्त पालन की आवश्यकता को रेखांकित करती है। उधर, मुनीश कुमार एसएचओ मनाली ने बताया कि पैराग्लाइडर दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना उन्हें मिली थी। लेकिन उस स्थान पर रेस्क्यू टीम का जल्दी पहुंच पाना संभव नहीं था । पायलट को रविवार को हेलीकॉप्टर से एयर लिफ्ट करके चंडीगढ़ ले जाया गया है। सनद रहे कि कुछ दिन पहले भी एक पैराग्लाइडर क्रैश हुआ था और उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया गया था।



ऑस्ट्रियाई पायलट फिलिप गंभीर रूप से घायल, चंडीगढ़ भेजा।

# किसी भी महिला के साथ अन्याय नहीं किया जाएगा बर्दाश्तः आशीष कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

शोषण मुक्ति मंच हिमाचल प्रदेश के राज्य संयोजक आशीष कुमार ने कहा है कि सैंज घाटी में दलित महिला युवती की संदिग्ध मौत हिमाचल प्रदेश में बढ़ते सामाजिक अन्याय और प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर उदाहरण है। यह बात उन्होंने कुल्लू में मंच की बैठक के दौरान कही।

उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को युवावंति का शव पेड़ से लटका हुआ मिला था, लेकिन पूरी जांच प्रक्रिया और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। शव को पेड़ से उतारने के बाद लगभग दो से तीन घंटे तक थाने में रखा गया। फिर कुल्लू और उसके बाद नेरचौक मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां मात्र 15 मिनट में पोस्टमार्टम कर शव परिवार को सौंप दिया गया जो पूरी तरह संदेहास्पद है। आशीष कुमार ने कहा कि युववंती के पति रति राम को बिना किसी ठोस सबूत के साजिश के तहत हिरासत में लेकर एक महीने तक जेल में रखा गया। पुलिस ने उसे यह तक नहीं बताया कि उसे कहां ले जाया जा रहा है और बाद में वह उन्हीं लोगों की गाड़ी में घुमाती रही जो इस साजिश में शामिल बताए जा रहे हैं। यह पूरी कार्रवाई पुलिस की भूमिका पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती है। उन्होंने बताया कि गांव की महिलाओं और महिला मंडल ने इस घटना के बाद विशेष ग्राम सभा की मांग की। गांव की महिलाओं द्वारा लोनिवि कर्मचारी देवराज की वीडियो और बयान एसपी कुल्लू को सौंपे जाने के बाद एसआइटी का गठन हुआ। देवराज ने अपने बयान में श्रवण, बेली राम, प्रवीन कुमार और लीला धर को साजिश में शामिल बताया, लेकिन अब तक परिवार को एफआईआर की प्रति तक नहीं दी गई है। न ही यह बताया गया कि उसमें कौन सी धाराएं लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला स्पष्ट रूप से दलित महिला के साथ अत्याचार और न्याय प्रक्रिया में भेदभाव को दर्शाता है।

इस मौके पर जनवादी महिला समिति की जिला अध्यक्ष ममता नेगी, शोषण मुक्ति मंच कुल्लू के संयोजक नीलचंद और रामचंद्र भी मौजूद रहे। उधर, परिवार के लोगों में रति राम, रुक्मणि देवी, बीना देवी खेलु देवी रामदास, आदि व समस्त मांसरस्वती महिला मंडल व ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द न्याय मिलना चाहिए। दोषियों को सजा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में कोई उचित करवाई नहीं हो रही है। आशीष कुमार ने कहा कि शोषण मुक्ति मंच इस अन्याय के खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष करेगा। हिमाचल की धरती पर किसी भी महिला के साथ अन्याय अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मनाली एसडीएम ने इस्कॉन परिवार से मांगी माफी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पर्यटन नगरी मनाली में इस्कॉन के एक भक्त के साथ हुए अपमानजनक व्यवहार को लेकर उपजा विवाद अब समाप्त हो गया है। मनाली के उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) ने स्वयं फोन पर इस्कॉन परिवार से माफी मांगते हुए खेद प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यधिक कार्यभार और दबाव के चलते हुई, उनका उद्देश्य किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाना नहीं था। इस्कॉन सेंटर मनाली (कटराई) के इंचार्ज जीवाश्रेय सुबल दास ने पुष्टि करते हुए बताया कि एसडीएम ने फोन पर विनम्रता से माफी मांगी और आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह की कोई मनाही या असहयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन इस्कॉन के धार्मिक कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं डालेगा। घटना के बाद स्थानीय स्तर पर गहरा रोष देखने को मिला था। विशेष रूप से श्रीमद्भगवद्गीता और सनातन धर्म के अपमान को लेकर श्रद्धालुओं और आम जनता में असंतोष था। मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने भी इस प्रकरण को गंभीरता से लिया और प्रशासन से जवाब तलब किया। वहीं, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने प्रेस वार्ता कर एसडीएम के व्यवहार की निंदा करते हुए उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की थी। हालांकि, इस्कॉन परिवार ने मामले को आगे न बढ़ाते हुए शांति और क्षमा का मार्ग चुना। उन्होंने एसडीएम की माफी को स्वीकार करते हुए इसे एक दुर्भाग्यपूर्ण किन्तु समाप्त प्रकरण माना।

# 15 को धूमधाम से मनाया जाएगा पेंशनभोगी संघ का स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रदेश पेंशनभोगी संघ का पहला स्थापना दिवस बाल गोपाल भवन शमशी ज़िला कुल्लू में 15 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। संघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं ज़िला कांगड़ा के संयोजक नरेंद्र कुमार, प्रदेश महासचिव मिलाप चंद, प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला विंग) लीला डोगरा,संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भुंतर खंड के महासचिव खुशहाल चंद नेगी, जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओंकार दत्त शर्मा ने यहां जारी एक संयुक्त प्रेस बयान में बताया कि पेंशनभोगी संघ के राज्य स्तरीय स्थापना दिवस की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



कार्यक्रम के सफ़ल आयोजन हेतु एक ऑर्गेनाइज़िंग कमेटी गठित की गई है जो व्यवस्थागत प्रबंधों को देखेगी और आये हुये मेहमान पेंशनर्स का कुल्लवी परम्परा से इस्तकबाल करेगी।उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन के कुशल नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ ने अपने एक साल के अंतराल में प्रदेश के पेंशनरों की सभी जायज़ समस्याओं को प्रदेश सरकार से प्रमुखता से उठाया है। एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के दौरान सेवानिवृत्त हुये पेंशनरों के संशोधित वेतनमान के एरियर, संशोधित पेंशन, 40 प्रतिशत संशोधित पेंशन कम्युटेशन, ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट, एक जुलाई 2023 से मंहगाई भत्ते की लंबित पांच किस्तों की अदायगी,जनवरी 2022 से पेंशनरों को देय करीब 115 महीनों के मंहगाई भत्ते के एरियर सहित पेंशनरों की सभी लम्बित वित्तीय देनदारियों के एकमुश्त भुगतान करने तथा सभी जिला मुख्यालयों में पेंशनर भवन बनाने हेतु पेंशनर सड़कों पर उतरे हैं। लेकिन राज्य सरकार ख़राब आर्थिक स्थिति का बहाना बनाकर पेंशनरों की वित्तीय देनदारियों को जानबूझ कर लटका रही है। उधर, प्रदेशाध्यक्ष एल0आर0 गुलशन ने हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के सभी खण्ड, ज़िला एवं प्रदेश के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों तथा सभी पेंशनरों से आगामी 15 नवंबर को जिला कुल्लू के शमशी स्थित बाल गोपाल भवन में मनाये जाने वाले स्थापना दिवस समारोह में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया है।

# छत्तीसगढ़ की कलाकार मीनाक्षी वर्मा की मैक्रेम आर्ट कार्यशाला का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

### अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट में सजी कला प्रदर्शनी

अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट, नग्गर में छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध कलाकार मीनाक्षी वर्मा की मैक्रेम आर्ट प्रदर्शनी और कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन क्यूरेटर प्रकाश जाधव और ऑर्गेनाइजर सक्षम जाधव के निर्देशन में हुआ। कुल्लू के नग्गर स्थित रौरिक आर्ट गैलरी जो महान चित्रकार निकोलस रौरिक की कर्मभूमि रही है इसमें आयोजित इस कार्यक्रम में कई कलाकारों और कला प्रेमियों ने भाग लिया।

मीनाक्षी वर्मा पेशे से मूर्तिकार और चित्रकार हैं, जिन्होंने मैक्रेम आर्ट की बारीकियों को प्रतिभागियों के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि यह कला प्राचीन काल से चली आ रही एक रस्सी कला है, जिसमें गांठें बनाकर आकर्षक डिजाइन तैयार की जाती हैं। इस प्रक्रिया से न केवल सृजनात्मकता विकसित होती है बल्कि मानसिक और भावनात्मक तनाव को कम करने में भी सहायता मिलती है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को चाबी के छल्ले, झूले, मिरर फ्रेम, चूड़ी स्टैंड जैसे कई उपयोगी सामान बनाना सिखाया गया। मीनाक्षी ने कहा कि यह कला महिलाओं के लिए घर-आधारित व्यवसाय के रूप में भी अपनाई जा सकती है, जिससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने बताया कि मैक्रेम आर्ट व्यक्ति को प्रकृति और अपने अंदर की शांति से जोड़ती है। इस तरह की कार्यशालाएं समाज में रचनात्मकता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देती हैं। कार्यशाला के सफल आयोजन पर मीनाक्षी वर्मा ने रौरिक आर्ट गैलरी प्रबंधन, प्रकाश जाधव और सक्षम जाधव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नग्गर की खूबसूरत वादियों में कला के माध्यम से यह अनुभव उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा।

**जागृति** हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता के बीच नशे के खिलाफ जागरूकता की नई पहल

# 'नशा एक खौफ' लघु फिल्म की शूटिंग शुरू

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

हिमाचल प्रदेश की मनमोहक वादियों में सामाजिक संदेश देने वाली लघु फिल्म 'नशा एक खौफ' की शूटिंग होने जा रही है। यह फिल्म भोजपाल फिल्म और एनएसपीआर इंडिया संस्था के बैनर तले बनाई जा रही है। फिल्म का निर्देशन आमिर अल्वी कर रहे हैं, जबकि निर्माण में एचबीटी फाउंडेशन और सहभागिता टीम कुल्लू का सहयोग रहेगा।

फिल्म को हिमाचल प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से शूटिंग की आधिकारिक अनुमति मिल चुकी है। इसकी शूटिंग कुल्लू में शुरू हो चुकी है और आगे यह शिमला, मंडी, सुंदरनगर और तीर्थन घाटी के खूबसूरत स्थलों पर की जाएगी। निर्देशक आमिर अल्वी ने बताया कि यह फिल्म समाज में बढ़ते नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित है। उन्होंने कहा 'नशा एक खौफ' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने की कोशिश है, ताकि आने वाली पीढ़ी एक स्वस्थ और नशामुक्त भविष्य की ओर बढ़ सके। फिल्म की कहानी एक पर्यटक जोडे और हिमाचल पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें यह संदेश दिया जाएगा कि नशा कोई आनंद नहीं, बल्कि जीवन को धीरे-धीरे नष्ट करने वाला एक खतरनाक खौफ है। फिल्म में हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता, स्थानीय संस्कृति और पर्यटन स्थलों को भी प्रमुखता से दिखाया जाएगा। फिल्म में बॉलीवुड कलाकार सुरेंद्र ठाकुर, सुभाष चंद यादव और हिमाचल के वरिष्ठ थिएटर कलाकार दीप कुमार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रमुख अभिनेत्रियों में शगुन नेगी और सरोज शामिल हैं। स्क्रीन प्ले और संवाद का लेखन त्रिलोक सिंह राजपूत ने किया है, जबकि संपादन (एडिटिंग) का कार्य सचिन गौर द्वारा किया जा रहा है। कास्टिंग डायरेक्टर नरेंद्र सनी हैं और टीम में आर्यन शर्मा, चंदन भट्ट तथा प्रेम जैसे युवा सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

एनएसपीआर संस्था के अध्यक्ष आमिर अल्वी ने बताया कि यदि कोई हिमाचल का कलाकार इस फिल्म या नशा मुक्ति अभियान का हिस्सा बनना चाहता है, तो वह ऑनलाइन ऑडिशन देकर इसमें जुड़ सकता है। जिन युवाओं में अभिनय या अन्य कला की प्रतिभा है, उन्हें इस फिल्म में अवसर दिया जाएगा। फ़िल्म का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज में फैलते नशे के खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना और युवाओं को नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना है।



फिल्म की शूटिंग की तैयारियों में जुटी टीम।

## न्यूज ब्रीफ

### लापता मूकबधिर युवती को परिवार से मिलाया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना सदर सोलन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 23 वर्षीय विशेष रूप से सक्षम (श्रवण एवं वाणी बाधित) युवती को 48 घंटे के भीतर खोज निकाला और सकुशल उसके परिजनों से मिलवाया। 7 नवम्बर 2025 को अनिल कुमार निवासी सोलन ने थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी, जो सुन और बोल नहीं सकती, अचानक लापता हो गई है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए खोज अभियान शुरू किया। तकनीकी निगरानी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवती की लोकेशन मैपिंग की गई। सोलन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बद्दी, कालका, चंडीगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया। अथक प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने युवती को चंडीगढ़ से बरामद कर लिया। युवती को सकुशल परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

### स्टेट मेडलिस्ट खिलाड़ी हर्ष और कोच का हुआ स्वागत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** 40वीं राज्य स्तरीय योगा व कल्चर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर लौटे स्टेट मेडलिस्ट खिलाड़ी हर्ष और उनके कोच धर्मेंद्र चौधरी का कोटड़ी व्यास स्कूल प्रांगण में जोरदार स्वागत किया गया। यह प्रतियोगिता 4 नवंबर से हमीरपुर जिले के नादौन में लड़कों और लड़कियों के वर्ग में आयोजित हुई थी। इस प्रतियोगिता में लड़कों के वर्ग में जिला सिरमौर की टीम ने आर्टिस्टिक योग और रिदमिक योग दोनों में सिल्वर मेडल जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। इसके साथ ही सिरमौर जिले को ओवरऑल सेकंड रनरअप के खिताब से भी नवाजा गया। इस शानदार उपलब्धि पर एडीपीओ बीर सिंह और ऑफिस इंचार्ज अजय शर्मा ने टीम के कोच और इंचार्ज को विशेष बधाई दी। स्कूल में सैक्रेटरी शशि गुप्ता ने कोच और खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत करते कहा कि स्कूल लगातार खेलों में रिकॉर्ड-तोड़ उपलब्धियां प्राप्त कर रहा है। प्रिंसिपल रघुबीर तोमर और एचटी अदृश्य अहमद ने भी हर्ष और कोच को इस सफलता के लिए बधाई दी।

### अब नहीं चलेगी कांग्रेस पार्टी की झूठी गारंटी : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की झूठी गारंटी अब किसी भी प्रदेश में चलने वाली नहीं है। रावत ने बताया कि दिल्ली एवं हरियाणा के बाद अब बिहार की जनता भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 14 नवंबर को डबल इंजन, यानी एनडीए की सरकार बनाने जा रही है, ताकि बिहार का भी डबल विकास हो सके। रावत ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की जनता को भी अब पछतावा हो रहा है कि उन्होंने कांग्रेस की सरकार बनाकर बहुत ज्यादा पाप किया है। विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने प्रदेश की जनता को विकास के बड़े-बड़े सपने दिखाए थे। इतना ही नहीं प्रदेश की जनता को 10 बड़ी झूठी गारंटी भी दी थी जिसका खामियाजा कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव में चारों सीटें हार कर भुगत चुकी है। रावत ने कहा कि पंचायत चुनावों में भी कांग्रेस पार्टी को मुंह की खानी पड़ेगी और 2027 के विधानसभा चुनाव में भी प्रदेश की जनता झूठी गारंटी का जवाब वोट की चोट से देगी।

### डीएवी अंबुजा स्कूल ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** डी.ए.वी. अंबुजा विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल दाड़लाघाट ने कक्षा 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए छह दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया। इस शैक्षणिक यात्रा में विद्यार्थियों ने जयपुर, वृंदावन, ताजमहल और लाल किला जैसे ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण किया। लगभग 80 विद्यार्थियों ने छह शिक्षकों के साथ इस यात्रा में भाग लिया। टूरिस्ट गाइड ने विद्यार्थियों को स्थलों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और स्थापत्य महत्व से अवगत कराया। यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव साबित हुई। इससे पहले विद्यालय ने आईआईटी रोपड़ की शैक्षणिक यात्रा भी आयोजित की थी। एल.एम.सी. अध्यक्ष एवं सीएमओ (नॉर्थ) एसीएल मुकेश सक्सेना ने विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की शैक्षणिक यात्राएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन और आत्मविश्वास के निर्माण में सहायक होती हैं।

# ड्राई स्पेल से सोलन अस्पताल में बढ़े सर्दी, खांसी, बुखार के मामले

## रोजाना उपचार को पहुंच रहे 80 से 100 मरीज

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**




**सोलन।** प्रदेश में पिछले कुछ समय से चल रहे ड्राई स्पेल और सर्दी बढ़ने से लोग सूखी खांसी, गला खराब और बुखार से पीड़ित होने लगे हैं। ड्राई स्पेल से सोलन जिला भी अछूता नहीं है। जिला मुख्यालय में सुबह शाम की ठंडक और दिन की गर्मी से लोग बीमार पड़ रहे हैं। खासकर बुजुर्ग और बच्चे सूखी खांसी, गला खराब जैसी बीमारियों की जकड़ में है। ड्राई स्पेल के चलते क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में रोज सूखी खांसी, गला खराब और छाती जाम के सैंकड़ों मरीज इलाज को पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों की मानें तो इन बीमारियों का मुख्य कारण शुष्क मौसम और ठंड है। दिन और रात के तापमान में काफी अंतर होने के कारण भी लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में संक्रमण से बचाव भी जरूरी हो जाता है। सावधानी के लिए भीड़भाड़ वाली जगहों में मास्क पहना जा सकता है। सोलन मुख्यालय से ठंडा गर्म मौसम होने के कर्ण वायरल के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन की मेडिसन ओपीडी में रोजाना 80 से 100 मरीज सर्दी, खांसी बुखार से पीड़ित उपचार को पहुंच रहे है। बीते कुछ माह से कम बारिश होने के चलते सूखी ठंड भी पड़ रही है, जिसके चलते लोग वायरल की चपेट में आ रहे है। आमतौर पर अस्पताल में वायरल के 30 से 35 मरीज रोजाना ओपीडी में पहुंचते थे तो इन दिनों यह संख्या बढ़कर दोगुनी से अधिक हो गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ को माने तो इसका एक कारण सूखी ठंड भी है। मेडिसिन ओपीडी की बात करें तो कुल ओपीडी में 60 प्रतिशत मरीज ऐसे होते है जो सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित हो। पिछले कुछ दिनों से क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में मरीजों की खासी भीड़ देखी गई। फीस व दवा काउंटर पर लोगों की लंबी लाइन लग गई थी।

### हल्के में न लें वायरल

**वायरल** से कारण लोगों में खांसी, सांस की तकलीफ या सांस लेने में कठिनाई, थकान, मांसपेशियों-शरीर में दर्द, सिरदर्द, गले में खराश, नाक बंद या नाक बहने जैसी समस्या देखी जा रही है। ऐसे में लोगों को इस बीमारी से सतर्क रहने की जरूरत है। तीन से चार दिन तक बीमारी ठीक न होने पर नजदीकी अस्पताल में चिकित्सा जांच जरूरी है। वायरल होने पर गर्म पानी का सेवन और ठंड और गर्मी से बचाव जरूरी है।

**अस्पताल** की जनरल और मेडिसिन ओपीडी में पहले के मुकाबले सर्दी, खांसी, जुखाम से पीड़ित मरीज उपचार को आ रहे हैं। ड्राई स्पेल और ठंडे-गर्म मौसम से वायरल की बीमारियाँ पनपती है। ठंड बचाव को गर्म कपड़े पहने। जहां तक हो सके गर्म पानी का सेवन ही करें। भीड़भाड़ में मास्क पहनना हितकारी होगा।

**-डॉ. राकेश पंवर, एमएस, सोलन अस्पताल।**

# सेवानिवृत्त बिजली बोर्ड कर्मचारी नाराज धर्मशाला में विधानसभा सत्र में करेंगे घेराव



बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में उपस्थित पेंशनर्स।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

मांगे पूरी न होने से नाराज हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड से सेवानिवृत्त कर्मचारी धर्मशाला में आयोजित होने जा रहे विधानसभा शीतकालीन सत्र के घेराव की तैयारी में है। जिला मुख्यालय नाहन में रविवार को बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई जिसमें पेंशनरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मीडिया से बात करते हुए एसोसिएशन के जिला महासचिव कमलेश पुंडीर ने बताया कि पिछले लंबे समय से बिजली बोर्ड से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी अपनी मांगों को सरकार और बिजली बोर्ड के सामने उठा रहे हैं। मगर, उनकी मांगों को लगातार अनसुना किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मंडी में 7 नवंबर को आयोजित हुई राज्य स्तर की बैठक में फैसला लिया गया है कि यदि 7 दिनों के भीतर सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा गठित जेसीसी को वार्ता के लिए नहीं बुलाया गया तो एक बड़ा प्रदर्शन राजधानी शिमला के भीतर किया जाएगा। साथ ही धर्मशाला में आयोजित होने जा रहे शीतकालीन सत्र का भी घेराव सैकड़ों की संख्या में यहां पहुंचकर सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के वित्तीय लाभ बड़ी मात्रा में लंबित पड़े हैं जिसकी अदाएगी सरकार द्वारा नहीं की जा रही है दूसरी तरफ बोर्ड प्रबंधन भी इसे लेकर गंभीर नहीं है।

बिजली बोर्ड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार पर सौतेला व्यवहार करने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 2003 के बाद जो कर्मचारी नियुक्त हुए हैं, उनको सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन का लाभ नहीं दिया जा रहा है, जबकि अन्य विभागों में सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन का लाभ सरकार कर्मचारियों को दे रही है जो सीधे तौर पर दर्शाता है कि बिजली बोर्ड के कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है जो न्यायसंगत नहीं है।

# दो बच्चों से छिन गया मां का आंचल, हत्या के बाद पति फरार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** लंबे समय से चली आ रही पारिवारिक कलह ने दो मासूम बच्चों से उनकी मां का साया छीन लिया। पुलिस थाना मानपुरा के तहत गांव निचला खेड़ा में प्रवासी महिला की हत्या का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान संगीता (31) पत्नी चुनू कुमार साहनी, निवासी सीवान (बिहार) के रूप में हुई है। पति-पत्नी किराए के मकान में रहते थे और पति निजी कंपनी में कार्यरत था। परिजनों ने चुनू कुमार पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था और बीती रात विवाद के बाद संगीता मृत पाई गई। प्रारंभिक जांच में भी हत्या की आशंका जताई गई है। आरोपी पति घटना के बाद फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर एफएसएल टीम से साक्ष्य जुटाए हैं। एसपी बद्दी विनोद धीमान व एसडीपीओ योगराज ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने बताया कि आरोपी की तलाश में विशेष टीमें गठित की गई हैं और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# माजरा फॉरेस्ट रेस्ट हाउस के विकास की उठी मांग

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**



उपमंडल पांवटा साहिब के माजरा क्षेत्र में स्थित फॉरेस्ट रेस्ट हाउस जो कभी हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य से घिरा आकर्षण का केंद्र हुआ करता था, आज उपेक्षा का शिकार होकर अपनी पहचान खोता जा रहा है। टूटी दीवारें, जर्जर छतें, और अव्यवस्थित परिसर इसकी बदहाल स्थिति को दर्शाते हैं।

वहीं, दूसरी ओर माजरा में हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान के निर्माण से यह क्षेत्र खेल गतिविधियों का नया केंद्र बन गया है। मैदान पर अब राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर के मैच आयोजित होने लगे हैं। ऐसे में बाहर से आने वाली टीमों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों के ठहरने के लिए उचित व्यवस्था की बेहद आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस मुद्दे को उठाते हुए 'मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था' के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता ने मुख्यमंत्री सुक्खू, पर्यटन विभाग और वन विभाग से मांग की है कि माजरा फॉरेस्ट रेस्ट हाउस को शीघ्रता से विकसित किया जाए। अगर इस रेस्ट हाउस का सौंदर्यीकरण और पुनर्विकास किया जाए, तो यह न केवल बाहर से आने वाले खिलाड़ियों और टीमों के लिए ठहरने की उत्तम सुविधा बन सकता है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के पर्यटन विकास को भी बढ़ावा देगा। माजरा फॉरेस्ट रेस्ट हाउस का पुनर्विकास, एक तरफ जहां स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देगा, वहीं दूसरी ओर माजरा हॉकी मैदान के महत्व को और भी बढ़ाएगा।

# पुलिस ने 613 ग्राम चरस समेत दो व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पुलिस थाना दाड़लाघाट की टीम ने गश्त के दौरान नाकाबंदी कर एक आल्टो कार से 613 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने मौके पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार गत रात्रि को पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि शिमला की ओर से एक आल्टो कार दाड़लाघाट की दिशा में आ रही है, जिसमें दो व्यक्ति चरस लेकर सप्लाई के इरादे से जा रहे हैं।



सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी की और संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी के दौरान गाड़ी से 613 ग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राय सिंह (19 वर्ष) पुत्र राजेंद्र सिंह और राजेंद्र सिंह (39 वर्ष) पुत्र मनी राम, दोनों निवासी गांव रीहा, तहसील ठियोग, जिला शिमला (हि.प्र.) के रूप में हुई है। डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर गाड़ी को भी कब्जे में लिया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा, वहीं पुलिस उनके पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की जांच में जुटी हुई है। मामले की जांच जारी है।

# संजीव कुमार संजू को 'आप' के जिला सोशल मीडिया प्रभारी की कमान

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

दिल्ली और पंजाब के बाद अब हिमाचल में सियासी जमीन मजबूत करने में जुटी आम आदमी पार्टी 'आप' ने सोलन और सिरमौर में युवा नेतृत्व को जिम्मेदारी सौंपी है। दून हल्के के गांव चक्का के संजीव कुमार संजू को 'आप' ने जिला सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। प्रदेश प्रभारी ऋतुराज झा ने हाईकमान के आदेशानुसार उनकी नियुक्ति की पुष्टि की। संजीव संजू ने कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने और जनहित के मुद्दों को उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने जनहित को अनदेखी की है, जिससे प्रदेश विकास में पिछड़ा है। सुक्खू सरकार ने जहां विधायकों के भत्ते बढ़ाए, वहीं भाजपा ने चुप्पी साध ली। उन्होंने कहा कि जनता अब तीसरे विकल्प के रूप में 'आप' की ओर देख रही है।

# सेर जगास सड़क के लिए 7.62 करोड़ रुपए स्वीकृत



सेरजगास में बैठक में आयोजित बैठक में उपस्थित सदस्य।

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत राजगढ़ उपमंडल के अंतर्गत आने वाली 5 किलोमीटर लंबी पविधाना-सेरजगास सड़क के लिए भारत सरकार ने 7.62 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है, जिसके अंतर्गत इस सड़क को चौड़ा व पक्का किया जाएगा, जिसकी पुष्टि एक्सईन लोक निर्माण विभाग राजगढ़ मंडल पवन गर्ग ने की है। उन्होंने बताया कि स्वीकृति पत्र मिलने के उपरांत इस सड़क का निर्माण कार्य आरंभ करने के लिए टेंडर प्रक्रिया इत्यादि औपचारिकताएं पूरी की जाएगी।

भारत सरकार द्वारा इस सड़क के लिए उदारता से धनराशि स्वीकृत करने के लिए सेरजगास में रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सेरजगास पंचायत के प्रधान रणदेव सिंह, उपप्रधान पवन ठाकुर, बीडीसी सदस्य सुमन के अतिरिक्त स्थानीय गणमान्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री जेपी नडडा, ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप, विधायक रीना कश्यप का आभार व्यक्त किया है।

इन्होंने बताया कि भारत सरकार से इस परियोजना को स्वीकृत करवाने में सांसद सुरेश कश्यप का अहम योगदान रहा है जिनके अथक प्रयासों के फलस्वरूप सेरजगास क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है।

# नेशनल हाईवे-5 के जाबली में खुली पुलिस चौकी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन हिमाचल प्रदेश का प्रवेश द्वार है जहां से राष्ट्रीय उच्चमार्ग-5 जो तिब्बत/चीन की सीमा तक जाता है तथा उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग से सैंकड़ों की तादाद में वीआईपी/वीवीआईपी व अन्य विशिष्ट/अति विशिष्ट व्यक्तियों का लगातार आवगमन रहता है। इसके अतिरिक्त उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग से लाखों की तादाद में बाहरी राज्यों से पर्यटकों का जिला सोलन व हिमाचल प्रदेश के लिए आवागमन रहता है जो उक्त पर्यटकों की आड़ में बाहरी राज्यों के अपराधिक प्रवृत्ति के लोग व नशा तस्कर उक्त मार्ग का प्रयोग करके सोलन जिला व हिमाचल के अन्य स्थानों पर अपराधिक वारदातों को अंजाम देते हैं, परंतु इन सबके बावजूद भी जिला सोलन पुलिस उक्त लोगों की सुरक्षा, जानमाल, यातायात व्यवस्था व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रतिबद्ध है। उपरोक्त तथ्यों को मद्देनजर रखते हुए हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जिला सोलन में राष्ट्रीय उच्चमार्ग जाबली में पुलिस चौकी स्थापित की गई है। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि 29 सितंबर को राष्ट्रीय उच्चमार्ग-5 जाबली में एक पुलिस चौकी खोलने की अधिसूचना जारी की गई थी जो उक्त अधिसूचना के आधार पर 6 नवंबर को राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 पर जाबली में पुलिस चौकी स्थापित की गई है, जिसमें जिला पुलिस द्वारा 8 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। जिनमें 2 महिला आरक्षी भी शामिल हैं। उक्त चौकी के क्षेत्राधिकार में दो पंचायतें जाबली व नाभकोटी के 50 गांव को सम्मलित किया गया है। उक्त चौकी की स्थापना होने से जिला सोलन में मादक पदार्थ की तस्करी रोकने, यातायात व्यवस्था सुदृन करने व अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में काफी मदद मिलेगी, जिससे जिला पुलिस की दक्षता मजबूत होगी।

# केंद्र की दस हजार करोड़ की सौगात से सुधरेंगी हिमाचल की सड़कें : विनय गुप्ता

**अनंत ज्ञान, नाहन**



हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता ने केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हिमाचल में लगभग 500 ग्रामीण सड़कों के निर्माण और रखरखाव के लिए 10 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित हिमाचल के सभी सांसदों का आभार व्यक्त किया। विनय गुप्ता ने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र में 98 सड़कों के लिए 2271 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जो ग्रामीण विकास और पर्यटन को बढ़ावा देंगे। उन्होंने बताया कि इससे किसानों और बागबानों को अपने उत्पाद मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा होगी। प्रवक्ता ने कहा कि अब सड़क दशा सुधरेगी और प्रदेश की जनता केंद्र की भाजपा सरकार की आभारी रहेगी।

# सरस्वती विद्या मंदिर सोलन ने मनाया 13वां वार्षिकोत्सव

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजवैद्य विद्याधर विद्यालंकार सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, सोलन ने अपना 13वां वार्षिकोत्सव बड़े हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन संजय पराशर (चेयरमैन, मेरिटाइम्स इंडिया प्राइवेट लि.) ने की, जबकि मुख्यातिथि के रूप में आशुतोष आनंद सहित आनंद परिवार उपस्थित रहा। विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कैप्टन पराशर ने विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर आनंद परिवार ने 1,25,000 रुपए और कैप्टन पराशर ने 51,000 रुपए का योगदान विद्यालय विकास के लिए दिया। मुख्य वक्ता बाल किशन ने विद्या भारती की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# गुरुद्वारा बड़ू साहिब ने निकाला भव्य नगर कीर्तन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** गुरुद्वारा बड़ू साहिब की ओर से श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी शताब्दी और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के गुरता गद्दी दिवस की 350वीं वर्षगांठ के अवसर पर भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। कीर्तन गुरुद्वारा बड़ू साहिब से आरंभ होकर राजगढ़, सोलन, परवाणू, कालका, पिंजौर, कुराली, रूपनगर होते हुए गुरुद्वारा श्री शिश गंज साहिब, आनंदपुर साहिब पहुंचा। कलगीधर ट्रस्ट के अध्यक्ष संत बाबा देवेंद्र सिंह ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान मानवता और धर्म की रक्षा का प्रतीक है। नगर कीर्तन में संगत ने सेवा, भक्ति संगीत और लंगर के माध्यम से श्रद्धापूर्वक भाग लिया। यात्रा के अंतिम चरण में आनंदपुर साहिब पहुँचकर अरदास की गई और यह कार्यक्रम पूर्ण श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण के साथ संपन्न हुआ।

# कूडो में मेडल जीतने पर कैरवी नेगी को किया सम्मानित



स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त एकता काप्टा कैरवी नेगी को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सोलन।** गुजरात में आयोजित अक्षय कुमार इंटरनेशनल कूडो चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर एमआरए डीएवी स्कूल सोलन की छात्रा कैरवी नेगी को वार्षिक समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि नगर निगम की आयुक्त एकता काप्टा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मासूमा सिंघा ने स्कूल का नाम रोशन करने पर कैरवी नेगी की सराहना की साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। इससे पहले कैरवी नेगी ने महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित 12 वर्ष से कम आयु वर्ग की प्लस 42 किलोग्राम कैटेगरी में भी रजत पदक जीत चुकी है।

**कार्यक्रम** तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत खिलाड़ियों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

# प्रदेश सरकार ग्राम स्तर पर खेलों को दे रही बढ़ावा: अवस्थी

**अनंत ज्ञान, अर्की/सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए ग्राम स्तर तक बेहतर खेल अधोसंरचना सृजित कर रही है, ताकि ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा तराशने का अवसर मिल सके। अवस्थी रविवार को अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोटली स्थित अर्जुन खेल मैदान कोटली में आयोजित तृतीय श्री धर्मपाल ठाकुर मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रतियोगिता में अर्की विधानसभा क्षेत्र की 45 टीमों ने भाग लिया।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में हर क्षेत्र में अनेक युवा प्रतिभाएं हैं। इन प्रतिभाओं को सही समय पर सही अवसर प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। विभिन्न खेलों में हिमाचल के खिलाड़ियों ने राष्ट्र तथा अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हाल ही में सम्पन्न महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में हिमाचल की खिलाड़ी रेणुका ठाकुर ने सर्वोच्च स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अन्य खेलों में भी हिमाचल के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।



खिलाड़ियों के साथ विधायक संजय अवस्थी।

उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने और उनकी शारीरिक क्षमताओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करने में खेल एक आवश्यक माध्यम हैं। युवाओं की खेलों की ओर रुचि और उनकी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। विधायक ने कहा कि एक अच्छा खिलाड़ी बनने के लिए खेल की बारीकियां समझना आवश्यक है और इन्हें समझने के लिए कोच का होना अहम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्र में एक क्रिकेट अकादमी खोलने पर भी विचार कर रही है। दाड़लाघाट में एक बेहतर खेल स्टेडियम बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनका लक्ष्य है। विधानसभा क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के दृष्टिगत जहां नागरिक अस्पताल अर्की में 7 विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात किए गए है, वहीं शीघ्र ही यहां अल्ट्रासाउंड मशीन भी स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नागरिक अस्पताल में डायलिसिस केंद्र स्थापित करने की भी स्वीकृति मिल गई है, जिसका कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा। विधायक ने विजेता टीम दधोगी इलेवन को 51 हजार रुपए और ट्राफी व उपविजेता टीम सौरव इलेवन घनागुघाट को 31 हजार रुपए और ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उन्होंने शालाघाट में औपचारिकताएं पूर्ण होने के उपरांत दो शौचालयों के निर्माण कार्य के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने की घोषणा की। उन्होंने आयोजन समिति को अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने शैड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रुपए देने तथा 5 सोलर लाइट देने की घोषणा की। उन्होंने क्षेत्र में क्रिकेट पिच निर्माण के लिए 50 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत सभी खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। विधायक ने इस अवसर पर जन समस्याएं सुनी और इनके निपटारे के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# विश्व ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में पच्छाद के यशवंत ने जीता कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विश्व ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए जिला सिरमौर के पच्छाद उपमंडल के शारीरिक शिक्षक यशवंत सिंह ने कांस्य पदक जीतकर हिमाचल सहित पूरे देश का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता एक से 4 नवंबर तक यूरोप के ग्रीस के लौट्राकी शहर में आयोजित की गई थी। अपने पैतृक गांव जयहर पहुंचने पर शारीरिक शिक्षक यशवंत सिंह का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जयहर में कार्यरत 46 वर्षीय शारीरिक शिक्षक यशवंत सिंह ने 84 किलोग्राम भार के वेटरन्स वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व किया। दो माह पूर्व महाराष्ट्र में आयोजित हुई 18वीं जीएफआई (ग्रैपलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया) प्रतियोगिता में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर ही उनका चयन अंतरराष्ट्रीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ था।

यशवंत सिंह पिछले 25 वर्षों से कुश्ती प्रतियोगिता में भी हिमाचल प्रदेश में अपना अहम स्थान बना चुके है।

**पदकों का लंबा सफर:** यशवंत सिंह का खेलों में प्रदर्शन काफी प्रभावशाली रहा है। इससे पहले, वह 2005 में महाराष्ट्र में आयोजित इंटर कॉलेज राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ताइक्वांडो में गोल्ड मेडल अपने नाम कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2023-24 के मास्टर गेम्स नेशनल प्रतियोगिता में उन्होंने जूडो और आर्म रेसलिंग (बाहुयुद्ध) दोनों में गोल्ड मेडल जीता था। जयहर पंचायत निवासी यशवंत सिंह पुत्र बृज मोहन सिंह, भारतीय ग्रैपलिंग संघ के भी सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने पहली बार ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया और देश के लिए कांस्य पदक जीतकर लाए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन का चुनाव 21 को

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं कार्यकारी समिति के सदस्यों का चुनाव 21 नवंबर, 2025 को आयोजित किया जाएगा। यह चुनाव भारतीय ओलंपिक संघ के नियमों एवं उप-नियमों, चंडीगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन (छ्ह) के नियमों एवं विनियमों, नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कोड, 2011 के प्रावधानों तथा भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित किया जाएगा। जिन पदों के लिए चुनाव कराया जाएगा, उनमें शामिल हैं, अध्यक्ष, एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, मानद सचिव, मानद संयुक्त सचिव, मानद कोषाध्यक्ष तथा चार सदस्य। पूरी चुनाव प्रक्रिया चंडीगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के अनुमोदित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न की जाएगी।

### हरियाणा में शिक्षा विभाग में तबादलों की तैयारियां शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा नई ट्रांसफर पॉलिसी को मंजूरी देने के बाद शिक्षा विभाग ने तबादले की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत विभाग ने निलंबित और चार्जशीट शिक्षकों का ब्योरा तलब किया है। सोमवार से सभी शिक्षकों का डेटा अपडेट किया जाएगा। मौलिक शिक्षा निदेशालय ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने जिलों में कार्यरत सभी निलंबित और चार्जशीट शिक्षकों व मुख्याध्यापकों का डेटा एचआरएमएस और एमआईएस पोर्टल पर समय पर अपडेट करें। निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि डेटा अपडेट में देरी, त्रुटि या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसके लिए संबंधित कार्यालय जिम्मेदार होगा। निदेशालय ने उदाहरण देते हुए बताया कि यमुनानगर जिले के दो शिक्षक बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए थे। ऐसे मामलों से भविष्य में स्थानांतरण प्रक्रिया बाधित न हो, इसलिए डेटा समय पर अपडेट करना उच्च प्राथमिकता में शामिल है। निर्देशों में पीआरटी, टीजीटी, सीआरटी और मौलिक मुख्याध्यापकों के खिलाफ नियम-7 या नियम-8 के तहत कार्रवाई वाले मामलों का डेटा तुरंत अपडेट करने का आदेश दिया गया है। कोई भी कोताही अनुशासनात्मक कार्रवाई के दायरे में आएगी।

### हाईवे पर स्टंट करने वाले बाइक चालक पर कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, फतेहाबाद।** ट्रेफिक नियमों की उल्लंघना कर नेशनल हाइवे पर डिवाइडर पार करते हुए खतरनाक तरीके से मोटरसाइकिल चलाने वाले चालक के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस द्वारा सख्त कानूनी कार्रवाई की गई है। रविवार को यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह ने बताया कि मोटरसाइकिल चालक ने सुरक्षित गति और नियमों की अनदेखी करते हुए हाईवे पर खतरनाक ड्राइविंग की, जिससे न केवल उसकी सुरक्षा खतरे में पड़ गई, बल्कि अन्य राहगीरों और वाहन चालकों की भी जान जोखिम में आ गई। यह कृत्य मोटरवाहन अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है और गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता था। यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह और उनकी टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन चालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई और आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की। इस कार्रवाई का उद्देश्य सभी वाहन चालकों को सतर्क करना और सडक़ पर सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देना है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों से अपील की कि वे हमेशा सुरक्षित गति का पालन करें, ट्रैफिक नियमों का सम्मान करें और खतरनाक ड्राइविंग से बचें। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य सडक़ दुर्घटनाओं को रोकना और सभी यात्रियों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। नियमों की अनदेखी किसी के लिए भी महंगी पड़ सकती है।

### जींद में गोली लगने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, जींद।** हरियाणा के जींद जिले के जैजैवंती गांव के पास कार में संदिग्ध हालात में गोली लगने से 17 वर्षीय शुभम की मौत हो गई। वह अपने चार दोस्तों के साथ विवाह समारोह में शामिल होकर घर लौट रहा था। गंभीर रूप से घायल शुभम को पीजीआई रोहतक ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर गांव बुपनिया निवासी जयभगवान, बिट्टू, निशांत, राहुल, मनजीत और भोलू के खिलाफ हत्या और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 'हिंद दी चादर मैराथन' में 61 हजार युवाओं ने लिया भाग

## श्री गुरु तेग बहादुर से प्रेरणा ले देश व समाज के लिए काम करें: मनोहर लाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

केंद्रीय आवासन, ऊर्जा एवं शहरी मामले मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि श्री गुरु तेग बहादुर की शहादत से प्रेरणा मिलती है कि हमें समाज, धर्म और देश के लिए काम करना चाहिए।



केंद्रीय मंत्री रविवार को करनाल में एनडीआरआई चौक पर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित हिंद की चादर मैराथन को हरी झंडी दिखाने से पहले लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर के 350 साला शहीदी दिवस पर करनाल के साथ-साथ देश भर में यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हजारों नौजवान 9वें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर की शहादत को नमन करने के लिए एकत्र हुए हैं। यहां आयोजित यात्रा इतिहास रच रही है। यह यात्रा केवल दौड़ नहीं बल्कि देश को आजादी कराने वालों के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करने के लिए एक उत्साह, जज्बा व भावना है। उन्होंने कहा कि आज सैकड़ों युवाओं ने 21 किमी लंबी व 10 किमी लंबी दौड़ में हिस्सा लिया है और अब लगभग 61 हजार युवक-युवतियां 5 किमी लंबी दौड़ में भाग ले रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिल्ली के चांदनी चौक स्थित गुरुद्वारा शीश गंज के स्थान पर श्री गुरु तेग बहादुर का धड़ सिर से अलग कर दिया गया था। उन्होंने गुरु साहब के शीश को दिल्ली से आनंदपुर साहिब ले जाने की घटना के दौरान हरियाणा की धरती से जुड़े एक बलिदान का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि सोनीपत जिला के बडख़ालसा गांव के एक नौजवान ने गुरु जी के शीश को मुगल सेना से बचाने के लिए अपना शीश अर्पित कर दिया।

केंद्रीय मंत्री ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई और यात्रा पर पुष्प वर्षा की। इससे पहले मंत्री की उपस्थिति में 'हिंद की चादर, तेग बहादुर' गीत लांच किया गया। इस अवसर पर कीर्तन के अलावा शब्द गायन भी किया गया। मैराथन में शामिल लोगों ने 'बोले सो निहाल' और 'भारत माता की जय' के जयकारे लगाए। उनमें गजब का उत्साह, जोश तथा श्रद्धा व भक्ति भाव था। इस मौके पर युवाओं ने गटके का भी प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में युवा मैराथन में भाग लेने के लिए प्रात: 5 बजे ही एनडीआरआई चौक पर पहुंच गए। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री को कृपाण व गुरु तेग बहादुर जी का चित्र भेंट किया गया।

इस मौके पर विधायक जगमोहन आनंद, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, नीलोखेड़ी के भगवानदास कबीरपंथी, उपायुक्त उत्तम सिंह, एसपी गंगा राम पूनिया, मेयर रेणु बाला गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर आदि उपस्थित थे।

# चंडीगढ़ तमिल संगम की 55वीं वर्षगांठ पर राज्यपाल ने की सराहना




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने रविवार को चंडीगढ़ तमिल संगम की 55वीं वर्षगांठ समारोह में इसकी सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक सेवाओं के लिए प्रशंसा की। इस अवसर पर हरियाणा की प्रथम महिला श्रीमती मित्रा घोष भी उपस्थित थीं।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता के बाद सिटी ब्यूटीफुल के निर्माण में तमिल समुदाय का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है। उन्होंने संगम की एमरल्ड जुबली और वंचित बच्चों के लिए विद्या धनम पहल की भी सराहना की।

प्रो. घोष ने तमिल परंपराओं और मूल्यों को बढ़ावा देने में संगम के प्रयासों की विशेष रूप से तारीफ की और कहा कि यह उत्सव तमिल रीति-रिवाजों, परिधानों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का मनमोहक अनुभव प्रस्तुत करता है। इससे पहले वरिष्ठ आईएएस अधिकारी जेएम बालामुरुगन ने स्वागत भाषण दिया, जबकि सीजी रजनीकांतन ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। समारोह में राज्यपाल के सचिव डीके बेहेरा, आईएएस माधवन (सेवानिवृत्त), राजी पी श्रीवास्तव, राजशेखरन, शक्ति पेरुमल और संगम के सदस्य उपस्थित थे।

**17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का सफल समापन**

# 200 युवाओं ने सांस्कृतिक एकता और प्रेरणा के साथ बिताए यादगार पल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मेरा युवा भारत (माय भारत) केंद्र, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित 17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का 8 नवंबर को सफल समापन हुआ। यह कार्यक्रम 2 से 8 नवंबर तक युवा कल्याण विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया और इसका उद्देश्य देश के विभिन्न जनजातीय युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समझ और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देना था।

समापन समारोह की अध्यक्षता महेंद्र सिंह, संयुक्त निदेशक, खेल चंडीगढ़ प्रशासन ने की। उन्होंने छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड के 200 प्रतिभागियों को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना अपनाने और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा ही राष्ट्र की असली शक्ति हैं और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

समारोह में सांस्कृतिक और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इस एक सप्ताह के दौरान प्रतिभागियों ने चंडीगढ़ के शैक्षिक, तकनीकी और सांस्कृतिक पहलुओं को जाना और एक-दूसरे की परंपराओं को समझा। यह कार्यक्रम जनजातीय युवाओं को नेतृत्व और विकास के अवसरों से जोड़ने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## पलवल में खाद संकट पर भारतीय किसान संघ ने बुलाई आपात बैठक

**अनंत ज्ञान, पलवल।** जिले में बुवाई के समय किसानों को खाद की किल्लत का गंभीर संकट झेलना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर भारतीय किसान संघ ने हुड्डा सेक्टर 2 स्थित किसान संघ कार्यालय में आपात बैठक की। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रमुख अजीत तोमर ने की, जबकि इसमें हरियाणा सह संगठन मंत्री महेंद्र सिंह और आरएसएस के जिला प्रचारक विमल विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए तय किया गया कि यदि जल्द ही खाद की कमी का समाधान नहीं किया गया, तो संघ बड़ा आंदोलन शुरू करेगा। अजीत तोमर ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है, लेकिन यहां भी किसान खाद जैसी बुनियादी जरूरत के लिए परेशान हैं। कई जिलों में गेहूं की बुवाई के समय भारी कमी के चलते किसानों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि ब्लॉक स्तर पर मनोनीत टीमें बनाई जाएंगी, जो गांव-गांव जाकर किसानों की समस्याओं को एकत्रित करेंगी और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर उनका समाधान करवाएंगी।

## ट्राइडेंट ग्रुप और पीजीटीआई ने की 'ट्राइडेंट ओपन' गोल्फ चैंपियनशिप की घोषणा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

ट्राइडेंट ग्रुप और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने संयुक्त रूप से पहली 'ट्राइडेंट ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप' की घोषणा की है। यह टूर्नामेंट 11 से 14 नवंबर 2025 तक चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में आयोजित होगा, जिसमें इनामी राशि एक करोड़ रुपए रखी गई है।

टूर्नामेंट की शुरुआत 8 नवंबर को एमएम इवेंट और 9 नवंबर को प्रोएम इवेंट से होगी। इसमें देश के शीर्ष गोल्फर जैसे पीजीटीआई रैंकिंग लीडर युवराज संधू, अर्जुन प्रसाद, शौर्य भट्टाचार्य, अंगद चीमा और मनु गांदास के अलावा 21 वर्षीय शुभम जगलान जैसे युवा प्रतिभागी भी शामिल होंगे। श्रीलंका, बांग्लादेश, अमेरिका, नेपाल, इटली और युगांडा के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। यह 72-होल स्ट्रोक-प्ले टूर्नामेंट होगा, जिसमें पहले 36 होल्स के बाद कट लगाया जाएगा और शीर्ष 50 खिलाड़ी अगले 36 होल्स में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

राजिंदर गुप्ता, सांसद एवं चेयरमैन, ट्राईडेंट ग्रुप ने कहा कि यह पहल खेल और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने का प्रतीक है। पीजीटीआई अध्यक्ष कपिल देव और चंडीगढ़ गोल्फ क्लब अध्यक्ष रविबीर सिंह ने टूर्नामेंट के महत्व और क्लब की विशेषताओं को रेखांकित किया। 18-होल, पार-72 कोर्स 7,202 यार्ड लंबा है और इसमें भारत के सबसे लंबे पार-5 होलों में से एक शामिल है। टूर्नामेंट को रोलेक्स, अमूल, इंडसइंड बैंक, विक्टोरियस च्वाइस और अन्य सहयोगी पार्टनर्स का समर्थन प्राप्त है।

## देश-विदेश

# राहुल गांधी के दावे झूठे, छिपकर जाते हैं थाईलैंड-कंबोडिया: रिजिजू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा और चुनाव आयोग पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोप लगाए थे। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल के आरोपों पर पलटवार किया है।

रिजिजू ने कहा कि राहुल ने जो प्रेजेंटेशन दिया, वह फर्जी था। राहुल ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुछ विदेशी महिलाओं के नाम का जिक्र किया। वे संसद सत्र चलते समय विदेश चले जाते हैं। छिपकर थाईलैंड-कंबोडिया जाते हैं। उन्हें विदेशों से जो प्रेरणा मिलती है, उसके आधार पर वे लोगों का समय बर्बाद करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम भी कई चुनाव हारे, लेकिन कभी रोना-धोना नहीं किया। हमने चुनाव आयोग को गाली नहीं दी। हमने हमेशा नतीजों का स्वागत किया। बिहार में कल चुनाव है। वे ध्यान भटकाने के लिए मुद्दा लेकर आ रहे हैं। राहुल बोलते हैं कि एटम बम फटने वाला है। उनका एटम बम कभी फटता क्यों नहीं है? रिजिजू ने कहा कि बिहार में एसआईआर से लोग खुश, राहुल रो रहे। रिजिजू ने हरियाणा चुनाव पर राहुल के आरोपों पर कहा कि एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल में उलटफेर होते हैं। 2004 में एग्जिट पोल में भाजपा जीत रही थी, लेकिन नतीजे में हार गई। लोकतंत्र में जीत हो या हार, इसे स्वीकार करना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली एयरपोर्ट के ट्रैफिक सिस्टम पर साइबर हमले का शक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक सिस्टम में आई खराबी की उच्च स्तरीय जांच शुरू हो गई है। यह फैसला केंद्र सरकार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कार्यालय में बैठक में लिया। इसमें एयरपोर्ट, सुरक्षा एजेंसियों समेत अन्य सभी स्टेकहोल्डरों को बुलाया गया था। जांच में देखा जाएगा कि कहीं इसमें बाहरी ताकत या साइबर हमले का हाथ तो नहीं था। 7 नवंबर को आईजीआजी पर एटीसी के ऑटोमैटिक मैसेज स्विच सिस्टम में तकनीकी खराबी से फ्लाइटस ऑपरेशन प्रभावित रहा था। (अनंत ज्ञान)

# सुजुकी मोटर गुजरात व एमएसआईएल के विलय को एनसीएलटी की मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के साथ सुजुकी मोटर गुजरात के विलय को मंजूरी दे दी है। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने रेगुलेटरी फाइलिंग को बताया कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण की दिल्ली स्थित दो सदस्यीय पीठ ने सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड (हस्तांतरणकर्ता कंपनी) और मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की संयुक्त याचिका को मंजूरी दे दी है। एनसीएलटी पीठ के अध्यक्ष रामलिंगम सुधाकर और सदस्य रवींद्र चतुर्वेदी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 के तहत दोनों कंपनियों के प्रस्तावित विलय की योजना को मंजूरी दी है। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि संबंधित प्राधिकारियों के रुख और सभी याचिकाकर्ता कंपनियों के सदस्यों और लेनदारों की स्वीकृति पर विचार करने के बाद इस योजना को मंजूरी देने में कोई बाधा नहीं है। कंपनी के मुताबिक न्यायाधिकरण ने कहा कि यह योजना दोनों याचिकाकर्ता कंपनियों, उनके शेयरधार कों, लेनदारों, कर्मचारियों और सभी संबंधित पक्षों के हित में है, और मौजूदा योजना को मंजूरी देने में कोई बाधा नहीं है। पीठ ने पाया कि आयकर विभाग और आधिकारिक परिसमापक, अहमदाबाद ने इस विचाराधीन योजना के संबंध में अपनी कोई आपत्ति दर्ज नहीं की है। (अनंत ज्ञान)

# भारत में हर साल वायु प्रदूषण ले रहा लाखों लोगों की जान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पिछले** हफ्ते लैंसेट की रिपोर्ट में एक चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया जिसमें साल 2022 में वायु प्रदूषण के कारण भारत में 17 लाख लोगों की मौत हुई, जो साल 2010 के मुकाबले 38 फीसदी ज्यादा है।

इनमें से लगभग 7.5 लाख मौतों के लिए अकेले जीवाश्म ईंधन जिम्मेदार थे, जिनमें से लगभग चार लाख मौतें कोयले से हुईं। वैश्विक स्तर पर, जीवाश्म ईंधन से जुड़े वायु प्रदूषण के कारण 25.2 लाख मौतें हुईं। यह निष्कर्ष ऐसे समय में आया है जब दिल्ली और उत्तर भारत के बड़े हिस्से एक बार फिर घने सर्दियों के धुंध की चपेट में हैं। शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 360 को पार कर गया। कई इलाकों में पीएम 2.5 का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन की सुरक्षित सीमा से 20 गुना ज्यादा था, जिसके कारण स्कूलों को बंद करना पड़ा। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तहत प्रतिबंध फिर से लागू करने पड़े। हालांकि, स्वतंत्र अनुमान वर्षों से भारत को दुनिया के सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में रखते रहे हैं, लेकिन सरकार का आधिकारिक रुख नहीं बदला है। (अनंत ज्ञान)

**आंकड़े :** जीवाश्म ईंधन से परिवेशी पीएम 2.5: 25.2 लाख मौतें (2022)।
**गंदे ईंधन से घरेलू प्रदूषण:** 23 लाख मौतें (2022), जो उन गरीब परिवारों में केंद्रित हैं जो अभी भी बायोमास पर खाना बना रहे हैं।
**जंगल की आग का धुआं:** 1.54 लाख मौतें (2024), जो अब तक की सबसे ज्यादा है।

# अमेरिका और जॉर्जिया में दो गैंगस्टर गिरफ्तार, भारत लाया जाएगा लॉरेंस बिश्नोई गैंग का भानु राणा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** सुरक्षा एजेंसियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कामयाबी मिली है। हरियाणा पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने दो मोस्ट वांटेड गैंगस्टर वेंकटेश गर्ग को जॉर्जिया से और भानु राणा को अमेरिका से गिरफ्तार किया है। दोनों को जल्द ही भारत प्रत्यर्पित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

वेंकटेश गर्ग को जॉर्जिया से और भानु राणा को अमेरिका से डिपोर्ट किया जाएगा। दरअसल, भारत के दो दर्जन से से बड़े गैंगस्टर देश से बाहर हैं, नए लोगों की भर्ती कर रहे हैं और आपराधिक गिरोह चला रहे हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार गैंगस्टर विदेशों में बैठकर भारत में अपने सिंडिकेट चला रहे हैं। इनमें गोल्डी बराड़, कपिल सांगवान, अनमोल बिश्नोई, हैरी बॉक्सर, हिमांशु भाऊ जैसे नाम शामिल हैं। ये गैंगस्टर पुर्तगाल, कनाडा, अमेरिका, इंग्लैंड और श्व जैसे देशों में सक्रिय हैं और भारत में अपराध की जड़ें मजबूत कर रहे हैं। वेंकटेश गर्ग हरियाणा के नारायणगढ़ का रहने वाला है। इसके खिलाफ हत्या, लूट और फिरौती के 10 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। वेंकटेश गुरुग्राम में बसपा नेता की हत्या में भी शामिल रहा है। वह फर्जी पासपोर्ट बनवाकर विदेश भाग गया और जॉर्जिया को अपना नया ठिकाना बना लिया। जांच एजेंसियों के अनुसार, वेंकटेश गर्ग जॉर्जिया से शूटरों की भर्ती कर रहा था। दिल्ली में हाल ही में हुई गोलीबारी में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में यह जानकारी सामने आई। वह सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को पैसे का लालच देकर अपने गैंग में भर्ती कर रहा था। गर्ग कपिल सांगवान के साथ मिलकर एक्सटॉर्शन का सिंडिकेट चला रहा है। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका में 'शटडाउन' का असर: दूसरे दिन भी 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिकी** विमानन कंपनियों ने 'शटडाउन' (सरकारी कामकाज के लिए वित्तपोषण की कमी) के कारण लगातार दूसरे दिन शनिवार को फिर से 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं।

अटलांटा, शिकागो, डेनवर और न्यूजर्सी के नेवार्क हवाई अड्डों पर भी व्यवधान देखा गया। रडार केंद्रों और नियंत्रण टावरों में कर्मचारियों की लगातार कमी के कारण शनिवार को न्यूयॉर्क शहर के आसपास के कई पूर्वी तट हवाई अड्डों पर उड़ानें रद्द और विलंबित हो गईं। अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने संघीय 'शटडाउन' के बीच देशभर में उड़ानों को कम करने का आदेश दिया है। हालांकि सभी उड़ानों के रद्द होने का कारण एफएए का आदेश नहीं है। रद्द हुई उड़ानों की संख्या देश भर में कुल उड़ानों का एक छोटा सा हिस्सा है लेकिन अगर 'शटडाउन' जारी रहा तो आने वाले दिनों में इनकी संख्या में वृद्धि होना तय है। शटडाउन के कारण घरेलू गतिविधियां तो ठप हो ही रही हैं और अब समुद्र के पार यूरोप के अन्य देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर काम करने वाले स्थानीय कर्मचारियों को भी इसका असर महसूस होने लगा है। (अनंत ज्ञान)

# राष्ट्र के लिए धर्मांतरण व विभाजन है खतरा: भागवत

**एजेंसी, बेंगलुरु**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने यहां एक व्याखानमाला में धर्मांतरण और राजनीतिक विभाजन पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण और विभाजन राष्ट्र के लिए खतरा हैं। हिंदू खुद को क्यों बांटें? राजनीति संप्रदायों के आधार पर बांटती है, लेकिन हमें एकता बनाए रखनी होगी।



हमारी सनातन संस्कृति की ताकत एकता और सद्भाव है। संघ प्रमुख 'संघ की 100 वर्ष यात्रा : नए क्षितिज' शृंखला के दूसरे दिन व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। यह व्याख्यान यहां बेंगलुरु के बनशंकरी में होसाकेरेहल्ली रिंग रोड स्थित पीईएस विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। संघ शताब्दी व्याख्यानमाला के दूसरे दिन आज प्रश्नों के उत्तर देते हुए डॉॅ भागवत ने कहा कि भारत में तीन शताब्दियों से धर्मांतरण के प्रयासों के बावजूद, हम अब भी हिंदुस्तान ही हैं। हमारा धर्म और संस्कृति जीवित है। इसे बचाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता और आंतरिक गुणवत्ता देश के विकास, सुरक्षा और संस्कृति के संरक्षण की मूल शक्ति हैं। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था में प्रमुख भूमिका निभाने वाले एमएसएमई, कॉर्पोरेट क्षेत्र, कृषि और स्वरोजगार क्षेत्रों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ये क्षेत्र देश की जीडीपी और रोजगार सृजन की रीढ़ हैं। इनकी शक्ति को और मज़बूत करने की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

# गाजा में मृतकों की संख्या 69,000 के पार, इसराइल और हमास के बीच शवों का आदान-प्रदान हुआ पूरा

**एजेंसी, खान यूनिस ( गाजा पट्टी )**

**इसराइल**-हमास युद्ध में अब तक 69,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। दोनों पक्षों ने हाल में हुए संघर्षविराम समझौते की शर्तों के तहत शवों का आदान-प्रदान पूरा कर लिया है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इसराइल और हमास के बीच 10 अक्तूबर को संघर्षविराम शुरू होने के बाद से तबाह गाजा पट्टी में और शव मिलने और अन्य शवों की पहचान होने के बाद मृतकों की संख्या में यह बढ़ोतरी हुई है। इस हमले में फलस्तीनी भी मारे गए थे। इजराइल का कहना है कि उसने बचे हुए चरमपंथियों को निशाना बनाकर ये हमले किए थे। अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार इसराइल ने शनिवार को 15 और फलस्तीनियों के अवशेष गाजा को लौटा दिए। इससे एक दिन पहले ही चरमपंथियों ने एक बंधक के अवशेष इसराइल को लौटाए थे। इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, मृतक की पहचान लियोर रुडैफ के रूप में हुई है। 'द होस्टेजेज एंड मिसिंग फैमिलीज फोरम' संगठन ने बताया कि रुडैफ का जन्म अर्जेंटीना में हुआ था। यह आदान-प्रदान संघर्षविराम के प्रारंभिक चरण का मुख्य हिस्सा है, जिसके तहत हमास द्वारा सभी बंधकों के अवशेषों को यथाशीघ्र वापस करना अनिवार्य है। सभी बंधकों की वापसी के लिए परिवारों और समर्थकों ने शनिवार रात तेल अवीव में फिर से रैली निकाली। (अनंत ज्ञान)

# ब्राजील में तेज हवाओं और बारिश से भारी तबाही

**एजेंसी, ब्रासीलिया/मनीला**

**ब्राजील** के दक्षिणी राज्य पराना में तेज हवाओं और भारी बारिश के साथ आए तूफान ने भारी तबाही मचाई। राज्य सरकार के अनुसार, इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। सबसे ज्यादा नुकसान रियो बोनिटो डो इगुआकू शहर में हुआ। यहां आधे से अधिक घरों की छतें उड़ गईं, कई इमारतें ढह गईं, सड़कें बंद हो गईं और बिजली की लाइनें टूट गईं।

इस हादसे में अब तक 437 लोग घायल हुए हैं। वहीं, लगभग 1000 लोग बेघर हो गए। मौसम विभाग के अनुसार हवा की गति 180 से 250 किलोमीटर प्रति घंटा तक थी।

दूसरी ओर फिलीपींस में रविवार को 'फंग-वोंग' सुपर टाइफून के कारण भारी बारिश, तेज हवाएं चलीं। इसके चलते फिलीपींस के पूर्वी और उत्तरी इलाकों से 1.5 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। (अनंत ज्ञान)



**फिलीपींस में तूफान से 300 उड़ानें रद्द :** फिलीपींस के बड़े हिस्से में चेतावनी जारी कर दी गई हैं। जिनमें सिग्नल संख्या 5 (सबसे ऊंची चेतावनी है) दक्षिण-पूर्वी लूजोन में जारी की गई है। इसमें कैटनडुआनस और कैमरिन्स नॉर्टे और कैमरिन्स सुर के तटीय क्षेत्र शामिल हैं। वहीं, मेट्रो मनीला और आसपास के क्षेत्र सिग्नल संख्या 3 के अंदर हैं। तूफान की रफ्तार 185 किमी प्रति घंटा से 230 किमी प्रति घंटा है। यह रात तक मध्य लुजोन के औरोरा प्रांत में दस्तक दे सकता है। यहां भारी बारिश, तेज हवाएं और समुद्री लहरों का खतरा है।

# एक दिसंबर से कोरला नाका बंद होने से चीन-नेपाल व्यापार पर संकट

**एजेंसी, काठमांडू**

**नेपाल** और चीन को जोड़ने वाला प्रमुख सड़क मार्ग पहले से ही बाढ़ के कारण अवरुद्ध हैं। अब अत्यधिक ठंड के कारण चीनी पक्ष ने मुस्तांग स्थित कोरला नाका को अगले माह 1 दिसंबर से बंद करने का निर्णय लिया है, ऐसे में व्यापारियों की चिंता और बढ़ गई है।

नेपाल उद्योग वाणिज संघ के अध्यक्ष केंद्र ढकाल ने कहा कि रसुवा और तातोपानी नाका के लंबे समय से बंद रहने के कारण त्यौहारों के लिए चीन से मंगाए गए अरबों रुपये मूल्य के सामान तिब्बत में ही अटके हुए थे, जिससे व्यापारी गंभीर संकट में पड़ गए थे। कोरला नाका दूरी में अधिक होने से यह मार्ग व्यापार के लिए अपेक्षाकृत महंगा है। वर्तमान में रसुवा नाका पूरी तरह से बंद है, जबकि तातोपानी नाके से चीन की ओर से प्रतिदिन केवल पांच से दस कंटेनर नेपाल भेजे जा रहे हैं। नेपाल चीन व्यापार सांझ के अध्यक्ष त्रिभुवन तुलाधर ने बताया कि नेपाल के हजारों कंटेनर अब भी तिब्बत की ओर फंसे हुए हैं। कई व्यापारियों ने अतिरिक्त भाड़ा चुकाकर अपने कंटेनरों को तातोपानी से कोरला मार्ग की ओर मोड़ा था। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### 'ऑल इंडिया गवर्नर्स गोल्ड कप' 16 नवंबर से गंगटोक में

एजेंसी, गंगटोक। सिक्किम फुटबॉल संघ (एसएफए) ने रविवार को घोषणा की कि 'ऑल इंडिया गवर्नर्स गोल्ड कप' टूर्नामेंट 16 से 29 नवंबर तक यहां पलजोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और सिक्किम ओलंपिक संघ (एसओए) से मान्यता प्राप्त इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी। प्री-क्वालिफाइंग दौर 16 नवंबर से शुरू होगा, जबकि प्री-क्वार्टर फाइनल 18 नवंबर से खेले जाएंगे। क्वार्टर फाइनल 22 नवंबर से 25 नवंबर तक होंगे, जबकि सेमीफाइनल 26 और 27 नवंबर को होंगे। फाइनल 29 नवंबर को खेला जाएगा। सभी मैच एआईएफएफ के नियमों के अनुसार कृत्रिम टर्फ पर खेले जाएंगे और एसएफए के पास जरूरत पड़ने पर मैचों को पुनर्निर्धारित करने का अधिकार होगा। (अनंत ज्ञान)

### अर्जुन बाबूता एयर राइफल के फाइनल में सातवें स्थान पर

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबूता ने काहिरा में चल रही अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) वर्ल्ड चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल के पहले दिन पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में सातवां स्थान हासिल किया। अर्जुन ने क्वालिफिकेशन राउंड में 632.5 अंकों के साथ फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन फाइनल में उन्होंने 145.0 अंक जुटाकर सातवां स्थान प्राप्त किया। इस स्पर्धा में जर्मनी के मैक्सिमिलियन डैलिंगर ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन विक्टर लिंडग्रेन (स्वीडन) ने रजत और ओलंपिक चैंपियन शेंग लिआओ (चीन) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। अर्जुन ने फाइनल की शुरुआत पहले सीरीज में 51.9 (10.6, 9.8, 10.6, 10.5, 10.4) अंकों से की और दूसरे सीरीज में 52.3 (10.6, 10.1, 10.7, 10.2, 10.7) अंक जुटाए। हालांकि 11वें शॉट में 9.7 का स्कोर आने से उनकी रैंकिंग नीचे चली गई और वे दूसरे शूटर के रूप में प्रतियोगिता से बाहर हो गए। इसी बीच पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में भारत के अनिश भंवाला ने 291-11 का शानदार स्कोर बनाकर पहले चरण की क्वालिफिकेशन के बाद सातवां स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा का दूसरा चरण और फाइनल मुकाबला आज खेला जाएगा, जिसमें शीर्ष छह निशानेबाज फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### पिछले एक साल में संघर्षों से उबरने के लिए की कड़ी मेहनत : शेफाली

एजेंसी, चंडीगढ़। भारत की महिला विश्व कप विजेता टीम की सदस्य शेफाली वर्मा ने रविवार को कहा कि पिछले एक साल में उन्हें काफी संघर्षों का सामना करना पड़ा और उन्होंने अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए 'कड़ी मेहनत' की और टीम को ऐतिहासिक विश्व कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। चोटिल प्रतिका रावल की जगह टीम में शामिल की गई 21 वर्षीय शेफाली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में मेजबान टीम की 52 रन की जीत के दौरान 87 रन की पारी खेलने के अलावा 36 रन देकर दो विकेट भी चटकाए जिसके लिए उन्हें मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। शेफाली ने यहां एक सम्मान समारोह के बाद संवाददाताओं से कहा, "पिछला एक साल मेरे लिए बहुत कठिन रहा। मुझे बहुत संघर्षों का सामना करना पड़ा लेकिन मैं कड़ी मेहनत करती रही और ईश्वर ने मेरी मेहनत का फल मुझे दिया।" (अनंत ज्ञान)

### अपसरा से कम नहीं हेना कुर्तागीक

बेलग्रेड में जन्मी हेना कुर्तागीक एक सर्बियाई वॉलीबॉल खिलाड़ी है, जिन्हें मिडिल ब्लॉकर के रूप में उनकी दक्षता के लिए जाना जाता है। 1.80 मीटर लंबी कुर्तागीक क्लब और राष्ट्रीय टीम प्रतियोगिताओं में एक मजबूत उपस्थिति रही है।



## टी20 आखिरी ओवर में 12 रन नहीं बना सकी वेस्टइंडीज

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 9 रन से हराया



एजेंसी, नेलसन (न्यूजीलैंड)

कीवी टीम सीरीज में 2-1 से आगे न्यूजीलैंड ने रविवार को नेलसन में खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 9 रन से हरा दिया। कीवी टीम ने इसी के साथ 5 मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। न्यूजीलैंड टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 178 रन बनाए, जिसके जवाब में कैरेबियाई टीम 19.5 ओवर में 168 रन पर ऑलआउट हो गई।

वेस्टइंडीज को आखिरी ओवर में जीत के लिए 12 रन की जरूरत थी, लेकिन टीम यह टारगेट हासिल नहीं कर सकी। अब दोनों टीमें चौथा टी-20 मुकाबला कल यानी 10 नवंबर को नेल्सन में ही खेलेंगी, जहां वेस्टइंडीज सीरीज में बराबरी की कोशिश करेगी।

वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी-20 में डेवोन कॉन्वे और टिम रॉबिन्सन ने न्यूजीलैंड के लिए जबरदस्त शुरुआत की। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 47 रन की पार्टनरशिप हुई। हालांकि, रॉबिन्सन 21 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हुए। इसके अलावा कॉन्वे ने 34 गेंद में 56 रन की पारी खेली। चौथे नंबर पर बैटिंग करने उतरे डेरिल मिचेल ने भी 24 गेंद में 41 रन की पारी खेली, जबकि रचिन रवींद्र ने 15 गेंद में 26 रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के लिए मैथ्यू फोर्ड और जेसन होल्डर ने 2-2 विकेट झटके। रोमारियो शेफर्ड और शमर स्प्रिंग्स को 1-1 मिला।

178 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर अमीर जंगू 13 रन के स्कोर पर आउट हो गए। जंगू (5) को जैकब डफी ने बोल्ड कर दिया। दूसरा विकेट 15 रन के स्कोर पर गिरा। शाई होप (1) को ईश सोढ़ी ने आउट किया। इसके बाद एकीम ऑगस्टे और एलिक एथानजे ने पारी को संभालने का काम किया, लेकिन कीवी गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज के लिए एक भी पार्टनरशिप को मजबूत नहीं होने दिया। ऐसे में टीम ने 88 रन के स्कोर पर अपने 8 विकेट गंवा दिए।

लेकिन, लोअर ऑर्डर में रोमारियो शेफर्ड ने 49 और शमार स्प्रिंग्स ने 20 गेंद में 39 रन की पारी खेलकर मैच को रोमांचक बनाया दिया। हालांकि, इसके बावजूद टीम आखिरी ओवर में 12 रन नहीं बनी सकी और मैच 9 रन से हार गई। ईश सोढ़ी ने 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इसके अलावा डफी ने भी 3 विकेट लिए। इन दोनों के बाद काइल जैमीसन, माइकल ब्रेसवेल और कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी एक-एक विकेट अपने नाम किए। (अनंत ज्ञान)

## सुंदर को ऑस्ट्रेलिया में 'इंपैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना

एजेंसी, ब्रिसबेन

भारतीय हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर को ऑस्ट्रेलिया में टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में टीम की 2-1 की जीत के बाद 'इंपैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा रविवार को पोस्ट किए गए 'ड्रेसिंग रूम बीटीएस' शीर्षक वाले वीडियो में जब टीम परिचालन प्रबंधक (सीओओ) राहिल खाजा ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया तो सुंदर मुस्कुराते हुए नजर आए।



26 साल के सुंदर ने सीरीज के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, "यहां आना और ऑस्ट्रेलिया में खेलने का मौका मिलना अद्भुत है। टीम की जीत में योगदान देकर मुझे बहुत खुशी हुई।" भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में जीत के दौरान सुंदर के प्रदर्शन ने टीम के लिए उनकी उपयोगिता साबित की।

होबार्ट में तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हालांकि, सुंदर को गेंदबाज के रूप में इस्तेमाल नहीं किया गया था और उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा गया। इसमें उन्होंने 23 गेंद में चार छक्कों और तीन चौकों की मदद से 49 रन बनाकर मैच विजयी पारी खेली और भारत को पांच विकेट से जीत दिलाई जिससे सीरीज 1-1 से बराबर हो गई। फिर चौथे मैच में उन्हें अंतिम ओवरों तक गेंद नहीं दी गई, लेकिन उन्होंने दो ओवरों में पांच गेंदों पर तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को ढेर कर दिया, जिससे भारत 48 रन से जीत गया। इस जीत ने आखिर में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम को सीरीज 2-1 से जीतने में मदद की क्योंकि शनिवार को गाबा में पांचवां मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।

सुंदर ने टीम के सीओओ खाजा के योगदान की सराहना करते हुए कहा, "उनसे यह पदक पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। हम जानते हैं कि वह (खाजा) हमारे कई कामों को आसान बनाने के लिए हर दिन कितनी मेहनत करते हैं।" भावुक खाजा ने भी अपनी खुशी साझा की। 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' एक अपेक्षाकृत नया सम्मान है जिसे बीसीसीआई ने द्विपक्षीय सीरीज में निर्णायक योगदान देने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए शुरू किया है। (अनंत ज्ञान)

## एनएसडब्ल्यू ओपन स्क्वाश के फाइनल में हारी रथिका सीलन

एजेंसी, सिडनी



भारत की रथिका सुथांथीरा सीलन रविवार को एनएसडब्ल्यू ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के पांच गेम तक चले कड़े मुकाबले में कनाडा की शीर्ष वरीयता प्राप्त इमान शाहीन से हार गई।

दूसरी वरीयता प्राप्त और दुनिया की 180वें नंबर की खिलाड़ी 24 वर्षीय रथिका ने अपने चौथे पीएसए फाइनल में तीसरा और चौथा गेम जीतकर चैलेंजर टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले को बेहद रोमांचक बना दिया। हालांकि, कनाडा की खिलाड़ी ने निर्णायक गेम में वापसी करते हुए 61 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 11-8, 11-3, 4-11, 10-12, 12-10 से जीत हासिल की। इससे पहले शनिवार को रथिका ने न्यूजीलैंड की छठी वरीयता प्राप्त एम्मा मर्सन को सीधे गेम में हराकर अपने चौथे पीएसए फाइनल में प्रवेश किया था। वहीं, स्प्रिंगफील्ड (अमेरिका) में पांचवीं वरीयता प्राप्त और दुनिया के 51वें नंबर के खिलाड़ी वीर चोटरानी ने पीएसए कॉपर टूर्नामेंट सेंट जेम्स एक्सप्रेशन ओपन के सेमीफाइनल में विश्व के 32वें नंबर के खिलाड़ी और तीसरी वरीयता प्राप्त टिमोथी ब्राउनेल को 11-8, 11-8, 11-4 से हरा दिया। इससे फाइनल में चोटरानी का सामना मेक्सिको के शीर्ष वरीयता प्राप्त लियोनेल कार्डेनास से होगा। (अनंत ज्ञान)

## वर्ल्डकप जीतने के बाद जेमिमा की डब्ल्यूबीबीएल में **खराब शुरुआत**

एजेंसी, ब्रिस्बेन

पिछले हफ्ते भारत को वुमंस वनडे वर्ल्ड कप जिताने वाली जेमिमा रोड्रिग्स की कॉम्पिटीटिव क्रिकेट में वापसी निराशाजनक रही है। वे रविवार को ऑस्ट्रेलियाई में चल रही महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ 6 रन ही बना पाईं। उनकी टीम ब्रिस्बेन हीट 7 विकेट से हार गई। 33 साल की जेमिमा 9 गेंद खेलने के बाद एलिस कैप्सी की गेंद पर बैकवर्ड पॉइंट पर डिएंड्रा डॉटिन के हाथों कैच आउट हो गईं। जेमिमा ने 2 नवंबर को भारतीय टीम की ओर से विमेंस वनडे वर्ल्ड कप जीता था। भारत ने साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराया। जेमिमा ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 127 रन की पारी खेली थी। उन्होंने उस पारी के बाद अंदाज में कहा कि मुझे लगा कि उस पारी के ऑस्ट्रेलियन मुझे बॉर्डर पार नहीं करने देंगे।



मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ 6 रन बनाकर हुई आउट

रोड्रिग्स की इस वापसी ने उनके बढ़ते फैंस को निराश किया, लेकिन उनकी मौजूदगी ने मुकाबले में स्टार वैल्यू का तड़का लगाया। ब्रिस्बेन हीट ने अपने 'एक्स' हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें जेमिमा मुस्कुराते हुए मैदान की ओर जाती दिखाई दे रही हैं। जेमिमा ने इस वीडियो में कहा में यहां ब्रिस्बेन में हूं, क्या आप यकीन कर सकते हैं, आज के लिए बहुत उत्साहित हूं, चलो शुरू करते हैं। हीट के लिए नादिन डी क्लार्क (38 गेंदों पर 40) और चिनेल हेनरी (22 गेंदों पर 29) ने डटकर सामना किया लेकिन रेनेगेड्स के स्पिनरों ने मैच पर दबदबा बनाए रखा और टीम की पारी 20 ओवर में 133 रन पर ही सिमट गई। रेनेगेड्स की कप्तान जॉर्जिया वेयरहैम (12 रन पर तीन विकेट) और कैप्सी (22 रन पर तीन विकेट) ने बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया जबकि टेस फ्लिंटॉफ (30 रन पर तीन विकेट) आखिरी ओवरों में हीट को वापसी का मौका नहीं दिया।

बारिश से प्रभावित मैच में रेनेगेड्स को जीत के लिए आठ ओवर में 66 रन का संशोधित लक्ष्य मिला, जिसे टीम ने 7.3 ओवरों में हासिल कर लिया। (अनंत ज्ञान)

## एमएलएस कप : मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ईस्ट सेमीफाइनल में

एजेंसी, फोर्ट लाउडरडेल (अमेरिका)। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के दो गोल और दो गोल में मदद करने से इंटर मियामी को ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस प्लेऑफ सीरीज के पहले दौर के निर्णायक तीसरे मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त नैशविले एससी को 4-0 से हराकर ईस्ट सेमीफाइनल्स में पहुंच गया। इससे अब मेसी और इंटर मियामी एमएलएस कप खिताब से तीन जीत दूर हैं।



मेसी ने पहले हाफ में दो गोल दागे, जबकि तादेओ अलेंदे को दूसरे हाफ में दो गोल करने में मदद की। इस तरह इंटर मियामी ने सीरीज में नैशविले को 8-3 से हरा दिया। मेसी ने इन सभी आठ गोल में योगदान दिया जिनमें से पांच गोल उन्होंने किए और बाकी तीन गोल करने में मदद की। इंटर मियामी अब ईस्ट सेमीफाइनल मैच के लिए एफसी सिनसिनाटी से भिड़ेगा। यह नॉकआउट होगा। इंटर मियामी और सिनसिनाटी का विजेता ईस्ट फाइनल में शीर्ष वरीय फिलेडेल्फिया यूनियन और पांचवें वरीय न्यूयॉर्क सिटी एफसी के बीच होने वाले विजेता से भिड़ेगा। एमएलएस कप फाइनल छह दिसंबर को होगा। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलियाई फॉरवर्ड विलियम्स भारतीय फुटबॉल टीम के शिविर में हुए शामिल

एजेंसी, नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता को छोड़कर भारतीय नागरिकता लेने वाले फॉरवर्ड रेयान विलियम्स मुख्य कोच खालिद जमील की देखरेख में बेंगलुरु में चल रही राष्ट्रीय टीम के शिविर में शामिल हो गये। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने रविवार को यह जानकारी दी। पर्थ में जन्में 32 वर्षीय इस खिलाड़ी ने डिफेंडर जय गुप्ता के साथ शिविर में प्रवेश किया।

एआईएफएफ ने एक्स पर लिखा, "फॉरवर्ड रेयान विलियम्स और डिफेंडर जय गुप्ता बेंगलुरु में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के शिविर में शामिल हो गए हैं।" भारतीय फुटबॉल के लिए इस नयी पहल के तहत एआईएफएफ ने इस हफ्ते की शुरुआत में दो विदेशी खिलाड़ियों (विलियम्स और अबनीत भारती) को 18 नवंबर को ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ एएफसी एशियाई कप क्वालिफायर से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिए शामिल किया। यह कदम मुश्किल दौर से गुजर रही महासंघ के दृष्टिकोण में एक साहसिक बदलाव को दर्शाता है, जिससे भारतीय मूल के खिलाड़ियों और देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए विदेशी नागरिकता छोड़ने को तैयार खिलाड़ियों के लिए दरवाजे खुल गए हैं। शिविर वीरवार को बेंगलुरु में शुरू हुआ। विलियम्स को भारतीय नागरिकता सौंपने का समारोह दिग्गज सुनील छेत्री द्वारा बेंगलुरु एफसी के प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया था। वह इंडियन सुपर लीग में बेंगलुरु एफसी के लिए खेलते हैं। विलियम्स को भारतीय नागरिकता सौंपने का समारोह दिग्गज सुनील छेत्री ने बेंगलुरु एफसी के प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया। वह इंडियन सुपर लीग में बेंगलुरु एफसी के लिए खेलते हैं। (अनंत ज्ञान)

## हांगकांग सिक्सेस

## कुवैत को हराकर पाक छठी बार बना चैंपियन

एजेंसी, लाहौर। रविवार को मांगकोक के मिशन रोड ग्राउंड में खेले गए हांगकांग सिक्सेस के खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान ने कुवैत को 43 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 6 ओवर में 3 विकेट गंवाकर 135 रन बनाए। जवाब में कुवैत की टीम 5.1 ओवर में 92 रन पर ढेर हो गई। पाकिस्तान ने 43 रन से यह मुकाबला जीत, छठी बार हांगकांग सिक्सेस का खिताब अपने नाम किया। पाकिस्तान ने 14 साल का सूखा खत्म करते हुए फिर से ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया है।

इससे पहले 1992, 1997, 2001, 2002 और 2011 में पाकिस्तान चैंपियन रही थी। पाकिस्तान ने जो 6 खिताब जीते हैं, उसमें से 3 बार फाइनल में इंग्लैंड को हराया है। इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका की टीमें 5-5 बार खिताब जीत चुकी हैं। 2024 की चैंपियन श्रीलंका ने 2 बार खिताब जीता है, तो भारत, वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया एक-एक बार चैंपियन रही हैं। बता दें कि पाकिस्तान की टीम इस टूर्नामेंट के न सिर्फ सबसे ज्यादा बार जीतने वाली टीम है, बल्कि 21 में से 12 बार वे फाइनल में पहुंची है और 6 बार चैंपियन रही है। (अनंत ज्ञान)

## नोवाक जोकोविच ने एटीपी फाइनल्स से **नाम लिया वापस**

एजेंसी, एथेंस

स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने एथेंस में शानदार जीत दर्ज करने के कुछ घंटों बाद ही एटीपी फाइनल्स से नाम वापस लेने का ऐलान करते हुए फैंस को चौंका दिया। नोवाक जोकोविच ने हेलेनिक चैंपियनशिप में खिताब जीता। 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने करीब 3 घंटों तक चले फाइनल में लोरेंजो मुसेट्टी को 4-6, 6-3, 7-5 से शिकस्त दी। इस दौरान निर्णायक सेट में 13 ब्रेक प्वाइंट और पांच बार सर्विस ब्रेक शामिल थे। मुसेट्टी को एटीपी टूर फाइनल में लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने साल 2022 में हैम्बर्ग और नेपल्स में अपने पहले दो खिताब जीते थे।

जीत के बाद जोकोविच ने सोशल मीडिया पर एटीपी फाइनल्स से नाम वापस लेने की घोषणा करते हुए कहा कि मुझे दुख है कि चोट की वजह से एटीपी फाइनल्स से हटना पड़ रहा है। मुझे स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी होगी। मैं उन फैंस से माफी चाहता हूं, जो मुझे खेलते हुए देखने की उम्मीद कर रहे थे। आपका समर्थन मेरे लिए बहुत मायने रखता है। इस फैसले के बाद मुसेट्टी अब उनकी जगह ट्यूरिन में खेले जाने वाले एटीपी फाइनल्स में शामिल होंगे। इससे पहले साल 2024 में भी जोकोविच चोटिल होने की वजह से यह टूर्नामेंट मिस कर चुके हैं।

हार्ड कोर्ट पर अपने 72वें टूर-स्तरीय खिताब के साथ जोकोविच ने ओपन एरा में सर्वाधिक खिताब जीतने के मामले में रोजर फेडरर की बराबरी कर ली है।

जीत के बाद नोवाक जोकोविच ने कहा कि मैं यह जीत ग्रीस के लोगों को समर्पित करता हूं। आप मेरा समर्थन करते हैं। आप टेनिस का समर्थन करते हैं। आपने मुझे घर जैसा महसूस कराया है। यह जीत यहां इतने सारे परिवारों के साथ और भी खास लगती है। इस खूबसूरत टूर्नामेंट को इतना खास बनाने वाले सभी लोगों का भी बहुत-बहुत आभार। जोकोविच ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'मुसेट्टी, क्या शानदार मुकाबला था। अविश्वसनीय प्रदर्शन और टूर्नामेंट के लिए बधाई। इसे जारी रखो, तुम्हारा भविष्य उज्ज्वल है।' (अनंत ज्ञान)

## वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश वर्ल्ड कप से बाहर

एजेंसी, नई दिल्ली। ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंधा ने मैच के मध्य में हासिल की गई छोटी-सी बढ़त का भरपूर लाभ उठाते हुए आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर रॉबर्ट होवहानिस्यान को पराजित कर दिया। इससे शनिवार को यहां चल रहे फिडे विश्व कप 2025 के चौथे राउंड में चार भारतीय खिलाड़ियों ने प्रवेश पक्का कर लिया, जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

**जर्मनी के फ्रेडरिक स्वेन ने तीसरे दौर में हराया**

प्रज्ञानंधा को तीसरे राउंड तक पहुंचने के लिए लंबा टाईब्रेक खेलना पड़ा था और काले मोहरों से पहला गेम ड्रॉ करने के बाद वे मुश्किल स्थिति में फंस गए थे, क्योंकि होवहानिस्यान ने उनकी शुरुआती बढ़त को बेअसर कर दिया था, लेकिन भारत के तीसरे सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी ने स्पष्ट रणनीति अपनाई और 27वीं चाल में रानी तथा हाथी की मदद से काले मोहरों के राजा पर दबाव बनाकर मैच पर कब्जा जमा लिया। आर्मेनियाई खिलाड़ी ने आखिरकार 42 चालों के बाद हार स्वीकार कर ली। फिडे विश्व कप 2025 के तीसरे राउंड में कुल 10 भारतीय खिलाड़ी पहुंचे थे। यह सिंगल-एलिमिनेशन नॉकआउट टूर्नामेंट है, जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी भारत के दिग्गज विश्वनाथन आनंद के नाम पर रखे गए प्रतिष्ठित आनंद कप के लिए मुकाबला कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## टेनिस फाइनल में वर्ल्ड नंबर-वन आर्यना सबालेंका को सीधे सेटों में हराया

# एलिना राइबकिना ने डब्ल्यूटीए फाइनल जीता

एजेंसी, नई दिल्ली



कजाकिस्तान की टेनिस खिलाड़ी एलिना राइबकिना ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस ईयर एंडिंग टूर्नामेंट के फाइनल में छठी सीड राइबकिना ने वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका को लगातार सेट में 6-3, 7-6 से हराया।

26 साल की राइबकिना पहली बार यह खिताब जीतने में सफल रहीं। उन्होंने टूर्नामेंट में सभी पांचों मुकाबले जीते। इसी के साथ उन्हें 46 करोड़ रुपए की प्राइज मनी मिली। राइबकिना ने टूर्नामेंट में वर्ल्ड नंबर-1 (सबालेंका) और वर्ल्ड नंबर-2 (इगा स्वातेक) दोनों को हराया। यह उनके करियर का 11वां टाइटल है। उन्होंने इस साल तीसरी बार कोई ट्रॉफी उठाई। तीन साल में पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स में सबालेंका पहुंची थी सबालेंका ने शनिवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 3-6, 6-3 से हरा कर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया था। वह तीन साल में पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स के खिताब के लिए क्वालिफाई किया। सेमीफाइनल के पहले सेट में उन्होंने अनिसिमोवा को 6-3 से आसानी से हराया। हालांकि, दूसरे सेट में अनिसिमोवा ने शानदार वापसी की और 3-6 से यह सेट अपने नाम किया। निर्णायक तीसरे सेट में सबालेंका ने 4-3 की बढ़त लेकर जीत सुनिश्चित की। मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि अगर मैं हार भी जाती तो भी फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि यह एक शानदार मैच था। दोनों खिलाड़ियों ने फाइनल में जगह बनाने के लायक प्रदर्शन किया। जीतकर मैं बहुत खुश हूं। (अनंत ज्ञान)

### राइबकिना पहली बार फाइनल में पहुंची

राइबकिना ने दूसरे सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर 5 जेसिका पेगुला को 4-6, 6-4, 6-3 से मात दी। वह पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स में पहुंचीं। राइबकिना ने जीत के बाद कहा कि मैच की शुरुआत कठिन थी, लेकिन दूसरे सेट में मैं वापसी करने में सफल रही। निर्णायक सेट में मेरी सर्विस ने मुझे सही समय पर मदद की।